


वर्ष : 3 अंक: 43 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शनिवार, 2 अक्तूबर 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## स्वच्छता जीवनशैली है, स्वच्छता जीवन मंत्र है: मोदी

### पीएम ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 और अमृत 2.0 मिशन का शुभारंभ किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें ये याद रखना है कि स्वच्छता, एक दिन का, एक पखवाड़े का, एक साल का या कुछ लोगों का ही काम है, ऐसा नहीं है। स्वच्छता हर किसी का, हर दिन, हर पखवाड़े, हर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला महाअभियान है। स्वच्छता जीवनशैली है, स्वच्छता जीवन मंत्र है। स्वच्छ भारत अभियान और अमृत मिशन की अब तक की यात्रा हर देशवासी को गर्व से भर देने वाली है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 और अमृत 2.0 का शुभारंभ करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को बधाई दी।

पीएम मोदी ने कहा कि साल 2014 में देशवासियों ने भारत को खुले में शौच से मुक्त करने का संकल्प लिया था। 10 करोड़ से ज्यादा शौचालयों के निर्माण के साथ देशवासियों ने ये संकल्प पूरा किया। अब स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 का लक्ष्य है कचरा मुक्त शहर, कचरे के ढेर से पूरी तरह मुक्त शहर बनाना है। पीएम मोदी ने कहा कि अमृत मिशन देशवासियों की और मदद करने वाला है। शहरों में शत-प्रतिशत लोगों की साफ पानी तक पहुंच हो। शहरों में सीवेज का बेहतरीन प्रबंधन हो। इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिशन अमृत के अगले चरण में देश का लक्ष्य है- सीवेज और सेप्टिक मैनेजमेंट बढ़ाना, अपने शहरों को जल सुरक्षित शहर बनाना और ये सुनिश्चित करना कि हमारी नदियों में कहीं पर भी कोई गंदा नाला न गिरे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और अमृत मिशन की अब तक की यात्रा वाकई हर देशवासी को गर्व से भर देने वाली है। इसमें मिशन भी है, मान भी है, मर्यादा भी है, एक देश की महत्वाकांक्षा भी है और मातृभूमि के लिए अप्रतिम प्रेम भी है। देश ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से जो हासिल किया है वो हमें आश्वस्त करता है कि हर भारतवासी अपने कर्तव्यों के लिए कितना संवेदनशील है। पीएम मोदी ने कहा कि हर सफलता में भारत के हर नागरिक का योगदान है, सबका परिश्रम है, सबका पसीना है। हमारे स्वच्छताकर्मी, हमारे सफाई मित्र हर रोज झाड़ू उठाकर सड़कों को साफ करने वाले हमारे भाई-बहन कूड़े के बदबू को बर्दाश्त करते हुए कचरा साफ करने वाला हमारे साथी सच्चे अर्थ में इस अभियान के महानायक हैं। कोरोना के कठिन समय में उनके योगदान को देश ने करीब से देखा है, अनुभव किया है।

इस दौरान पीएम मोदी ने बाबा साहेब का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब, असमानता दूर करने का बहुत बड़ा माध्यम शहरी विकास को मानते थे। बेहतर जीवन की आकांक्षा में गांवों से बहुत से लोग शहरों की तरफ आते हैं। हम जानते हैं कि उन्हें रोजगार तो मिल जाता है लेकिन उनका जीवन स्तर गांवों से भी मुश्किल स्थिति में रहता है। उन्होंने कहा कि ये उन पर एक तरह से दोहरी मार की तरह होता है। एक तो घर से दूर, और ऊपर से ऐसी स्थिति में रहना। इस हालात को बदलने पर, इस असमानता को दूर करने पर बाबा साहेब का बड़ा जोर था। स्वच्छ भारत मिशन और मिशन अमृत का अगला चरण, बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने की दिशा में भी एक अहम कदम है।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के इस 75वें साल में देश ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ ही सबका प्रयास का आह्वान भी किया है। सबका प्रयास की भावना स्वच्छता के लिए भी उतनी ही जरूरी है। आपमें से कई लोग दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में ज़रूर गए होंगे, आदिवासी समाज के पारंपरिक घरों को जरूर देखा होगा। कम संसाधनों के बावजूद उनके घरों में स्वच्छता और सौंदर्य को देखकर हर कोई आकर्षित हो जाता है। ऐसे ही आप उत्तर पूर्वी राज्य में जाइये, हिमाचल या उत्तराखंड के पहाड़ों पर जाइये। पहाड़ों पर छोटे-छोटे घरों में साफ-सफाई की वजह से एक अलग तरह की ऊर्जा प्रवाहित होती है। उन्होंने कहा कि निर्मल गुजरात अभियान जब जन-आंदोलन बना था, तो उसके बहुत अच्छे परिणाम भी मिले। इससे गुजरात को नई पहचान तो मिली ही, राज्य में पर्यटन भी बढ़ा। जन-आंदोलन की ये भावना स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का आधार है।

## किसान महापंचायत के प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट की नाराज, कहा- आपने पूरे शहर का गला घोंट दिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कृषि कानूनों के विरुद्ध लामबंद किसान संगठनों ने जंतर-मंतर पर धरने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान शीर्ष कोर्ट ने किसानों के सड़कों पर चल रहे प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए किसान महापंचायत को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि पूरे शहर (दिल्ली) का गला घोंट दिया और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि आपने शहर का गला घोंट दिया है और अब आप शहर के अंदर आकर विरोध करना चाहते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि प्रदर्शनकारी संपत्ति को नष्ट कर रहे हैं और सुरक्षाकर्मियों को परेशान करते भी देखे गए।

शीर्ष अदालत ने किसान महापंचायत से पूछा कि आप लोग सुरक्षा कर्मियों की आवाजाही, ट्रेन और हाईवे को रोक रहे हैं। ऐसे में इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है। इसके अलावा कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आपको जो कुछ भी कहना है उसपर हलफनामा दायर करें। अब इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी। याचिका में अदालत से आग्रह किया गया कि किसान महापंचायत के कम से कम 200 लोगों को अहिंसक सत्याग्रह करने के वास्ते जंतर मंतर पर स्थान उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया जाना चाहिए। अधिवक्ता अजय चौधरी के माध्यम से दायर याचिका में केंद्र, दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली के पुलिस आयुक्त को प्रतिवादी बनाया गया है।

वहीं एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने किसानों द्वारा सड़क बाधित किए जाने के मदेनजर गुरवार को सवाल किया कि राजमार्गों को हमेशा के लिए बाधित कैसे किया जा सकता है। इसने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शनों के संबंध में न्यायालय द्वारा बनाए गए कानून को लागू करना कार्यपालिका का कर्तव्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### त्यौहार के मौसम में कोरोना को लेकर सतर्क रखे , मॉस्क पहने सामाजिक दूरी रखे: भारत सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र की मोदी सरकार ने कहा है कि देश में 18 जिले हैं, जहां पर साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 5-10 फीसदी बना हुआ है।केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने देश में कोरोना की स्थिति को लेकर जानकारी देकर कहा कि देश में कोरोना के मामलों में कमी आ रही है, लेकिन केरल में अभी भी सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए जा रहे हैं। भूषण ने बताया कि देश भर में सक्रिय मामलों की संख्या में कमी देखी जा रही है, साथ ही रिकवरी रेट भी लगातार बढ़ रहा है।केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि देश में रिकवरी रेट 98 फीसदी तक पहुंच चुका है। भूषण ने जानकारी दी कि देश में साप्ताहिक सक्रियता दर 5-10 फीसदी है। भूषण ने कहा कि त्यौहारों का मौसम आ रहा है, हम सभी से अपील करते हैं कि वह भीड़ से दूर रहें और शारीरिक दूरी बनाए रखें और फेस मास्क का इस्तेमाल करें।स्वास्थ्य सचिव ने यह भी हिदायत दी कि लोग कोविड के अनुकूल व्यवहार का पालन करते हुए त्यौहार मनाएं। केंद्रीय सचिव ने कहा कि केरल में सबसे ज्यादा 1,44,000 सक्रिय मामले हैं, जो कि देश के कुल सक्रिय मामलों का 52 फीसदी हैं।महाराष्ट्र में 40,000 सक्रिय मामले हैं।तमिलनाडु में 17,000 सक्रिय केस हैं, मिजोरम में 16,800 सक्रिय केस है, कर्नाटक में 12,000 और आंध्र प्रदेश में 11,000 से कुछ ज्यादा मामले हैं।

### एनसीआर में बगैर हाई सिक्योरिटी नबंर प्लेट के वाहन चलाना पडेगा मंहगा

दिल्ली, एजेंसी। अब आपको एनसीआर में बगैर हाई सिक्योरिटी नबंर प्लेट के वाहन चलाना महंगा पडेगा । पकडे जाने पर परिवहन विभाग द्वारा मोटा चालान काटा जाएगा। अगर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) नहीं लगी है तो एक अक्तूबर से परिवहन विभाग चालान की कार्रवाई शुरू कर देगा। अभी तक सरकार ने एचएसआरपी विहीन वाहनों को 30 सितंबर तक की छूट दी थी, जिसे सरकार ने आगे नहीं बढ़ाया है। हालांकि जिले में अभी तक केवल 30 फीसदी वाहनों में ही एचएसआरपी लगी है। एचएसआरपी लगवाने के लिए डेढ़ महीने आगे का स्लाट मिल रहा है।ऑटोमोबाइल्स एसोसिएशन मेरठ का कहना है कि अभी तक शहर के करीब 30 फीसदी वाहनों ने ही एचएसआरपी लगवाई है। अधीकृत साइट पर एचएसआरपी के लिए तेजी से बुकिंग की जा रही है। एचएसआरपी के लिए लोगों को डेढ़ महीने तक का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में बिना एचएसआरपी वाहन स्वामियों को दिक्कत हो सकती है। वही आरआई तकनीकी कुलदीप सिंह ने बताया कि वाहनों में एचएसआपी लगवाने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया गया था, जिसे विभाग ने अभी तक आगे नहीं बढ़ाया है। ।एक अक्तूबर से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी जिन पर एचएसआरपी नहीं लगी होगी।

## चीन के सैन्य हेडक्वार्टर में पाक अफसरों की तैनाती भारत के लिए बन सकती है मुसीबत का सबब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए चीन से बुरी खबर आ रही है। चीन और पाकिस्तान दोनों देश एक दूसरे को ऑल वेदर फ्रेंड की संज्ञा देते हैं। खुफिया रिपोर्ट के अनुसार पहले तो इन दोनों देशों के बीच मजूबत संबंध थे लेकिन अब सेना के साथ साथ खुफिया एजेंसियों के बीच भी तालमेल बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार चीनी पीएलए के हेडक्वार्टर में पाकिस्तानी सैन्य अफसर की तैनाती के बाद अब चीनी इंटेलिजेंस एजेंसी के दफ्तर में भी पाक सेना के अफसर की तैनाती कर दी गई है। यह बदलाव साफ संकेत दे रहा है कि पीएलए और पाकिस्तान सेना के बीच सहयोग अब एकीकरण में बदल गया है। खुफिया जानकारियों को साझा करने के दोनों देशों के बीच के समझौते के चलते पीएलए हेडक्वार्टर (ज्वाइंट स्टाफ डिपार्टमेंट) और मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट सिक्योरिटी यानी कि चीन की इंटेलिजेंस एजेंसी (एमएसएस) में ही पाकिस्तान के कर्नल रैंक के एक-एक अधिकारी को तैनात किया गया है।

इससे पहले सिर्फ पीएलए हेडक्वार्टर में ही पाक सैन्य अफसर की तैनाती की गई थी। सूत्रों के मुताबिक पाक सेना के दो लाइजनिंग अफसर वेस्टर्न थियेटर कमांड जो कि भारतीय सीमा से लगती है और साउथ थियेटर कमांड के हेडक्वार्टर में भी तैनात किए गए हैं और पिछले कुछ समय में पीएलए के अलग-अलग फार्मेशन में पाकिस्तानी सैन्य अफसरों की तैनाती कई गुना बढ़ गई है। बीजिंग के पाकिस्तानी दूतावास में तो डिफेंस अटैच के अलावा एक दर्जन से अधिक सैन्य अफसरों की मौजूदगी है। सूत्रों के मुताबिक ये सभी चीन के साथ हो रहे सैन्य समझौते और अन्य प्रोजेक्ट के संबंध में लाइजनिंग के लिए मौजूद हैं। जानकारों का मानना है कि चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट रोड इनिशियेटिव का हिस्सा चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा पर काम जारी है और उसी के चलते चीन पाकिस्तान की आर्थिक और सैन्य मदद में जुटा है। गिलगित बालटिस्तान में मौजूद स्कार्दू एयर बेस पर नए रनवे का काम हो या फिर फाइटर एयरक्राफ्ट, ड्रोन, रडार, एयर डिफेंस सिस्टम की सप्लाई हो या फिर बिजली उत्पादन के लिए बड़े डैम बनाना। ये सभी काम सुचारू रूप से चलें और पाकिस्तान के हितों को कोई नुकसान न हो इसको मॉनिटर करने के लिए सैन्य अफसरों की तैनाती पाकिस्तान के लिए जरूरी थी। साथ ही अफगानिस्तान को पिछले पांच साल से बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल करने की कोशिशों पर जो पूर्णविराम लगा हुआ था वो अफगानिस्तान पर तालिबान के काबिज होने के बाद अब काफी हद तक दूर होता नजर आ रहा है। इस समय पाकिस्तान ही एक ऐसा देश है जो कि चीन के लिए अफगानिस्तान का रास्ता खोल सकता है। लिहाजा चीन ने भी अपनी दोनों बाहें खोलकर अपने सैन्य और इंटेलिजेंस एजेंसियों के दफ़्तरों में पाकिस्तानी अफसरों की एंट्री करा दी। यही नहीं खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी की खुफिया एजेंसी एमएसएस ने तो नेपाल में आईएसआई एजेंटों के साथ सांठ-गांठ की खबरें भी हैं। खुफिया रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है कि भारत और नेपाल की सीमा पर भारतीय तैयारियों और मौजूदगी की जानकारी के लिए चीनी खुफिया एजेंसी नेपाल में मौजूद पाकिस्तानी आईएसआई एजेंटों से जानकारी जुटा रही है।

## फिर एयर इंडिया के मालिक बने टाटा संस



**मुंबई, एजेंसी।** टाटा संस ने कर्ज का सामना कर रही सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया के लिए बोली जीत ली है। एक रिपोर्ट के अनुसार अब टाटा ग्रुप एयर इंडिया का नया मालिक होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रियों के एक पैनल ने एयरलाइन के अधिग्रहण के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। आने वाले दिनों में एक आधिकारिक घोषणा की उम्मीद है। टाटा के साथ सरकार का सौदा पक्का होने से विमानन कंपनी की 67 साल बाद घर वापसी होगी। टाटा समूह ने अक्टूबर 1932 में टाटा एयरलाइंस के नाम से एयर इंडिया की शुरूआत की थी। वर्ष 1947 में देश की आजादी के बाद एक राष्ट्रीय एयरलाइंस की जरूरत महसूस हुई। ऐसे में भारत सरकार ने एयर इंडिया में 49 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया। इसके बाद 1953 में भारत सरकार ने एयर कॉर्पोरेशन एक्ट पास किया और फिर टाटा समूह से इस कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी खरीद ली। सौदे के तहत एयर इंडिया का मुंबई में स्थित हेड ऑफिस और दिल्ली का एयरलाइंस हाउस भी शामिल है। मुंबई के ऑफिस का बाजार मूल्य 1,500 करोड़ रुपए से ज्यादा है। मौजूदा समय में एयर इंडिया 4400 घरेलू उड़ानें और विदेशों में 1800 लैंडिंग और पार्किंग स्लॉट को कंट्रोल करती है। रिपोर्ट के मुताबिक टाटा ग्रुप की बोली सरकार द्वारा तय किए गए रिजर्व प्राइस से करीब 3,000 करोड़ रुपए ज्यादा है। टाटा की बोली स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह द्वारा लगाई गई बोली से लगभग 5,000 करोड़ रुपए अधिक है। सरकारी सूत्रों ने उन रिपोर्ट्स पर प्रतिक्रिया देने से मना कर दिया है, जिसमें रिजर्व प्राइस को 15,000-20,000 करोड़ रुपए बताया गया है।

## कैप्टन अमरिंदर की अगुवाई में पंजाब में कांग्रेस बढ़ी पर नहीं मिली प्रशंसा: मनीष तिवारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब कांग्रेस में चल रहा अंतर्कलह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा यहां संकट बढ़ता ही जा रहा है।एक ओर नवजोत सिंह सिद्धू का कद पार्टी में बढ़ता जा रहा है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री रह चुके कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। अब पंजाब में राजनीतिक संकट और भी ज्यादा गहरा गया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे से कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता खुश नहीं है। वह आने वाले संकट को भांपते हुए अपना अनुमान लगा रहे हैं।कैप्टन अमरिंदर सिंह के पार्टी छोड़ने के बाद नेता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने गुरुवार को कहा कि एआईसीसी में जिन लोगों को पंजाब की जिम्मेदारी दी गई थी, वे पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य की प्रगति की सराहना नहीं कर सके और यही मौजूदा राजनीतिक संकट का कारण है।आनंदपुर साहिब से सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि मोदी लहर के बावजूद 2019 के लोकसभा चुनाव (13 में से 8 सीटों पर जीत) में पंजाब में कांग्रेस के प्रदर्शन ने 2017 के जनादेश की पुष्टि की थी। जहां कांग्रेस हार रही थी वहीं पंजाब में कांग्रेस ने अपना परचम बुलंद रखा था। मोदी लहर का पंजाब मे कोई खास असर नहीं पड़ा था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने मनीष तिवारी एक मीडिया साक्षात्कार में बताया कि कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में पंजाब 'राजनीतिक रूप से स्थिर (और) सही दिशा में आगे बढ़ रहे थे। दुर्भाग्य से, एआईसीसी नेतृत्व में उन लोगों द्वारा इसकी सराहना नहीं की गई।' मई 2021 से पंजाब ने अस्थिरता की परिस्थिति में प्रवेश किया, जो पूरी तरह से अनावश्यक थी और जिन लोगों पर राज्य सरकार का समर्थन करने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने शायद एक सीमावर्ती राज्य को संभालने की संवेदनशीलता की सराहना नहीं की, जिसमें चरमपंथ की अधिकता है और 1980-1995 के बीच 35,000 लोगों की जान लेने वाला आतंकवाद। कैप्टन अमरिंदर सिंह के योगदान को नजर अंदान करने के कारण ही पंजाब में यह स्थिति है।

## देश की सुरक्षा होगी मेरी पहली प्राथमिकता : वायुसेना प्रमुख



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी देश के नए वायुसेना प्रमुख बन चुके हैं। वायुसेना प्रमुख बनने के बाद आज पहली बार उन्होंने देश की सुरक्षा और भारत को लेकर कई बातें कहीं। वायुसेना के नए प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेकराम चौधरी ने कहा कि देश की सुरक्षा को सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता वायुसेना का सही इस्तेमाल करते हुए देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगी। उन्होंने कहा, सही ढ़ंग से ट्रेनिंग, उपलब्ध हथियारों और मैन पावर का समुचित उपयोग करके हम भविष्य में किसी भी युद्ध के लिए अच्छे से तैयार हो सकते हैं। वायु सेना प्रमुख ने यह भी बताया कि वायुसेना में बहुत अधिक क्षमता है और इसमें अधिक सीखने और भविष्य के युद्धों की तैयारी करने में सक्षम होने की क्षमता है। एयर चीफ मार्शल विवेकराम चौधरी ने साथ ही कहा कि आत्मनिर्भरता की तरफ बड़े कदम उठाए जाएंगें जिससे हमें हर तरह से आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिले। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा, भारत की संप्रभुता और अखंडता की किसी भी कीमत पर रक्षा की जाएगी। उन्होंने एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया के रिटायर होने के बाद उनकी जगह ली। सीमाओं पर स्थिति को नियंत्रण में रखने में वायुसेना की भूमिका और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के तरीकों पर उन्होंने कहा कि हमारे सभी वायु योद्धाओं में काफी संभावनाएं हैं, हमारे पास भविष्य के लिए तैयारी करने में सक्षम होने के लिए और अधिक सीखने की क्षमता है। उन्होंने कहा, 'सही ट्रेनिंग के माध्यम से, भविष्य में मिलने वाले और सभी मौजूदा उपकरणों का बेहतर इस्तेमाल करके हम अपने उपकरणों और जवानों का सही इस्तेमाल कर सकते हैं। भविष्य के खतरों के लिए अच्छे से तैयार हो सकते हैं।' नए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जमीन से हवा में मार करने वाले हथियार और कई अन्य उपकरण पाइपलाइन में हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारी सभी खरीद योजनाओं में 'आत्मनिर्भर भारत' का ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे द्वारा उठाए जाने वाले कदम सभी को अच्छी तरह से पता हैं।

## सख्त पाबंदियों के साथ दिल्ली में आयोजित होगी रामलीला, पुतला दहन पर रहेगी रोक



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने सख्त पाबंदियों के बाद राजधानी में दशहरा और दुर्गा पूजा समारोहों के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है वहीं, पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने बयान में साफ कर दिया है कि इस साल शहर में पटाखा प्रतिबंध को देखते हुए पुतला जलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। खबर के मुताबिक, सरकार ने दशहरा के दौरान पुतला जलाने को लेकर कोई विशेष निर्देश की घोषणा नहीं की है। हालांकि, पटाखे को जलाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है तो इसलिए पुतला जलाने पर भी प्रतिबंध लगा रहेगा।

पर्यावरण अधिकारियों के मुताबिक, पुतलों को जलाने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है जो कि पुतलों का ही हिस्सा हैं। बता दें कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डीडीएमए ने बुधवार को ऐलान करते हुए कुछ प्रतिबंधों के साथ सार्वजनिक स्थलों पर रामलीला, दशहरा और दुर्गा पूजा समारोह के होने की अनुमति दे दी है। डीडीएमए ने निर्देश देते हुए कहा कि, इन समारोह का आयोजन कर रहे आयोजकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों की संख्या एक जगह में सीटों की कुल संख्या से अधिक न हो। बता दें कि, इन समारोहों में ने ही मेले और कोई स्टॉल को भी लगाने पर रोक लगा दी है। मास्क पहनने का 100 फीसदी लोग पालन करें और लोगों के प्रवेश और निकास के लिए भी अलग होने चाहिए। गौरतलब है कि, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 15 सितंबर को दिल्ली में पटाखों की बिक्री, स्टोर करके रखना और उनके उपयोग पर पूरी तरह से बैन लगाने की घोषणा की है। केजरीवाल ने कहा कि, दिवाली के दौरान दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में काफी तेजी से वृद्धि होती है जिसको नियंत्रण में लाना काफी आवश्यक है। इसी बीच मंगलवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने इसे अधिसूचित करते हुए प्रतिबंध को 1 जनवरी 2022 तक जारी रखने की घोषणा की है।

रामलीला के आयोजकों ने डीडीएमए को आई वास करार देते हुए कहा कि, सरकार ने हम पर जिम्मेदारी डाल दी है। रामलीला की तैयारी के लिए बहुत कम समय रह गया है। बहुत सारे मुद्दों पर अस्पष्टता बनी हुई है जिसमें से पुतला जलाना एक अहम मुद्दा है। श्री रामलीला समिति के महासचिव राजेश खन्ना ने कहा कि, दिल्ली में आयोजित होने वाली रामलीला सबसे पुरानी और सबसे बड़ी रामलीलाओं में से एक का आयोजन करती है। कई निवासी कल्याण संघों और आयोजकों ने यह भी बताया कि अगर इस दशहरे में शहर में पुतला जलाने की अनुमति नहीं दी गई तो कई स्थानीय समारोह भी प्रभावित होंगे।आरके पुरम रामलीला धार्मिक समिति के अनिल शर्मा ने कहा कि, बिना पुतला फूंक दिए दशहरे का क्या मतलब होगा? जबकि हम शहर में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने वाले किसी भी निर्णय का पुरजोर समर्थन करते हैं, सरकार को कम से कम हरे पटाखों की अनुमति देनी चाहिए, ताकि हमारे उत्सव प्रभावित न हों। उत्सव शुरू होने में बमुश्किल दो सप्ताह हैं और हम अभी भी दिशानिर्देशों के बारे में अनिश्चित हैं, और इससे हमारे पास कुछ भी करने का समय नहीं बचेगा।

## हाथियों पर होने वाली मानवीय बर्बरता को खत्म करने सरकार बनाई योजना

### हाथी गलियारों को संरक्षित करने की होगी प्राथमिकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जंगल का राज भले ही शेर को कहा जाता है पर सबसे बलशाली और विशाल काया वाले हाथी शाकाहारी होने के बाद भी इंसनों की बर्बरता के सबसे अधिक शिकार होते हैं। अब केंद्र सरकार इसे समाप्त करने का प्रयास करने जा रही हैं।एक अर्से से देखा जा रहा है कि इंसान जानवरों के प्रति काफी बर्बर रूप दिखा रहे हैं। हाथियों के साथ इंसानों की हैवानियत के हमने कुछ समय में काफी समाचार सुने हैं। जैसे-जैसे मानव और हाथियों के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है, तब से जंगली जानवरों सहित हाथियों को लेकर सुरक्षा की मांग भी बढ़ी है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश में हाथी गलियारों की पहचान करने और उन्हें सुरक्षित करने के लिए एक विशाल परियोजना शुरू की है। हाथियों की आवाजाही को कानूनी सुरक्षा देने के लिए गलियारों को भी अधिसूचित किया जा सकता है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के अनुसार, मंत्रालय ने हाल ही में हाथी गलियारों के सत्यापन अभ्यास की शुरूआत की है और जीआईएस तकनीक का उपयोग करके देश में हाथी भंडार के भूमि उपयोग और भूमि कवर के मानचित्रण पर भी काम कर रहा है जो संरक्षण में भी सहायता करेगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि हाथी गलियारे वर्षों से बदल रहे हैं। 2005 में 28 गलियारों की पहचान मंत्रालय और भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट (डब्ल्यूटीआई) द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। 2015 में पहचान का दूसरा दौर हुआ, तब से अब तक गलियारों की संख्या बढ़ गई थी। डब्ल्यूटीआई में संरक्षण उप प्रमुख डॉ. संदीप कुमार तिवारी ने कहा मौजूदा गलियारों के विखंडन के कारण गलियारों की संख्या में वृद्धि हुई।

# जनसंवाद कला के जानकार थे गांधी : प्रो. भारद्वाज

## गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आईआईएमसी में विशेष व्याख्यान का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता




नई दिल्ली। 'महात्मा गांधी जनता से संवाद की कला के सबसे बड़े जानकार थे। उनके हर आंदोलन की बुनियाद में अपनी बात को कह देने और सही व्यक्ति तक उसको पहुंचा देने की क्षमता की सबसे प्रमुख भूमिका थी। संवादहीनता को खत्म करने के लिए हम सभी को गांधी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।' यह विचार गांधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. रमेश चंद भारद्वाज ने गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान में व्यक्त किए। कार्यक्रम में आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी एवं अपर महानिदेशक श्री के. सतीश नंबूदिरीपाड भी मौजूद थे। आयोजन की अध्यक्षता संस्थान के डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह ने की।

'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और गांधीजी की संवाद कला' विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए प्रो. रमेश चंद भारद्वाज ने कहा कि संवाद की तरकीबों को महात्मा गांधी ने ललित कला के रूप में विकसित किया। उनके व्यक्तित्व का यह पक्ष भारत में उनके कदम रखने के साथ ही देखा जा सकता है। उनकी भारत दर्शन की यात्राएं, देश की जनता से संवाद स्थापित करने के संदर्भ में ही देखी जानी चाहिए।

प्रो. भारद्वाज के अनुसार स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी प्रामाणिकता को लेकर कोई संदेह नहीं था। गांधी की कथनी और करनी में कभी अंतर नहीं रहा। इसीलिए उन्होंने कहा कि 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है।' गांधी ने देश की भाषा में देशवासियों से संवाद किया और भारत की 80 प्रतिशत आबादी की समस्याओं के समाधान हेतु प्रामाणिक प्रयास किए। इस कारण वे हर देशवासी के दिल को छू पाए। हिन्दुस्तान की जनता के साथ एकात्म स्थापित कर उन्होंने जो संवाद किया, वो अपने आप में संवाद कला का अनूठा उदाहरण है।

प्रो. भारद्वाज ने कहा कि संवाद स्थापित करने की दिशा में महात्मा गांधी द्वारा किए गए प्रयोग उनकी विरासत का हिस्सा हैं। उनका मानना था कि संवाद तभी बेहतर होगा, जब हम अपने पाठक या दर्शक के नैतिक बल को ऊपर उठाने का काम करेंगे। महात्मा गांधी ने अपनी बात हमेशा साधारण भाषा में रखी। उन्होंने जो कहा, उसका वही असर हुआ, जो वे चाहते थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. गोविंद सिंह ने कहा कि वकालत के दौरान ही गांधीजी का झुकाव पत्रकारिता की ओर था। इस दौरान उन्होंने 'द वेजीटेरियन' अखबार में बारह लेखों की एक सीरीज लिखी। उन्होंने 'इंडियन ओपिनियन' के माध्यम से अफ्रीका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की समस्याओं को उठाया। प्रो. सिंह ने कहा कि अपनी संचार कला से गांधी ने पूरे देश में अपने ह्यक्लोनह्व खड़े किए, जो उनके विचारों को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सफल रहे।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण अंग्रेजी विभाग की पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. सुरभि दहिया ने दिया एवं संचालन डीन (छात्र कल्याण) प्रो. प्रमोद कुमार ने किया। आयोजन में भारतीय जन संचार संस्थान के प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# जॉब मेले का आयोजन गार्गी कॉलेज स्कूल ग्रीन पार्क प्रांगण में किया गया



» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्लीः दक्षिणीदिल्ली डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट कार्यालय जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन दक्षिणी जिला के द्वारा मेगा जॉसब मेला का आयोजन गार्गी स्कूल ग्रीन पार्क के प्रांगण मे किया गया ।

**जिसमे सैकड़ो युवाओ ने भाग लिया**

जॉब मेला मे अनेक कम्पनियो ने और एजेंसीज ने युवाओ को अनेक जॉब प्रदान करने हेतु साक्षात्कार लिया ओर योग्य उम्मीदवारों को उनके अनुसार रोजगार उपलब्ध किया गया डीएम डॉ अंकित चक्रवर्ती ने रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए गत वर्षी कोरोना के कारण हजारो लोगो की नोकरी चली गई वही रोजगार पर भी असर पड़ा है।बहीं ऐसे मेलो में युवाओ को अवसर मिलता है। यह मेला सेकड़ो युवाओ के लिए सुनहरा अवसर है, उन्होंने बताया कि ऐसे मेले और भी लगते रहेंगे। जॉब्स मेले का आयोजन एसडीएम निधि सिरोही व सिटी मिशन मैनेजर रुकमणी के नेतृत्व में किया गया ।इसमे के आईटी, मल्टीनेशनल, इन्डस्ट्री, एक्पोर्टर ,स्टार्टअप आदि कम्पनिये ने अपने स्टाल लगाये।



## संक्षिप्त समाचार

### धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू को दी गई मानक डॉक्टरेट की उपाधि



स्वतंत्र सिंह भुल्लर, मदरलैंड संवाददाता, एल्फस राज्य सरकार विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित वर्ष 2021 में परीक्षा के उपरांत सामाजिक कार्यों के प्रति दीक्षांत समारोह में प्रथम श्रेणी की योग्यता अनुसार श्री धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू जी को मानक डॉक्टर की उपाधि दी गई।3 अक्टूबर 2021 को एल्फस राज्य सरकार विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा समाज के प्रति समर्पित सकारात्मक दृष्टि से हमारे द्वारा किए गए सेवा कार्यों को देखते हुए वर्चुअल (VIRTUAL) माध्यम से हमें सम्मानित किया जाएगा। उपरोक्त अवसर पर एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के सभागार में आयोजित समारोह 3 अक्टूबर 2021 को 11:00 से 2:00 तक शामिल होकर भोजन उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा आपकी दिव्य उपस्थिति प्रार्थनीय है एल्फस राज्य सरकार विश्वविद्यालय दिल्ली के माननीय कुलपति जी,कुलसचिव जी तथा समस्त पदाधिकारियों को सहृदय धन्यवाद आभार व्यक्त करने की कृपा करें !

### छात्र नौजवान जागरूकता अभियान के पांचवें दिन गोष्ठी का आयोजन



मदरलैंड संवाददाता, आज गावँ सरफाबाद में छात्र नौजवान जागरूकता अभियान के पांचवें दिन छात्र सभा विचार गोष्ठी प्रोग्राम श्री धनवीर यादव जी की अध्यक्षता में व जिला अध्यक्ष छात्र सभा सुमित अम्बावता गुर्जर और महासचिव गौरव यादव जी की नेतृत्व में किया गया 2022 के चुनावों को लेकर एक रणनीति तैयार की गई और नई वोट को बनवाने के लिए गति तेज करने को भी चर्चा हुई ।इस मौके पर लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष बब्बू यादव छात्र सभा राजकीय डिग्री कॉलेज नवनियुक्त अध्यक्ष अंकित यादव सुशीला भारती राम सहेली सतपाल यादव आसिफ अंसारी तुषार पाल सचिन यदुवंशी मोहम्मद चांद पप्पू सुनील विश्वास आदि साथी उपस्थित रहे !

### राज्यों को वैक्सीन की 87 .25 करोड़ से अधिक खुराकें उपलब्ध कराई

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा बढ़ाने और टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। कोविड-19 के टीकों की सर्व-उपलब्धता का नया दौर 21 जून, 2021 से शुरू किया गया है। टीकाकरण अभियान को अधिक से अधिक वैक्सीन की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वैक्सीन की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की गई, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके। देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निशुल्क कोविड वैक्सीन प्रदान करके उन्हें समर्थन दे रही है। टीकों की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार वैक्सीन निमार्ताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर उन्हें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निशुल्क प्रदान करेगी। केंद्र सरकार द्वारा सभी प्रकार के स्रोतों से अब तक वैक्सीन की 87.25 करोड़ से अधिक (87,25,58,985) खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सरकारी स्रोत (निशुल्क) और राज्यों द्वारा सीधी खरीद प्रक्रिया के जरिये प्रदान की गई हैं।

# कमजोर वर्गों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता : देवेश चंद्र श्रीवास्तव विशेष पुलिस आयुक्त /अपराध

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता



राकेश अस्थाना पुलिस आयुक्त दिल्ली के प्रेरणा और मार्गदर्शन में, अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी ह्वदिल्ली पुलिस लाइव विद एल्डरली सिटिजन्सह्व का आयोजन किया गया ह्व कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेश चंद्र श्रीवास्तव विशेष पुलिस आयुक्त /अपराध ने की ह्व कार्यक्रम की मॉडरेटर थीं समाज सेवा के क्षेत्र जानी मानी विशेषज्ञ डॉ. वर्तिका नंदा, प्रमुख, पत्रकारिता विभाग, लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन। सम्मेलन हॉल में आयोजित सेमिनार में लगभग 20 वरिष्ठ नागरिकों, जिनमें ज्यादातर उनके आरडब्ल्यूए/एमडब्ल्यूए के प्रतिनिधि थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

देवेश चंद्र श्रीवास्तव, ने उपस्थित लोगों के सुखी और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि कमजोर वर्गों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा की गई विभिन्न पहलों का एक संक्षिप्त विवरण साझा किया और बताया कि प्रत्येक बीट अधिकारी का कर्तव्य है कि वह प्रत्येक पंजीकृत वरिष्ठ नागरिक से पखवाड़े में कम से कम एक बार अपनी-अपनी बीट में मिलें। उन्हें सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन - 1291 और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस के विभिन्न ऐप के बारे में बताया गया। यह भी आग्रह किया गया कि वरिष्ठ नागरिकों को अपने घरेलू सहायकों/किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अवश्य करवाना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों और बीट अधिकारियों के बीच आपसी सम्मान पर आधारित संबंध बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस तथ्य को साझा करते हुए कि पुनर्वास कॉलोनियों में पॉश कॉलोनियों की तुलना में अधिक सीसीटीवी हैं, श्रीवास्तव ने दिल्ली पुलिस की सुरक्षित शहर परियोजना का भी संक्षेप में वर्णन किया, जिसमें पूरे शहर को सीसीटीवी से कवर करने का इरादा है। हालांकि, चूंकि दिल्ली के सभी हिस्सों में इस योजना को लागू करने में समय लगता है, इसलिए यह सलाह दी गई कि एमडब्ल्यूए और आरडब्ल्यूए को हमारी निगेहबान योजना के तहत अधिकतम स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के लिए एक साथ आना चाहिए। आवासों को सुरक्षित रखने के लिए ग्रिल, मैजिक आई, डोर चेन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाकर सुरक्षा में निवेश करने की सलाह दी गई। श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा अधिनियमित वरिष्ठ नागरिक (सुरक्षा और सुरक्षा) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर भी चर्चा की। । अंत में उन्होंने फिर से जोर दिया कि पुलिस अधिकारियों और वरिष्ठ नागरिकों के बीच आपसी विश्वास और सम्मान सभी कठिनाइयों को दूर कर सकता है, हालांकि दिल्ली पुलिस हमारे वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित और खुश रखने के लिए कटिबद्ध है। श्रीमती शालिनी सिंह, संयुक्त आयुक्त पुलिस / मुख्यालय , ने उपस्थित लोगों को कोविड -19 की दो घातक लहरों के दौरान दिल्ली पुलिस के फील्ड स्टाफ द्वारा किए गए विभिन्न मानवीय कार्यों के बारे में अवगत कराया। डॉ. वर्तिका नंदा, प्रमुख, पत्रकारिता विभाग, लेडी श्रीराम कॉलेज ने संगोष्ठी में लाइव भाग लेने वाले कुछ वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित मुद्दों को उठाया। इस दोतरफा बातचीत के दौरान, प्रतिभागियों ने वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न चिंताओं से संबंधित कुछ प्रश्न पूछे। ज्यादातर मुद्दे नागरिक एजेंसियों के कामकाज से संबंधित थे, तथापि यह आश्वासन दिया गया था कि दिल्ली पुलिस उन्हें उचित मंच पर ले जाने के लिए हर संभव व्यवस्था करेगी।

# पूर्व मंत्री कैप्टेन अजय सिंह यादव ने कहा कि सरकार द्वारा सोची समझी चाल के तहत बाजरा नही खरीदा जा रहा है, तीन काले कृर्षि कानूनों के कारण

» गीतिका,मदरलैंड संवाददाता



गुरूग्राम। पूर्व मंत्री कैप्टेन अजय सिंह यादव ने कहा कि सरकार द्वारा सोची समझी चाल के तहत बाजरा नही खरीदा जा रहा है। तीन काले कृर्षि कानूनों के कारण पहले से ही बबार्दी के कगार पर बैठे किसानों को भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पूरे तरीके से बर्बाद करना चाहती है। श्री यादव ने कहा कि बाजरे की खरीद न्यूतम समर्थन मूल्य पर होनी चाहिए लेकिन बाजरे की सरकारी खरीद नही होने की वजह से किसानों का बाजरा मात्र 1200 रुपए में बिक रहा है। वहीं भावांतर भरपाई योजना के तहत मात्र 600 रुपए ही किसानों को मिल रहा है। सरकार की ओर से बाजरे की सरकारी खरीद बंद कर भांवातर भरपाई योजना के नाम पर 600 रुपए तय करना अन्नदाता के साथ विश्वासघात है।

कैप्टेन अजय सिंह ने कहा कि पिछले साल बाजरे का न्यूतम समर्थन मूल्य 2200 रुपए के करीब था और इस बार किसानों का बाजरा मात्र 1200 रुपए में बिक रहा है और यदि 600 रुपए बोनस जोड भी ले तो भी मात्र 1800 रुपए हो होता है। एसे में अन्नदाता को तो भारी नुक्सान हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि कृर्षि के तीन काले कानूनों के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। इसी डर से किसान इतने समय से धरने पर बैठा हुआ है। यदि न्यूतम सर्मथन मूल्य की गांरटी नही मिलेगी तो किसान बर्बाद हो जाएगा। कैप्टेन अजय सिंह ने मांग करी है कि जल्द से जल्द किसानों के बाजरे की सरकारी खरीद हो और उचित भाव मिले।

कैप्टेन अजय सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंति है। इस उपलक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी, गुरूग्राम प्रात 8 बजे सौहना चौक से प्रभात फेरी की शुरूवात करेगी। प्रभात फेरी सोहना चौक से शुरू होकर सदर बाजार होते हुए कांग्रेस कार्यालय कमान सराय गुरूग्राम में पंहूचेगी। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करी है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रभात फेरी में पंहूचे।

# गांधी जयंती के अवसर पर पहली बार राहगिरी दिवस

» मदरलैंड संवाददाता




फरीदाबाद। निगम आयुक्त ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर पहली बार राहगिरी दिवस की लहर हरियाणा के सबसे पुराने शहर फरीदाबाद में प्रवेश करेगी। 2 अक्टूबर 2021 को (नगर निगम सभागार चौक से ई0एस0आई0 चौक तक) राहगिरी दिवस सुबह 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। राहगिरी दिवस का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना, साइकिल चलाने और पैदल चलने को प्रोत्साहित करके सभी के लिए सड़कों का लाभ उठाना है। पूरे कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम फरीदाबाद (एमसीएफ) के सहयोग से किया जाएगा।

फरीदाबाद के जिला प्रशासन, फरीदाबाद पुलिस के भागीदारों, राहगिरी फाउंडेशन, आर0डब्ल्यू0ए0 और एन0जी0ओ0 भाग लेगें।यह सब जुबिलेंट फूड प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया जा रहा है।

इसमे कई सांस्कृतिक गतिविधियाँ जैसे (संगीत, गायन, नृत्य, स्किट, नुक्कड़ नाटक), फिटनेस गतिविधियाँ जैसे योग, जुम्बा, साइकिल चलाना; रस्साकशी, लेमन स्पून रेस, सैक रेस, लूडो जैसे स्ट्रीट गेम्स और पेंटिंग, स्केचिंग, ओपन माइक, जैसी गतिविधियां होंगी। कुल मिलाकर यह फरीदाबाद की गली में एक सांस्कृतिक धमाका होगा। फरीदाबाद के फिटनेस समूहों, साइकिल चालकों, सांस्कृतिक समूहों के पास राहगिरी दिवस के साथ सहयोग करने और इस बदलाव का हिस्सा बनने का एक शानदार अवसर है।

नगर निगम आयुक्त ने सड़क सुधार कार्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला। क्षेत्र के आसपास, एमसीएफ पूरे एरिया की सफाई, वृक्षारोपण, अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट मार्किंग और साइनेज आदि का ध्यान रखने जा रहा है। राहगिरी फाउंडेशन लोगों को टिकाऊ गतिशीलता के मूल्य को समझने में मदद करने की दिशा में काम करता है। सड़कों को साफ करने और स्वस्थ वातावरण का आनंद लेने के लिए आइए हम एक साथ मिलकर महात्मा गांधी जी के पदचिन्हों पर चलें।

# सूरजकुंड मेला प्राधिकरण भी मीटिंग में 35 वें सूरजकुंड इंटरनेशनल हस्तशिल्प मेला पर विस्तार से चर्चा

» मदरलैंड संवाददाता




फरीदाबाद। सूरजकुंड मेला प्राधिकरण भी मीटिंग में 35 वें सूरजकुंड इंटरनेशनल हस्तशिल्प मेला के 4 फरवरी से 20 फरवरी 2022 तक आयोजन की सभी संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी संभावनाओं पर चर्चा उपरांत मेले के आयोजन को लेकर सभी दिशा निर्देश माननीय सेक्रेट्री टूरिज्म, भारत सरकार ने हरियाणा पर्यटन और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए ।

मेले में इस बार के सहभागी प्रदेश के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई और अभी तक की तैयारियों के बारे में बोर्ड के मेंबर्स को बताया गया।

चेयरमैन सूरजकुंड मेला प्राधिकरण ने मेले की गुणवत्ता और उसमें भागीदारी को और अच्छी तरह से सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश सूरजकुंड मेला प्राधिकरण हरियाणा पर्यटन के अधिकारियों को दिए

सूरजकुंड मेला प्राधिकरण की 45 वी गवर्निंग बॉडी मीटिंग का आयोजन आज शाम 4 बजे ट्रांसपोर्ट भवन, कनॉट प्लेस, दिल्ली में 35 वें सूरजकुंड इंटरनेशनल हस्तशिल्प मेला के आयोजन के लिए किया गया ।

मीटिंग की अध्यक्षता अरविंद सिंह सेक्रेट्री टूरिज्म, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया जोकि सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के चेयरमैन भी हैं ने की ।मेले की मीटिंग का संचालन एमडी सिन्हा, प्रिंसिपल सेक्टरी, टूरिज्म, हरियाणा सरकार जोकि वाइस चेयरमैन सूरजकुंड मेला प्राधिकरण भी हैं उन्होंने किया ।

इस मीटिंग में गवर्निंग बॉडी के अधिकांश मेंबर्स उपस्थित रहे जिसमें डॉक्टर नीरज कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर हरियाणा पर्यटन निगम एवं मुख्य प्रशासक सूरजकुंड मेला प्राधिकरण, राकेश कुमार वर्मा जॉइंट सेक्रेट्री, मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म, भारत सरकार, दिनेश कुमार पाठक, डायरेक्टर जनरल, आईसीसीआर, भारत सरकार, अमृता प्रसाद , जॉइंट सेक्रेट्री, कल्चर मिनिस्ट्री, भारत सरकार, अनिल कुमार राय जॉइंट सेक्रेट्री, कोआर्डिनेशन, मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स, भारत सरकार, जितेंद्र यादव डिप्टी कमिश्नर फरीदाबाद हरियाणा चंद्रकांत कटारिया एडिशनल मैनेजिंग डायरेक्टर, हरियाणा पर्यटन निगम , एस के शर्मा आईएस सेवानिवृत्त, एस के झा, सीनियर डायरेक्टर, क्राफ्ट म्यूजियम, और मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स, मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल, मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, डीजीआईपीआर और पार्टनर नेशन ग्रेट ब्रिटेन के अधिकारियों ने भी इस मीटिंग में भाग लिया। राजेश जून नोडल अधिकारी, सूरजकुंड मेला प्राधिकरण भी मीटिंग में मौजूद रहे ।

मीटिंग में 35 वें सूरजकुंड इंटरनेशनल हस्तशिल्प मेला के 4 फरवरी से 20 फरवरी 2022 तक आयोजन की सभी संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी संभावनाओं पर चर्चा उपरांत मेले के आयोजन को लेकर सभी दिशा निर्देश माननीय सेक्रेट्री टूरिज्म, भारत सरकार ने हरियाणा पर्यटन और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए ।

मेले में इस बार के सहभागी प्रदेश के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई और अभी तक की तैयारियों के बारे में बोर्ड के मेंबर्स को बताया गया।

चेयरमैन सूरजकुंड मेला प्राधिकरण ने मेले की गुणवत्ता और उसमें भागीदारी को और अच्छी तरह से सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश सूरजकुंड मेला प्राधिकरण हरियाणा पर्यटन के अधिकारियों को दिए ।

# दिल्ली में स्मॉग टावर 80 प्रतिशत तक हवा को कर रहा है साफ, प्राथमिक रिपोर्ट में हुआ है खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टावर का दौरा किया। इसके बाद केजरीवाल सरकार की तरफ से लगाए गए स्मॉग टावर की प्राथमिक रिपोर्ट आज जारी की गई। जिसमें खुलासा हुआ है कि स्मॉग टावर 80 प्रतिशत तक हवा को साफ कर रहा है। इस दौरान गोपाल राय ने बताया कि केजरीवाल सरकार ने स्मॉग टावर की क्लोज मॉनिटरिंग करने के लिए आज 16 सदस्यीय कमेटी गठित की है। स्मॉग टावर को लेकर गठित कमेटी तीन-तीन महीने के अंतराल पर कुल तीन रिपोर्ट सरकार को देगी। जिसके आधार पर सरकार दूसरी जगहों पर स्मॉग टावर लगाने का निर्णय लेगी।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कनॉट प्लेस स्थित स्मॉग टावर का दौरा किया। इस दौरान गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार की तरफ से पहले स्मॉग टावर का उद्घाटन 23 अगस्त को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया था। उसके बाद इसका पायलट आधार पर ट्रायल कर रहे थे। अब इसका ट्रायल पूरा हो गया है। यह स्मॉग टावर आज से फुल क्षमता के साथ शुरू कर दिया गया है। इस स्मॉग टावर में लगभग दस हजार फिल्टर लगाए गए हैं जो प्रदूषित हवा को साफ करते हैं। इसमें 40 पंखे लगाए गए हैं और 1 किलोमीटर के आसपास के क्षेत्र की हवा को साफ करते है। यह लगभग पर 1000 घन मीटर प्रति सेकंड के हिसाब से हवा को प्यूरिफई करके वातावरण में छोड़ेगा। जिसे मॉनिटर करने के लिए कई सेंसर्स लगाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि हवा जो ऊपर से आती है उसमें कितना पीएम 2.5 और पीएम 10 है, यह सेंसर्स बताते हैं। इसके अलावा हवा साफ होने के बाद निकलती है उसमें भी सेंसर लगाए गए हैं। सुबह से अभी तक की रिपोर्ट आयी है। सुबह करीब 8 बजे के आसपास पीएम 2.5 का स्तर 151 था जो प्यूरिफाई होने के बाद 38 हो गया था। इसके अलावा पीएम 10 का स्तर 166 था जो कि प्यूरिफाई होने के बाद 41 हो गया। उसी तरह से अभी दोपहर 12.45 पर पीएम 2.5 का स्तर 60 था जो कि 14 हो गया है और पीएम 10 का स्तर 63 था जो कि 15 हो गया है।

गोपाल राय ने बताया कि आज की प्राथमिक रिपोर्ट में सामने आया है कि स्मॉग टावर 80 प्रतिशत तक हवा को साफ कर रहा है।

## टीकाकरण में खराब प्रदर्शन कर सी डी ओ नाराज

» **अविनाश त्यागी, मदरलैंड संवाददाता**



बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह ने टीकाकरण कार्य में प्रदेश स्तर पर खराब स्थान पर पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एमओआईसी तथा अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मानकानुरूप प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए इसी के साथ उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को कम प्रगति करने वाले एमओआईसी को अपनी प्रगति में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा बार-बार दिए जाने वाले निर्देशों और जिले में अच्छा इन्फ्रास्ट्रक्चर होने के बावजूद टीकाकरण कार्य में जिले की प्रगति अत्यंत खराब है, जिसका स्पष्ट मतलब है कि एमओआईसी द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने बैठक में किरतपुर ब्लाक में आशाओं का भुगतान कराने के निर्देश संबंधित एमओआईसी को दिये। उन्होंने झोला छाप डाक्टरों पर हुई कार्यवाही की जानकारी ली तथा इनके विरूद्व निरन्तर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड व अन्तोदय कार्ड का लाभ समयानुसार दिलाना सुनिर्श्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी श्री सिंह देर शाम विकास भवन के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम में भी बहुत कम प्रगति पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में अपेक्षित स्टाफ और स्वास्थ्य संस्साधनों की उपलब्धता के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति प्रदेश स्तर पर अत्यन्त खराब है, यह स्थिति किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं की जाएगी और जो अधिकारी या कर्मचारी शिथिलता एवं लापरवाही के दोषी पाए जाएंगें, उनके विरूद्व सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें ताकि स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों का अपेक्षित लाभ जनसामान्य को उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी विजय कुमार गोयल, सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, एम0ओ0आई0सी0 तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## पुत्र वधू से अवैध संबंधों के चलते ससुर नें पत्नी को गोली से उड़ाया

» **मदरलैंड संवाददाता**

एटा। जनपद के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम उलायतपुर में बीती रात्रि एक 55 वर्षीय शराबी युवक ने पुत्रवधू से अवैध सम्बन्धों का विरोध करने पर अपनी लायसेंसी बन्दूक से पत्नी की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी। जिसे परिजनों व ग्रामीणों ने पकड़कर मय बन्दूक के पुलिस को सोंप दिया।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात जगदीश चन्द्र ने बताया कि बीती देर रात्रि शराब के नशे में धुत्त रामप्रकाश नामक युवक ने अपनी 52 वर्षीय पत्नी अनार देवी की घर में लायसेंसी बन्दूक से गोली मारकर हत्या कर दी जिसे पुलिस ने मय बन्दूक के गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या की घटना के पीछे का कारण काफी चौंकाने वाला तथा ससुर व वहू के बीच रिश्तों को कलंकित करने वाला था जिसने समाज में सभी के सामने इस पिता पुत्री जैसे पवित्र रिश्ते को एक बार फिर कलंकित कर दिया।

**अवैध संबंधों के शक में लायसेंसी बन्दूक से मारी गोली**

उन्होंने बताया कि गांव उलायतपुर निवासी रामप्रकाश के धर्मेंद्र व शेरसिंह नामक दो पुत्र थे दोनों की शादी हो गयी थी। कुछ दिन पूर्व शेर सिंह की पत्नी आपसी विवाद के चलते शेर सिंह को छोडकर चली गयी। उसके बाद शेर सिंह एक गायत्री नामक लडकी को भगा लाया और उसे पत्नी के रुप में अपने घर में रखने लगा जिसका विरोध 52 वर्षीय अनार देवी करती थी। इसी बीच शराब पीने के आदी राम प्रकाश के अपने छोटे पुत्र की पत्नी गायत्री से अवैध सम्बन्ध हो गये और रामप्रकाश गायत्री के इशारे पर नाचने लगा और अब वह अपनी पूरी सम्पत्ति अपनी पुत्रवधू से प्रेमिका बनी गायत्री के नाम कर रहा था जिसको लेकर बीते कई दिनों से अनारदेवी व रामप्रकाश में विवाद चल रहा था रामप्रकाश इसी को लेकर अनार दैवी से मारपीट भी कर रहा था और घर से निकाल देने की धमकी दे रहा था। बीती रात्रि भी अनारदेवी से रामप्रकाश का अपने दोनों पुत्रो को जमीन बराबर बांटने को लेकर झगड़ा हो गया तो नशे में धुत्त रामप्रकाश ने अपनी लायसेंसी बन्दूक से अनार देवी को गोली मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया है। घटना की रिपोर्ट मृतक के बड़े पुत्र धर्मेंद्र ने पिता रामप्रकाश व भाई शेरसिंह के विरुद्ध नामजद दर्ज करायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका द्वारा कराये गये कार्यो मे लाखों के घोटाले की जांच की मांग, नगर विकास मंत्री से शिकायत



मदरलैंड संवाददाता, सिकन्दराराऊ भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्णा यादव ने जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री के साथ शुक्रवार को लखनऊ स्थित कार्यालय मे जाकर नगर निकाय विकास मंत्री आशुतोष टण्डन से मिलकर उनको सिकंदराराऊ नगर पालिका में फिलहाल मे बने डिवाइडर, फुटपाथ, नाला, एंव सडक निर्माण मे हुये लाखों रुपए का घोटाले का आरोप लगाते हुये इनका निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार व कर्मचारियों के खिलाफ जांच की मांग को लेकर नगर निकाय विकास मंत्री को कृष्णा यादव ने शिकायती पत्र सौंपा है। इस मौके पर साथ मे हाथरस भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री व जिला महामंत्री रजत चौधरी मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



मैनपुरी, मदरलैंड संवाददाता। डॉ0 भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी, में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-3 के अंतर्गत प्राचार्य डॉ0 पुष्पा कश्यप की अध्यक्षता में तथा मिशन शक्ति प्रभारी डॉ0 गीता पाल के निर्देशन में स्वच्छता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत के पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया तोमर बी०एससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान लक्ष्मी बी०कॉम द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान मुस्कान बी०ए द्वितीय वर्ष रहीं। प्राचार्य डॉ0 पुष्पा कश्यप ने मिशन शक्ति अभियान फेज 3 के तहत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 राम बाबू, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 बेद प्रकाश सिंह, डॉ0जगजीवन राम, डॉ0 प्रमोद कुमार, डॉ0 विजय आनंद गौतम, शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्री विजेंद्र कुमार एवं श्री शिवनंदन यादव तथा अनुज तिवारी, अभय प्रताप, सोनम, शिवानी, सोनिका राजपूत, लक्ष्मी आदि महाविद्यालय के छात्र छात्रा ने अपेक्षित सहयोग प्रदान किया।

## शहर को मिलेगी कल्याण सिंह के नाम की नई पहचान, पालिका की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास

» **अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता**



एटा। नगर पालिका की बोर्ड बैठक शुक्रवार को हुई। एजेंडा का प्रमुख बिंदु शहर की ठंडी सड़क को लेकर था, जिसका नाम बदलकर स्वर्गवासी पूर्व मुख्यमंत्री के नाम पर कल्याण सिंह मार्ग रखे जाने पर मुहर लगा दी गई। यह शहर के लिए नई पहचान होगी। इसके अलावा विभिन्न कार्यों के लिए करीब 50 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। बीमारी की बात बताते हुए ईओ ने बैठक से किनारा कर लिया। बोर्ड ने उन्हें पद से कार्यमुक्त करने का भी प्रस्ताव पास किया है।

**वर्ष 2021-22 की बजट बोर्ड बैठक तीसरी बार बुलाई**

नगर पालिका परिषद की वित्तीय वर्ष 2021-22 की बजट बोर्ड बैठक तीसरी बार बुलाई गई। अधिशासी अधिकारी डॉ. दीप वार्ष्णेय पहुंचने के कुछ देर बाद ही चले गए। पालिकाध्यक्ष को पत्र भेजकर बताया कि उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इलाज कराने के लिए अस्पताल जा रहे हैं। इसलिए उन्हें एक दिन का अवकाश चाहिए। इस पर पालिकाध्यक्ष मीरा गांधी ने कार्यपालक अधिकारी के रूप में कर अधीक्षक मुन्नालाल को नामित किया और बैठक शुरू कराई।

**सभासदों ने ईओ को कार्यमुक्त करने का रखा विशेष प्रस्ताव**

इसमें सबसे पहले ईओ को कार्यमुक्त करने का विशेष प्रस्ताव रखा गया। जिस पर 22 सभासदों ने सहमति जताते हुए प्रस्ताव को पास किया। सभासद सुनील शर्मा ने ईओ को कार्यमुक्त करने वाले प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए। जबकि सभासद बिजेंद्र गुप्ता और शांतनु चौहान बैठक में नहीं पहुंचे। इसके अलावा प्रमुख प्रस्ताव शहर की ठंडी सड़क का था। बोर्ड बैठक में सभासदों ने इस सड़क का नाम बदलकर पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह के नाम पर रखने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। अब इस प्रस्ताव को शासन को भेजा जाएगा, अनुमति मिलने पर नाम परिवर्तित कर दिया जाएगा।

**करीब 50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव हुए पास**

नगर पालिका की बजट बोर्ड बैठक में करीब 50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पास किए गए। नगर पालिका परिषद के 22 निर्वाचित सभासद और दो मनोनीत सभासद निशा चौहान और आमोद दुबे ने प्रस्तावों पर रजामंदी जताई।

मीरा गांधी, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगर पालिका परिषद की वित्तीय वर्ष 2021-22 की बजट बोर्ड बैठक में करीब 50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पास किए गए हैं। बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

डॉ. दीप वार्ष्णेय, ईओ, नगर पालिका ने बताया कि पालिका की बजट बोर्ड बैठक के दौरान मेरा स्वास्थ्य अचानक से खराब हो गया, जिसकी वजह से मैं अवकाश लेकर उपचार के लिए चला गया था। बैठक में नीतिगत और वित्तीय निर्णय स्थायी अधिशासी अधिकारी द्वारा लिए जा सकते हैं। कार्यपालक अधिकारी को मनोनीत करने का अधिकार पालिकाध्यक्ष को नहीं हैं।

## भाजपा नेता ने पीएम के नाम 19 सूत्रीय समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

» **फैजान भारती, मदरलैंड संवाददाता**



सिकन्दराराऊ वरिष्ठ भाजपा नेता सैकेटरी सिंह यादव द्वारा अलीगढ मंडल सहित क्षेत्र की 19 समस्याओं की मांग को लेकर उनका समाधन नही होने तक 8 माह से अन्न छोडने के चलते उनके स्वास्थ मे लगातार गिरावट आ रही है। वहीं उन्होनें पुनः शुक्रवार को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन 19 सूत्रीय तहसील परिसर स्थित तहसीलदार के कार्यालय उनको सौंपा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम तहसीलदार सुशील कुमार को सौंपे गये ज्ञापन मे भाजपा नेता सेकेटरी सिंह यादव ने कहा है कि अलीगढ मंडल के चारो जनपद के सभी ग्राम विशेषकर सिंकदराराऊ क्षेत्र के गांवों मे खारे पानी की समस्या का समाधान करायें। अलीगढ मंडल मे 50 वर्ष भूमहीनों को आवंटित की गयी कृषि जमीनों को वन विभाग द्वारा छीने जाने के प्रयास को रोका जाये।अलीगढ रोड स्थित अकराबाद को तहसील बनाया जाये तथा सिकंदराराऊ स्थित राजकीय महाराणा प्रताप महाविद्यालय मे बीएससी विज्ञान, कृषि, बायोटेक व एमएमसी, एमए आदि की सभी विषयों की कक्षायें चलायी जाये। आदि 19 सूत्रीय मांगो को लेकर भाजपा नेता ने ज्ञापन सौंपा है। वहीं उक्त समस्याओं के समाधान नही होनें तक अपनी घोषणा के अनुसार 1 फरवरी से सेकेटरी सिंह यादव द्वारा अन्न ग्रहण नही किया जा रहा है। जिसको लेकर उनकी सेहत मे लगातार गिरावट हो रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से बोबी यादव, दीपेश बाल्मीकि, राजवीर लोधी, प्रवेंद्र सिंह यादव, रिषिपाल चोहन, देवेंद्र पुंढीर, नरेंद्र धोबी, रामकिशन सिंह यादव ,सत्यपाल बाल्मीकि ,मनोजयादव,ललितदिवाकर,पुष्पेंद्र यादव ,प्रभु चोहन आदि मौजूद थे।

## गांधी जयंती के अवसर पर जनपद में होगे कई कार्यक्रम आयोजन

» **मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गांधी जयंती 2 अक्टूबर पर प्रभातफेरी पर्यावरण और ध्वजारोहण मलिन बस्तियों शहर के प्रमुख मार्गों में विशेष सफाई अभियान भजन संध्या खेलकूद प्रतियोगिताएं रक्तदान एवं टीकाकरण जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों को फल वितरण एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि प्रातः 6:00 बजे से स्टेडियम ब्रह्मदेव मंदिर तक 5 किलोमीटर तक स्वच्छता पर्यावरण दौड़ का आयोजन होगा श्री सिंह ने बताया कि प्रातः 7:00 बजे नगर पालिका परिषद से प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा यह प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई नगरपालिका पर ही समाप्त होगी प्रातः 7:50 पर समस्त सरकारी अर्द्ध सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं के भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा प्रातः 8:00 बजे महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण उनके जीवन के कार्यों का राष्ट्रीय भावनात्मक एकता तथा निर्बल वर्ग के उत्थान व गांधी जी की विचारधारा पर प्रकाश डाला जाएगा गोष्ठी आयोजित की जाएंगी प्रातः 10:00 नगर के मुख्य मार्गो वार्ड नंबर 3 मोहल्ला दरीबा महमूद नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा जिलाधिकारी ने बताया कि 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन मरीजों को फल वितरण किए जाएंगे प्रातः 10:30 बजे से छात्रों के मध्य वाद-विवाद निबंध प्रतियोगिता का आयोजन समस्त शिक्षण संस्थानों में किया जाएगा वहीं छात्रों को पुरस्कार वितरण भी होगा पूर्वाहन 11:00 बजे ही जिला कारागार में कैदियों को फल मिष्ठान वितरण किया जाएगा साथ ही गांधी जी के प्रिय भजन विचार गोष्ठी निबंध चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी पूर्वाहन 11:00 बजे ही जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेल कूद बालीवाल प्रतियोगिता आयोजित होगी दोपहर 12:00 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक मे व्यवसायिक प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा शाम 5:30 बजे गांधी जी के जीवन पर विचार गोष्ठी एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा भजन संध्या बापू जी की प्रिय भजन का आयोजन नगर पालिका परिषद के शहीद पार्क में होगा

## जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अधीनस्थों को दिए कई निर्देश

» **मदरलैंड संवाददाता**



मैनपुरी। जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में साफ लहजे में कहा कि इस समय जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता ज्वर से पीड़ित व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कराना लोगों को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाने हेतु जागरूक करना है स्वास्थ्य नगर निकाय पंचायती राज विभाग के अधिकारी आपस में संमवन्य स्थापित कर कार्य करें जो ग्राम बुखार से ज्यादा प्रभावित हैं वहां कम से कम चार पांच दिन कैंप लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं प्रतिदिन घर-घर दवा का छिड़काव कराया जाए नालियों की सफाई कराई जाए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र के कम से कम 2 गांव का प्रतिदिन भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखें अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन क्रियाशील रहकर कम से कम 2 स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करें खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी जिला स्तरीय अधिकारी भी नियमित रूप से ज्वर से प्रभावित ग्रामों का भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं सामुदायिक स्वास्थ्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले जिन मरीजों को सर दर्द तेज बुखार उल्टी-दस्त बदन दर्द की शिकायत हो उन्हें तत्काल भर्ती कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं आने वाले मरीजों में कम से कम 10% व्यक्तियों की टीवी की जांच कराई जाए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अपने क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों इनके पास कोई डिग्री नहीं है उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर प्राथमिकी दर्ज कराएं शिक्षक आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में प्रत्येक कम से कम एक घंटा लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करें सफाई कर्मी अपने क्षेत्र में जाकर कम से कम 8 घंटे कार्य करें जो सफाई कर्मी अपने दायित्वों के प्रति दिन लापरवाही बरते उन्हें नोटिस जारी कर सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी रोगी कल्याण समिति से स्वास्थ्य केंद्र पर फ्लाई कैचर लगबाए।

## प्रदेश में सपा ही एक मात्र विकल्प - विनोद सविता

» **अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी/कुरावली। उत्तर प्रदेश में राजनैतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नेताओ का जनता के बीच आना जाना शुरू हो गया। इसकी वजह विधानसभा के चुनाव है। क्योंकि कुछ ही महीनों में उत्तर प्रदेश में विधानसभा का चुनाव है।



कुरावली क्षेत्र में ग्राम रजापुर व नगर के जी०टी रोड स्थिति अशोक मेडिकल स्टोर पर सविता सैन समाज का जन सवांद (चौपाल) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्यातिथि के रूप में पधारे सपा के राष्ट्रीय सदस्य विनोद सविता का जोरदार फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद विनोद सविता द्वारा सविता समाज को संबोधित करते हुए बहुत से वादे करके सपा के कार्यकाल मे हुए कामो को गिनाया गया। सविता ने बताया कि मेरा कार्यक्रम आज अलीगढ से प्रारंभ हुआ और कल मैनपुरी में इसका समापन होगा। में माननीय अखिलेश यादव के आदेश पे जन संवाद पे निकला हु। इसी के साथ सपा की तारीफ करते हुआ रोजगार देने का, विद्याधन का, किसानों की समस्या दूर करने का, हाइवे का, और 25 मेडिकल कालिजों का जिक्र करते दिखे।

भाजपा पे कटाछ करते हुए कहा कि इस समय कानून व्यवस्था ध्वस्त है, भाजपा द्वारा युवाओ को छलने का काम किया गया है। नोजवानो को नोकरी के नाम पर ठेंगा दिखाया गया है। सपा की सरकार बना कर युवाओ की सारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसी के साथ अपने समाज को सपा का समर्थन करने का आग्रह किया। इस मौके पर राकेश ठाकुर प्रदेश सचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) समाजवादी, दिनेश श्रीवास्तव (खादी भंडार), सतीश श्रीवास्तव (पूर्व प्रधान) रजापुर, रामसेवक फौजी, दिनेश श्रीवास्तव जिला सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, हरिओम सविता अलीगढ़, अजीत श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, अन्नू श्रीवास्तव, हरिगोविंद सिंह एका, रवि श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अबधेश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, ब्रजलाल सविता, रामवीर सिंह, हरेंद्र श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव रजापुर, अशोक श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## बाह क्षेत्र में सड़क एवं पैंटून पुल निर्माण को उपमुख्यमंत्री से मिली विधायक

» **शंकरदेव तिवारी, मदरलैंड संवाददाता**

पिनाहट। बाह विधानसभा क्षेत्र में सवार्गीण विकास के लिए लगातार क्षेत्रीय विधायक प्रयास कर रही हैं। क्षेत्र में सड़क एवं नदी पर पेंटूनपुल निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के लिए लखनऊ में उपमुख्यमंत्री से विधायक मिली और मामलों से अवगत कराया है।

आपको बता दें वहां विधानसभा में विकास कार्य कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक रानी पक्षालिका सिंह पहले से ही अग्रणी रही है। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए लगातार वह मंत्रियों और अधिकारियों से मिलकर अपने क्षेत्र का सवार्गीण विकास कराने के लिए उनका प्रयास जारी है। विधानसभा बाह क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए बुधवार को भाजपा की बाह विधायक रानी



पक्षालिका सिंह लखनऊ में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिली और विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य की चर्चा की जहां उन्होंने उपमुख्यमंत्री को बाह विधानसभा क्षेत्र के यमुना नदी से चारों तरफ से घिरे कल्याणपुर भरतार गांव के लिए बटेश्वर के पास पैंटून पुल निर्माण कार्य जल्द शुरू कराये जाने के लिए कहा एवं जैतपुर से नदगवां पिनाहट का तासौड जर्जर मार्को मरम्मत कराए जाने के साथ चौड़ीकरण कराने के लिए अवगत कराया और जल्द कार्य शुरू कराए जाने के लिए अपील की गई। क्षेत्रीय विधायक को उपमुख्यमंत्री ने जल्द ही दोनों कार्यों को शुरू कराने का आश्वासन दिया है। वही कल्याणपुर भरतार के लिए बनने वाले पेंटून पुल से एवं जैतपुर से तासौड़ मार्ग बनने से ग्रामीणों से परेशानियां दूर होंगे और मार्ग सुगम होगा।

## चंबल नदी में तैरता मिला युवक का शव ग्रामीणों में मचा हड़कंप पुलिस ने की शिनाख्त

पिनाहट। पिनाहट उसैथ चंबल नदी घाट पर मध्य प्रदेश सीमा में एक युवक का शव नदी के पानी में तैरता हुआ मिला जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव की शिनाख्त कर सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार महेश पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी गांव पिपरई थाना महुआ मुरैना मध्य प्रदेश बुधवार की रात को लगभग 9 बजे परिजनों को बिना बताए साइकिल लेकर घर से कहीं निकल गया। पूरी रात परिजन उसे ढूंढते रहे मगर उसका कोई अता पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह पिनाहट उसेथ घाट पर मध्य प्रदेश सीमा में युवक का शव चंबल नदी के पानी में मृत अवस्था में तैरता हुआ मिला। साइकिल और कपड़े चंबल नदी किनारे बालू में पड़े हुए थे। जिसे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तत्काल ग्रामीणों की सूचना पर थाना महुआ पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त की आस-पास के गांव में सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक के शव की शिनाख्त की जिसके बाद पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों के मुताबिक मृतक युवक बुधवार रात से गायब था। परिजन खोज कर रहे थे वहीं युवक 6 साल से मानसिक बीमार चल रहा था जिसका इलाज ग्वालियर के एक चिकित्सक द्वारा चल रहा था। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। इसी संदर्भ में थाना प्रभारी महुआ भारत सिंह परिहार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने सब की पहचान कर ली है युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## पिनाहट में विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत वसूली को चलाया अभियान, बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

» **मदरलैंड संवाददाता**

आगरा। जनपद के कस्बा पिनाहट क्षेत्र में विद्युत विभाग की टीम ने विद्युत बिल बकायेदारों पर राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाया विद्युत बिल बकाए पर कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए दो घरों में विद्युत चोरी होती टीम ने पकड़ कर कार्रवाई की है।

आपको बता दें कस्बा पिनाहट क्षेत्र में विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश पर गुरुवार को एसडीओ पिनाहट दिनेश कुमार के नेतृत्व में उपभोक्ताओं पर लाखों रुपए के विद्युत बिल बकाए को लेकर विद्युत विभाग की टीम ने राजस्व वसूली करने एवं विद्युत चोरी को लेकर अभियान चलाया। यहां विद्युत विभाग की टीम की राजस्व वसूली चेकिंग के दौरान वक्ताओं में हड़कंप मच गया। विद्युत बिल बकाया जमा नहीं होने पर टीम द्वारा करीब 28 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। 4 विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर टीम द्वारा उतारे गए। तो वहीं विद्युत विभाग की टीम को दो घरों में विद्युत चोरी कर बिजली चलती पाई गई। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। विद्युत विभाग की टीम को राजस्व वसूली के दौरान करीब 22 उपभोक्ताओं ने 3 लाख 15 हजार रुपए का अपना बकाया बिल जमा कराया है। वहीं विद्युत कर्मचारियों की कार्रवाई से उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान जेई पिनाहट प्रदुमन सिंह, टीजीटू मनमोहन शर्मा, संविदा कर्मी अवधेश सिंह, हीरा सिंह, मनोज वर्मा आदि उपस्थित रहे।


## संक्षिप्त समाचार

### परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने पर जताया समाज का आभार



मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के मुद्दे पर निकली कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सफलता पर एससी विभाग के प्रदेश मंत्री अरविंद प्रधान ने खुशी जाहिर करते हुए समाज के लोगों का आभार जताया। ग्राम थीथकी में आयोजित कार्यक्रम में अरविंद प्रधान ने कहा कि पूरे देश में आज कांग्रेस के प्रति माहौल है। केंद्र की नरेंद्र मोदी और राज्य की भाजपा नीत सरकार ने गरीब और एससी समाज को बेरोजगारी, महंगाई की मार के अलावा कुछ नहीं दिया है, जिसे लेकर आज समाज में भी कांग्रेस के प्रति लगाव बना है। 19 सितंबर को झबरेड़ा विधानसभा क्षेत्र में निकली कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब इस बात का प्रमाण है। हर वर्ग में आज भाजपा की नीतियों के खिलाफ आक्रोश है। कहा कि 2022 में एससी समाज भाजपा को सबक सिखाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगा। कांग्रेस ही सभी वर्गो को साथ लेकर चल सकती है और सबका विकास कर सकती है। अरविंद प्रधान ने ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों का पाठ पढ़ाते हुए सभी से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर अशोक कुमार, सुनील कुमार, रूपराम, प्रदीप कुमार, बंटी, सतीश कुमार, इश्वर लाल, पुष्कर, मनोज, राज सिंह, नवीन कुमार, नाथीराम आदि मौजूद रहे।

### केवी-1 रुड़की में सीबीएसई हब्स ऑफ लर्निंग की बैठक




मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। सीबीएसई हब्स ऑफ लर्निंग की आधिकारिक बैठक शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रुड़की में गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई। केंद्रीय विद्यालय नं.-1 रुड़की को सीबीएसई द्वारा लीड कोलेबोरेटर नामित किया गया है जिसके अंतर्गत छह सदस्य सहयोगी आर्मी पब्लिक स्कूल नं.-1, भारती अकादमी, शांति मेमोरियल पब्लिक स्कूल, द ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, क्रिस्ट ज्योति अकादमी, हरिद्वार एवं क्रिस्ट ज्योति अकादमी, भगवानपुर है। प्रिंसिपल वीके त्यागी ने उपस्थित सदस्य विद्यालयों के प्राचार्यों का स्वागत करते हुए कहा कि स्कूलों के बीच इस सहयोगात्मक साझेदारी का मुख्य उद्देश्य स्कूलों के लिए एक इकोसिस्टम का निर्माण करना है ताकि प्रभावी रूप से सर्वांगीण आत्म-सुधार हो सके। सीबीएसई ने इसी बात पर जोर दिया है कि सीमित संसाधनों वाले छोटे स्कूल किसी भी बड़े स्कूल के उपलब्ध संसाधनों के साथ सहयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर सदस्य स्कूलों को नई शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों एवं इसके तहत किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। आर्मी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या ऋतू डोगरा ने अपने स्कूल की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि कथा वाचन, वातार्लाप तथा विभिन्न क्रिया कलापों के माध्यम से हम सीखने की प्रक्रिया को निरंतर आसान और ग्राह्यी बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है। इस दौरान पंकज कंसल (प्राचार्य द ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल), रमणीक शाह सूद (प्राचार्य शांति मेमोरियल पब्लिक स्कूल) तथा नरेन्द्र मेस्सी (क्रिस्ट ज्योति अकादमी) ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती ऋतू बत्रा ने नई शिक्षा नीति में सुझाए गए एक प्रमुख सुधार फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी (एफएलएन) के ऊपर अपना पीपीटी प्रस्तुतीकरण दिया। इस नीति में एफएलएन को बच्चों के समग्र सीखने और विकास के लिए विभिन्न उपायों और तकनीकों का सहारा लेने पर जोर दिया गया है। धन्यवाद् ज्ञापन में उप प्राचार्या अंजू सिंह ने कहा कि इस समय जबकि बच्चों की शारीरिक उपस्थिति विद्यालयों में शत प्रतिशत नही है, शिक्षा जारी रखने का एकमात्र माध्यम ऑनलाइन एजुकेशन रह गया है, अतः सभी मिलकर अपने-अपने नवीन अन्वेषों एवं प्रयोगों को एक दुसरे से साझा करके ऑनलाइन एजुकेशन को और भी उपयोगी ओर व्यावहारिक बना सकते हैद्य कार्यक्रम का संचालन रजनी जोशी एवं पूनम कुमारी ने किया। कपिल देव ने तकनीकी सहायता प्रदान की।

### नेशनल कन्या इण्टर कालेज के एनएसएस शिविर में दिया रक्तदान पर जोर

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। नेशनल कन्या इण्टर कालेज, खानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक दिवसीय शिविर में प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं हैं इसलिये स्वैच्छिक रक्तदान करना जरूरी हैं। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि व्यक्ति के शरीर में रक्त सबसे जरूरी है जिससे इंसान का जीवन और शरीर चलता है। इस दिन को मनाने का भी उद्धेश्य यही है लोगों को व्यक्ति के जीवन में रक्त की आवश्यकता तथा मह×ाा के बारे में जानकारी दी जाये। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी बलराम गुप्ता ने कहा कि इस दिन को मनाने की शुरूआत 1 अक्टूबर 1975 में की गयी थी। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति रक्तदान कर तीन लोगों की जान बचा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी सुलता देवी सिकदार ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्धेश्य दुनिया भर के लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। सफलता पूर्वक जरूरतमंद रोगियों की जरूरत को तत्काल पूरा करने के लिये स्वैच्छिक रक्तदान के लक्ष्य को प्राप्त करना हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने भी स्वैच्छिक दत्तदान के बारे में अपने विचार व्यक्त किये साथ ही पोस्टर, श्लोगन,, निबन्ध तथा भाषण आदि अनेक कार्यक्रम कराये गये जिनमें शिखा, सलोनी, हंसिका, करिश्मा, मिनाक्षी, वंशिका, शिवानी, मधु, सुनीता, खुशी, सुमन, आशु, सागर कुमार, शुभम कुमार, मोहित कुमार, सानिया सैनी, रचना, सुमन, कल्पना, पल्लवी, सोनिया, प्रियांशी, छोटन आदि स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया।

### कर्मचारी संगठनों ने मनाया काला दिवस

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। राज्य के 78000 कर्मचारियों ने नई पेंशन स्कीम के विरोध में प्रतीकात्मक रूप में काला मास्क और काली पट्टी बांधकर काला कर काला दिवस मनाया। रुड़की में इस अभियान को सभी 22 सरकारी विभागों जिनमें शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई, चिकित्सा और गन्ना विभाग आदि ने कला दिवस मनाया। अभियान का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार सैनी ने बताया कि अभियान में ब्लॉक संरक्षक संदीप कपिल, कुंज बिहारी, जिला संरक्षक विवेक सैनी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष उत्तम शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र सैनी, सतीश सैनी, अजय कुमार सैनी, ज्योत्सना थपलियाल, सुनीता देवी, संगीता सैनी, संदीप शर्मा, जगपाल सिंह, विकास शर्मा, हरेंद्र सैनी, कुलदीप कसाना, दिनेश वर्मा, उत्तम शर्मा, दीपक त्यागी, धर्मेंद्र कुमार, कुलदीप सिंह, राजेश सैनी, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदीप त्यागी, अनिल शर्मा, राजेश सैनी, दिनेश वर्मा, विवेक सैनी और अनिल पवार आदि ने अभियान में पूरा सहयोग किया।

## पुजारी हत्याकांड का खुलासा, एक हत्यारोपी गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता



मंगलौर! कोतवाली पुलिस ने पुजारी की हत्या का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पुजारी अक्सर उसके साथ कुकर्म करता था और अब उसने आरोपी को चोरी के मामले में फंसाने की धमकी दी थी जिस से बचने के लिए उसने बिजली का करंट लगाकर पुजारी की हत्या कर दी। मंगलौर कोतवाली में घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी हरिद्वार योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के नसीरपुर गांव में मंदिर के पुजारी सुखराम उर्फ सूखा की 17 सितंबर को हत्या कर दी गई थी। हत्या के मामले में संदीप पुत्र ह्रदयराम निवासी रणसुरा देवबंद ने मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी की तलाश शुरू की थी और इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया टीमों ने साक्ष्यों के आधार पर एक आरोपी धर्मेंद्र पुत्र राजवीर निवासी मीरपुर को गिरफ्तार किया और पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह 32 वर्ष का युवक है और शादीशुदा नही है। उसने बताया कि वह और सुखराम 2 से 3 साल से एक दूसरे को जानते हैं और दुग्चैड़ी स्थित गन्ना सेंटर में चैकीदारी का काम करते थे। एक दिन सुखराम ने उसे 2000 का नोट दिखाया और कमरे में ले गया जहां सुखराम ने उसके साथ उसके साथ कुकर्म किया। आरोपी ने बताया कि सुखराम अक्सर उसके साथ कुकर्म किया करता था और उसके एवज में पैसे देता था। आरोपी ने बताया कि जब सुखराम नसीरपुर स्थित मंदिर में आ गया था तब भी उसने कई बार उसे बुलाया और कुकर्म किया। आरोपी की माने तो अब सुखराम उसे कुकर्म करने के बाद पैसे भी नहीं देता था। आरोपी ने बताया कि घटना वाली रात वह अपने गांव से साइकिल पर चलकर नसीरपुर पहुंचा था देर रात पहुंचने पर उसने जब बाबा से खाना मांगा तो सुखराम ने खाना देने से मना कर दिया वही जब वह आरोपी के साथ कुकर्म करने लगा तो उसने पैसे की मांग की लेकिन बाबा सुखराम ने पैसे देने से इनकार कर दिया। बाबा ने कहा कि अब वह मन्दिर का महंत है और अगर उसने पैसे मांगे तो मन्दिर में चोरी के आरोप में फंसा देगा। आरोपी ने अपने बचाव के लिए बाबा सुखराम की बिजली का करंट लगाकर हत्या कर दी।

## आज तहसील रुड़की में गरजेगें, चिन्हित राज्य आंदोलनकारी

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति रजिस्टर की कोर कमेटी की बैठक में पूर्व में घोषित कार्यक्रम एवं 30 अगस्त तहसीलदार रुड़की के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में राज्य आंदोलनकारियों की मांग पूरी ना होने पर 5 अक्टूबर के बाद आंदोलन की बड़ी रणनीति तैयार की जाएगी। 2 अक्टूबर को काला दिवस के रूप में मनाते हुए तहसील रुड़की में समिति प्रदर्शन करेगी। वर्तमान परिस्थितियों में सरकार की उदासीन नीति को देखते हुए और मांगों पर गंभीरता से सकारात्मक निर्णय न लेने के कारण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत जिनके परिवार से राज्य आंदोलन में भी दो-दो लोग शहीद हो गए थे। अब राज्य आंदोलनकारियों की मांगों के लिए स्वयं का जीवन भी आमरण अनशन के रूप में दांव पर लगाने को तैयार हो गए हैं इसी परिपेक्ष में सरकार को दिए गए ज्ञापन के अनुरूप 30 सितंबर को सभी शहीद स्थलों जिसमें अमर शहीद स्थल रामपुर तिराहा मुजफ्फरनगर, श्रीयंत्र टापू, अमर शहीद स्थल खटीमा तथा अमर शहीद स्थल मसूरी से लाई गई पावन माटी कलशो को लेकर अब 5 अक्टूबर के बाद अनशन पर बड़ा फैसला लिया जाएगा। 2 अक्टूबर को समिति रुड़की तहसील में धरना-प्रदर्शन करेगी। समिति के मुख्य मुद्दों में एक समान, सम्मानजनक पेंशन, चिन्हिकरण के मानको में शिथिलता, राज्य निर्माण सेनानी का दर्जा, तथा 10ः क्षैतिज आरक्षण की मांगों को पूरा करवाने के लिये सरकार को शासनादेश जारी करवाने हेतु संघर्ष जारी रहेगा। अमर शहीद पावन माटी कलशो को पुष्प अर्पित करने के पश्चात श्राद्ध पक्ष में विधिवत पूजा कर अमावस्या को गंगा घाट पर विसर्जित किया जाएगा तथा शहीदों की याद में वृक्षारोपण भी किया जाएगा। हरिद्वार में आयोजित जिलाध्यक्षों के सम्मेलन सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। भूपेंद्र सिंह रावत केंद्रीय अध्यक्ष तथा संरक्षक राजेंद्र सिंह रावत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह बताया।

## बेरोजगारी, महंगाई पर भाजपा के खिलाफ एकजुट हो क्षेत्रवासी: एसपी सिंह

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एसपी सिंह इंजीनियर ने गुरूवार को ग्राम लालवाला खालसा में बैठक कर 2022 को लेकर ग्रामीणों की राय जानी। इस दौरान एसपी सिंह ने क्षेत्र में फैली बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़ने तथा क्षेत्र में सड़कों की बदहाली आदि मुद्दों पर ग्रामीणों से बात की। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों से आने वाले विधानसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और जनता की उपेक्षा को लेकर भाजपा के खिलाफ वोट करने का आहवान किया! एसपी सिंह ने कहा कि भाजपा ने पिछले साढ़े चार के अंदर राज्य में मुख्यमंत्री बदलने और आम जनता को धोखा देने का काम किया है। इसलिए अब जनता को भी बीजेपी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना होगा! कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के प्रति माहौल है! 2022 राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है! उन्होंने वादा किया कि सरकार आने पर ज्वालापुर विधानसभा में सड़कों, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रो की हालत को सुधारा जाएगा। रोजगार के रास्ते खोले जाएगें! इस मौके पर हरेंद्र कुमार, बिजेंदर चौहान, अरविंद मालो, अजय कुमार रोड, मास्टर सरदार, चौधरी नसीम अहमद, यामीन अहमद, बृजेश कुमार, कलम सिंह पाल, शाहरुख आदि कांग्रेसी और ग्रामीण मौजूद रहे! ग्रामीणों ने आश्वासन दिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस पार्टी को ही अपना कीमती वोट देंगे। इस दौरान एसपी सिंह इंजीनियर ने यह भी बताया कि 2 अक्टूबर को न्याय पंचायत नौकरा ग्रंथ के क्षेत्र शहीद वाला ग्रंट में एक मीटिंग रखी गई है, जिसमें चीफ गेस्ट के रुप में वह अपने विचार रखेंगे। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से मीटिंग में पहुंचने का आहवान किया! कहा कि लगभग दोपहर 2 बजे तक सभी बैठक में पहुंच जाए।

## प्रदेश में जनता आज परिवर्तन के मूड़ मेंरू भूप सिंह

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य भूप सिंह ने कहा कि ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं जनता आज पूरे प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और सत्ताधारी विधायकों व सरकार की अनदेखी से परेशान है। बेरोजगारी, महंगाई के बीच बच्चों को अच्छे सही से अच्छे स्कूल में पढ़ाना तो दूर आम आदमी ठीक से अपना घर भी नहीं चला पा रहा है। बच्चों की पढ़ाई और परिवार को पालने के दबाव में आज मजदूर और मध्यम वर्ग मानसिक संतुलन खो रहा है। आर्थिक तंगी के चलते आम आदमी आत्महत्या की तरफ बढ़ रहा है! चार दिन पूर्व एक मां के अपने तीन बच्चों को मारने के बाद खुद भी आत्महत्या कर लेना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है! भूप सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार बेरोजगारी और डायन महंगाई की मार से मारने के साथ ही किसान, मजदूर, युवाओं और छोटे कारोबारियों को मानसिक रूप से भी मार रही है! कोरोना की दूसरी लहर इसका दूसरा सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण हैं, जहां मरीजों को अस्पताल में बेड़ और आक्सीजन सिलेंडर तक नहीं मिल सके! समय से पहले ही इलाज के अभाव में लाखों जिंदगी समय से पहले ही इलाज के अभाव में अस्पतालों के बाहर, सड़क पर मौत के मूह में समा गई। सरकार छोटे कारोबारियों, गरीब परिवारों परिवारों को घर चलाने के लिए आथिर्क सहायता के नाम पर एक चवन्नी तक नहीं दे सकी! ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के हालात भी क्षेत्रवासियों के सामने हैं! कहा कि यहां सत्ताधारी विधायक विकास कराने के बजाय रेप के आरोपों में फंसे हैं। भूप सिंह ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में साढ़े 4 साल में सीएम तो बदले हैं, लेकिन युवाओं के लिए रोजगार और आम जनता के विकास की नहीं सोची। आज चुनाव आने और कांग्रेस के महंगाई, बेरोजगारी को लेकर आक्रमक होने के बाद सरकार को विभागों में पिछले साढ़े चार साल से खाली पड़े पदों की याद आई है। प्रदेश के युवाओं और आम जनता को जख्म देने के बाद सरकार अब चुनावी मोड़ में खुद को युवाओं और आम जनता की हितैषी दिखाने का झूठा नाटक करने में लगी है। कहा कि अब प्रदेश में भाजपा के दिन गए! जनता अब बहकावे में आने वाली नहीं है। 2022 में जनता प्रदेश में परिवर्तन की ठान चुकी है! भूप सिंह ने ब्रहस्पतिवार को ज्वालापुर विधानसभा में क्षेत्रवासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना और 2022 में कांग्रेस की सरकार आने पर क्षेत्र के विकास और युवाओं को रोजगार की बात कही। ग्राम मसाई में सोनू व शेखर के यहां कार्यक्रम आयोजित सभा में ग्रामीणो ने कांग्रेस नेता और जिला पंचायत सदस्य भूप सिंह का फूल माताओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रवि, पत्रकार सेवाराम व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों को किया कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। समर्पण जन कल्याण संगठन ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर सिविल अस्पताल रुड़की में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि कोरोना काल में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी निरंतर अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा में लगे रहे। उनका यह योगदान समाज कभी भी भूला नहीं पाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अरोड़ा ने कहा कि चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी कोरोना काल में एक-एक व्यक्ति के प्राण बचाने के लिए अपनी जान जोखिम पर डालकर निरंतर सेवा में लगे रहे। चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी धरती पर ईश्वर का अवतार हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय कंसल ने कहा कि यह सब सहयोगी चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों के सहयोग से ही संभव हो पाया कि हम इतने व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा कर पाए। हम सेवा के लिए निरंतर तत्पर हैं और भविष्य में भी अपना प्रयास जारी रखेंगे इस अवसर पर डॉक्टर संजय कंसल, डॉक्टर मनीष दत्त, डॉक्टर अरविंद कुमार मिश्रा, डॉक्टर आनंद कुमार श्रीवास्तव, डॉ महेश कुमार खेतान, डॉक्टर ऋतु खेतान, डॉक्टर रजत सैनी, डॉक्टर राजकुमार, डॉक्टर संदीप कुमार चैधरी, डॉक्टर मोहम्मद अफजल, डॉक्टर अखिलेश कुमार चैहान, डॉक्टर वंदना भारद्वाज, डॉक्टर गार्गी त्यागी, डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर ज्योति मीना, डॉक्टर कोमल गुप्ता, डॉ. दीपक पांडेय, डॉ. दिव्य गुप्ता, डॉक्टर गरिमा गोयल, डॉक्टर नैनुयो मेफ्फुओ, डॉक्टर गोपाल गुप्ता, डॉक्टर आयुषी शर्मा, डॉ. नैना सैनी, डॉ. वीणा गुप्ता, डॉक्टर एस के कौशिक, डॉक्टर नीरज अग्रवाल, डॉ. हेमंत गुप्ता एवं समस्त चिकित्सा कर्मियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम संयोजक संदीप गोयल एवं अरुण कोहली ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया। संस्था अध्यक्ष नरेश यादव, महामंत्री प्रदीप गोयल एवं कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने सामूहिक रूप से समस्त चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नरेश यादव, प्रदीप गोयल, अमित अग्रवाल, संदीप गोयल, अरुण कोहली, सचिन पंडित, अंकुर सैनी, अनूप बंसल, राजकुमार सोनकर, राजेश सोनकर, संदीप यादव, नवीन शर्मा, संजय गोयल, मुकेश, सुमित कुमार भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व वक्फ बोर्ड चेयरमैन हुए भाजपा के, हरिद्वार में थामा भाजपा का दामन



» मदरलैंड संवाददाता

हरिद्वार। भाजपा जिला कार्यालय पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व वक्फबोर्ड चेयरमैन राव काले खां ने शुक्रवार को अपने समर्थकों समेत कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिस्वरानंद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह चैहान की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिस्वरानंद ने कहा कि राव काले खा का कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने पर उनका उनके सभी साथियों समेत स्वागत है आशा है कि राव काले खा पार्टी की रीति नीति को समझते हुए भाजपा को मजबूती देने का काम करेंगे आगामी विधानसभा चुनाव में कलियर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि अन्य विधानसभा में भी इनके प्रयास से अल्पसंख्यकों का पार्टी से जुड़ाव होगा वह आश्वस्त करते हैं कि भाजपा में इन्हे एक कार्यकर्ता के रूप में पहचान और सम्मान मिलेगा। जिलाध्यक्ष डॉक्टर जयपाल सिंह चैहान ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी सदस्यता संख्या वाली पार्टी है। भाजपा में सबको बराबर उसी तरह सम्मान प्राप्त होगा। जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकताओं को मिलता है हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ,प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को आम आदमी तक ले जाने का काम करना होगा एवं प्रधानमंत्री मोदी के सिद्धांत सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब के प्रयास पर चलकर अपना पूर्ण समर्थन देंगे। मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोसवाल ने भाजपा में शामिल हुए सभी कार्यकताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष देशपल रोड, अनिल अरोड़ा, संदीप गोयल, लव शर्मा, राव जमीर अहमद, राव अजमत, चैधरी नेपाल सिंह, कुलदीप राणा, रिफाकत, दिलशाद, शेर मोहम्मद, मोमिन, मुरसलीन बाबा, हसन, ताहिर, अरशद, साजिद, मतलूब, अखलाक, फारुख, सलीम, वसीम आदि रहे।

## प्राकृतिक जल क्षेत्र में हुआ विकास कम विनाश ज्यादा: एचके पुरोहित

» मदरलैंड संवाददाता



हरिद्वार। राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड के तत्वाधान में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड में गंगा नदी एवं उनकी सहायक नदियों में मात्स्यिकी संवर्धन एवं प्रबन्धन विषय पर विचार गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नमामि गंगे अवलोकन घाट, हरिद्वार में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ज्वाइंट डायरेक्टर मत्स्य उत्तराखंड एच के पुरोहित, मत्स्य फेडरेशन अध्यक्ष एवं मत्स्य विभाग के अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से रिवर रेन्चिंग कार्यक्रम के तहत चंडीघाट पर मां गंगा में रोहू मछली का बच्चा छोड गंगा को प्रदूषणमुक्त कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्वाइंट डायरेक्टर मत्स्य उत्तराखंड एचके पुरोहित ने कहा कि प्राकृतिक मात्स्यिकी जल क्षेत्र में विकास कम और विनाश ज्यादा हुआ है, जिसके चलते जीवनदायनी मां गंगा एवं इसकी सहायक नदियों में आज मत्स्य संपदा विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई हैं जो अपने आप मे गंभीर चिंता एवं मंथन का विषय है, जबकि पूर्व में मछलियों के कारण ही अधिकांश मछुआ समुदाय नदियों के किनारे निवास करता था। उन्होंने कहा कि हरिद्वार से लेकर गंगा सागर तक मां गंगा एवं सहायक नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए न केवल अधिक से अधिक मत्स्य संपदा को पुनर्जीवन देना होगा बल्कि संकल्पबद्ध होकर जनजागरूकता भी लानी होगी। मुख्य अतिथि ने कहा कि वैज्ञानिक विधि अपनाते हुए अधिक से अधिक तालाबों में मत्स्य पालन करे। प्रति हेक्टेयर की दर से तालाब में 8 हजार फिंगर साइज मछली का बच्चा ही डाले यही मछुआ समुदाय की उन्नति के साथ ही प्राकृतिक जल श्रोतो की प्रदूषण से मुक्ति का भी आधार है। मछलियों के उचित मूल्य हेतु सुलभ बाजार व्यवस्था उपलब्ध कराएं जाने के साथ ही बड़े बड़े कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे ताकि एक वर्ष में भी मछलियां न मर सके। उप निदेशक मत्स्य प्रमोद कुमार शुक्ला ने कहा कि 20 वर्ष पूर्व हरिद्वार में मछली पालन एवं मछुआ समुदाय दोनो की ही हालत अच्छी नही थी, लेकिन आज मछुआ समुदाय वैज्ञानिक विधि से बेहतर मत्स्य पालन के कारण स्वतः रोजगार की दिशा में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है जो अपने आप मे सराहनीय है। उन्होंने रिवर रेन्चिंग कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा में छोड़े गए रोहू के मत्स्य बीज की उपलब्धता पर हरिद्वार के मछुआ समुदाय की पूरी टीम को बधाई दी। सहायक मत्स्य निदेशक हरिद्वार अनिल कुमार ने कहा कि मछुआ समुदाय ढूंड-ढूंड कर तालाबों और जलाशयों को मत्स्य पालन के लिए अपने नाम आवंटित कराए, क्योंकि तालाब एवं जलाशयों आदि में मछली का बच्चा पड़ जाने से इन प्राकृतिक जल श्रोतों का जल 80 प्रतिशत प्रदूषणमुक्त हो जाता है, जो वैज्ञानिक कारण है। उन्होंने कहा कि डेंगू, महामारी आदि का कारण प्राकृतिक जल श्रोतो नदियों, जलाशयों, तालाबों का प्रदूषित हो जाना है। कहा कि जनपद में अभी तक मत्स्य पालन के साथ-साथ बत्तक पालन व मुर्गा पालन का अनुभव मछुआ समुदाय के लिए फायदे का सौदा साबित हुआ है। एनसीडीसी अधिकारी एवं राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड के पूर्व सलाहकार अजय पांडे ने कहा कि गंगा को जीवनदायनी और जल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए गंगा के पारिस्थितिकी तंत्र को हर सूरत में संरक्षित एवं सुरक्षित रखना होगा, क्योंकि गोमुख से गंगा सागर तक मां गंगा पर देश की 46 प्रतिशत आबादी निर्भर है। उन्होंने कहा कि फिसरिंग दो प्रकार की होती है कैप्चर फिसरिंग और कलचर फिसरिंग। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि जहां एक ओर 70-80 के दशक में कैपचर फिसरिंग से 60 से 70 प्रतिशत मछली पकड़ी जाती थी आज स्थिति 20 से 30 प्रतिशत ही रह गई है, जबकि आज कल्चर फिसरिंग वैज्ञानिक विधि के सहारे करीब 80 प्रतिशत मछली का उत्पादन किया जा रहा है, इसका मुख्य कारण हम गंगा नदियों का संरक्षण नही कर पा रहे हैं। जिला सहकारी मत्स्य विकास एवं विपणन फेडरेशन हरिद्वार अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री नेपाल सिंह कश्यप ने कहा कि गंगा के पानी को स्वच्छ रखने के लिए मछली छोड़ी जाती है ताकि गंगाजल की गुणवत्ता को बनाए रखा जा सके बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ ग्राम प्रधान मत्स्य पालन हेतु तालाब आवंटन का विरोध करते हैं जबकि मछलिया तालाबों को प्रदूषण मुक्त करने में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एक बड़ा आधार है। इसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नही किया जा सकता है। इसलिए अधिक से अधिक तालाबों का मत्स्य पालन हेतु आवंटन किया जाए। उन्होंने गंगा तट पर नमामि गंगे योजना के तहत बनाए गए चंडीघाट एवं गंगा अवलोकत पर प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के साथ ही केंद्र सरकार का ध्यान भी पूरी तरह जनपद के मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, इसलिए सहकारी मत्स्यजीवी समितियां एवं मत्स्य पालक मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम व जिला सहकारी मत्स्य विकास एवं विपणन फेडरेशन के परस्पर सहयोग से अधिक से अधिक मत्स्य उत्पादन कर हरिद्वार का नाम रोशन करे। मत्स्य अधिकारी देवेश मिश्रा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को एनसीडीसी प्रभारी हरिद्वार यूपी सिंह, झबरेड़ा भाजपा मंडलाध्यक्ष विपिन गर्ग, सहकारी मत्स्यजीवी समिति भिस्तीपुर अध्यक्ष बबिता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीनियर इंस्पेक्टर मत्स्य एवं एनसीडीसी प्रभारी रुड़की, भगवानपुर अमित कुमार पैन्यूली, मत्स्यकर्मी चंद्रपाल व विजयपाल, राजेश कुमार, नन्दकिशोर, संजय कुमार, अमन कुमार, मयंक कुमार, बीके कश्यप, मांगेराम, पप्पू, लल्ला, श्रवण श्यामकुमार आदि सहकारी मत्स्य जीवी समितियों के मत्स्यपालक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने के आरोप में अलग-अलग मामलों में दो को किया गिरफ्तार

मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निदेर्शानुसार व अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए बास थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान एक गांव निवासी संजय के रूप में हुई है जिसने एक नाबालिका के साथ छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी जिस को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया है। व एक अन्य मामले में महिला थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनजीत के रूप में हुई जिसने एक नाबालिका के साथ रास्ता रोककर छेड़छाड़ की और उसके साथ दुष्कर्म किया जिस को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश करके जेल भेज दिया है

### एक उद्घघोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत के दिशा निदेर्शानुसार व जिला भर में पि ,ओ, बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पी,ओ, स्टाफ की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान घनश्याम वासी माजरा के रूप में हुई। जिसने भूमि विकास बैंक से 2009 में एक लाख रुपए का लोन लिया था वह लोन न भरने की एवज में व कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में न्यायालय ने नवंबर 2016 में उद्घघोषित अपराधी करार दिया हुआ था जिस को गिरफ्तार करके थाना नारनोद पुलिस ने माननीय न्यायालय में पेश किया गया हैं।

### जीत फैडरेशन ने जेंडर को आत्म निर्भर करने की मुहिम चलाई



हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना।हर एक को हक होता है अपने पैरो पर खड़ा हो कर मेहनत कर अपना नाम रोशन करने का इसी को देखते हुए जीत फैडरेशन ने जेंडर के लिए एक नया कदम उठाया और सी डी बी बैंक के साथ मिलकर समराला चौक पर धर्मशाला में ब्यूटिशन छे महीने का कोर्स की शुरूआत करी गई सुखविंदर कौर ने बताया कि छे महीने के कोर्स के बाद इन सब को जॉब भी दिलाई जाएगी ताकि आत्म निर्भर होकर अपना काम कर सके सुखविंदर कौर ने बताया कि इन सब को बेसिक और प्रैक्टिकल थ्योरी सिखाई जा रही है जिनसे इनका भविष्य बन सके इस अवसर पर जीत फेडरेशन ने कहा कि जेंडर्स के भविष्य के लिए यह कोर्स कराए जा रहे हैं।

# पंजाब में हर किसी को मिलेगा अच्छा और मुफ्त ईलाज- अरविंद केजरीवाल

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

- केजरीवाल ने दूसरी गारंटी में की 6 बड़ी स्वास्थ्य सुविधाओं की घोषणा
- प्राइवेट अस्पतालों को मात देंगे पंजाब के सरकारी अस्पताल, गांव और वार्ड में खुलेंगे 16 हजार मोहल्ला क्लीनिक
- हर किसी को जारी होगा स्वास्थ्य संबंधी पूर्ण जानकारी वाला सरकारी डिजीटल हेल्थ कार्ड
- सडक दुर्घटनाओ में घायलों के मुफ्त ईलाज संबंधी की बड़ी घोषणा
- कहा, सही समय आने पर की जाएगी मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा

लुधियाना। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के लिए छह स्वास्थ्य सुविधाओं वाली दूसरी बड़ी गारंटी की घोषणा की। केजरीवाल ने वीरवार को लुधियाना में प्रेस को संबोधित करते हुए पंजाब में 'आप' की सरकार बनने पर हर किसी को दिल्ली की तर्ज पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने की गारंटी दी। इस अवसर पर पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष भगवंत मान, पंजाब मामलों के इंचार्ज जरनैल सिंह व सह-इंचार्ज राघव चढ्डा, नेता प्रतिपक्ष हरपाल सिंह चीमा व कुंवर विजय प्रताप सिंह मंच पर उपस्थित थे।

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में प्राइमरी हेल्थ सेंटर ओर कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर समेत सभी बड़े अस्पतालों में मुफ्त ओर अच्छे ईलाज की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब में कुल 16 हजार 'पिंड और वार्ड मोहल्ला क्लीनिक' खोले जाएंगे। पंजाब के सभी छोटे-बड़े अस्पतालों का इंफ्रास्ट्रक्चर दिल्ली की तर्ज पर बेहतर ओर सेंट्रलाइज्ड एयर कंडीशनर बनाया जाएगा और बड़े स्तर पर नए सरकारी अस्पताल भी खोले जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बद् से बद्तर है, इसी कारण पंजाब के लोगों को मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों की लूट का शिकार होना पड़ता हे। लेकिन 'आप' की सरकार आने पर पंजाब के लोग इन परेशानियों से बचेंगे व नजदीकी सरकारी अस्पताल में मुफ्त और अच्छा ईलाज



करवा सकेंगे। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के हर बाशिंदे के मुफ्त ईलाज में दवाई ओर ऑपरेशन खर्च भी 'आप' की सरकार वहन करेगी।

**स्वास्थ्य गारंटी में हैं ये 6 बड़ी सौगात:**

1. पंजाब में हर किसी को प्राइवेट अस्पतालों की तर्ज पर मुफ्त और अच्छे ईलाज की सुविधा सरकारी अस्पतालों में दी जाएगी।

2. ईलाज में सभी प्रकार की दवाई, स्वास्थ्य जांच (टेस्ट) और मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा होगी। दस हजार रुपये तक का इंजेक्शन भी मुफ्त दिया जाएगा। सभी प्रकार की दवाईयों के लिए खिडकी खुली रहेगी। 10-20 लाख रुपये तक के ऑपरेशन का खर्च भी 'आप' की सरकार वहन करेगी।

3. पंजाब के हर बाशिंदे का 'डिजीटल हेल्थ कार्ड' बनाया जाएगा। उनके स्वास्थ्य से संबंधित पूरा रिकॉर्ड कंप्यूटराइज्ड होगा। स्वास्थ्य संबंधी जांच रिपोर्ट्स को हाथ में उठाकर घूमना नहीं पड़ेगा।

4. 16 हजार 'पिंड ओर वार्ड मोहल्ला क्लीनिक' खोले जाएंगे।

5. सरकारी अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राइवेट से बेहतर बनाया जाएगा। नए अस्पताल भी खोले जाएंगे।

6. पंजाब में सडक हादसे में घायल होने वाले व्यक्ति को किसी भी पास के बड़े सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराने पर उसका पूरा ईलाज खर्च 'आप' की सरकार वहन करेगी।

इससे अलग केजरीवाल ने मीडिया जगत के लिए चंडीगढ़ प्रेस क्लब की तर्ज पर पंजाब भर में प्रेस क्लब स्थापित करने का भी भरोसा दिया।

**आशा की किरण है 'आप'**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में तनावपूर्ण माहौल ओर राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। ऐसे में 'आप' की सरकार आशा की किरण है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में 'आप' की सरकार बनने पर लोक हित के कार्यों में अचूक परिवर्तन होंगे। क्योंकि जनहित के कार्यों पर अधिक खर्च नहीं आता केवल इच्छाशक्ति अच्छी होनी चाहिए।

केजरीवाल ने कहा कि लोकहित कल्याण के लिए उन्होंने दिल्ली में 'आप' सरकार के शुरूआती 49 दिन में 32 भ्रष्ट अधिकारियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया था। उसके बाद से दिल्ली में पूर्ण रूप से भ्रष्टचार खत्म हुआ। केजरीवाल ने कहा कि 'आप' पंजाब में स्थिर, निष्पक्ष और ईमानदार सरकार स्थापित करेगी।

पंजाब में 'आप' की ओर से मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा के सवाल पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सही समय आने पर मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा भी की जाएगी। इसके अलावा नवजोत सिंह सिद्धू की 'आप' में एंट्री के सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि फिलहाल यह एक काल्पनिक प्रश्न है।

**सवालों के जवाब-**

1. स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से संबंधित सवाल पर अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बनाए एक फ्लाईओवर की अनुमानित राशि से बचाए गए 150 करोड़ का उदाहरण देकर बताया कि लोकहित कार्यों पर अधिक पेसे खर्च नहीं होते केवल मकसद अच्छा होना चाहिए। ताकि भ्रष्टाचार और लीकेज की गुंजाइश ही न बचे।

2. मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा स्वयं को आम आदमी घोषित करने के संबंध में पूछे गए सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि उनकी नकल करना आसान है लेकिन अमल करना मुश्किल है। इसके लिए ईमानदारी, हिम्मत और साहस की आवश्यकता चाहिए।

3. बेरोजगारी के सवाल पर केजरीवाल ने इसे बड़ी समस्या बताते हुए दिल्ली में बनाए गए जॉब पोर्टल का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस पोर्टल पर दो महीने में 10 लाख जॉब ऑफर आए। उसी तर्ज पर पंजाब की बेरोजगारी की समस्या को भी दूर किया जाएगा। इसके अलावा बसों में मार्शल ओर डोर-स्टेप योजना के तहत भी रोजगार देने की ईच्छा व्यक्त की।

4. अरविंद केजरीवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकारों के पास पैसे की नहीं, बल्कि अच्छी नीयत की कमी है। उन्होंने दिल्ली सरकार पर एक नए पैसे का भी कर्ज नहीं होने का दावा किया।

**पराली संकट को 'आप' सरकार करेगी दूर**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के किसान पराली जलाने को मजबूर हैं, क्योंकि पंजाब में अब तक की सरकारों ने किसानों की इस समस्या का कोई समाधान नहीं तलाशा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने एक विशेष प्रकार का 'घोल' (केमिकल) तैयार करवाया है, जिसके छिडकाव के 15 दिन में ही पराली खाद में बदल जाती हे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार किसानों की पराली पर स्वयं छिडकाव करवा रही है और पंजाब में भी ऐसा ही किया जाएगा।

## मुआवजे को लेकर भाजपा ने किसान मोर्चा के बैनरतले दिया ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

» सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

झुंझुनूं। अतिवृष्टि से जिले के किसानों की फसलों के हुए भारी नुकसान का राज्य सरकार द्वारा तुरंत मुआवजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को भाजपा द्वारा किसान मोर्चा के बैनलतले प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर व भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता शहीद स्मारक से राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिले भर में किसानों का अतिवृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है, सरकार द्वारा जल्द से जल्द उसकी गिरदावरी रिपोर्ट करवा कर किसानों को उनके फसलों का पूरा मुआवजा दे। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित बाजरे की फसल की एमएसपी 2250 रुपए से राज्य सरकार बाजरे की खरीदी करें। पिछले 2 वर्षो से राज्य सरकार





द्वारा बाजरे की खरीदी एमएसपी पर नहीं की गई है। झुंझुनू नगर मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता कमल कांत शर्मा ने राजस्थान सरकार को चेतावनी देते हुए 8 अक्टूबर से पहले किसानों को उनके फसलों के नुकसान का पूरा मुआवजा दे अन्यथा 8 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बड़ा आंदोलन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जायेगा। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, सुशीला सिगड़ा, जिला मंत्री संजय मोरवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह गुर्जर, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवकुमार जेवरिया, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज श्योराण, किसान मोर्चा महामंत्री शीशराम गुर्जर, जिला परिषद सदस्य डॉ राजेंद्र शर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री राजेश कुमार, केसर देव गुर्जर, जितेंद्र मिश्रा, राजपाल काजला, जयपाल, बसंत लाल गढ़वाल, मंजू कुलहरी, भंवरी शेखावत, रविता देवी, नगर महामंत्री रवि लांबा, दिलीप सैनी, नगर मंत्री सुशील सिकलीगर, अब्दुल मजीद अब्बासी, रमेश सिंह, आजाद सिंह गोहाना, योगेश कोल्हार, पंकज जांगिड़, इंजीनियर सतीश चौधरी, बबलू मेघवाल सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता: सुयश

» मदरलैंड संवाददाता

झुंझुनू। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में दिनांक 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक सात दिवसीय गाइड व फ्लॉक यूनिट लीडर बेसिक कोर्स का आयोजन स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू पर किया जा रहा है शिविर के दौरान राज्य संगठन आयुक्त जयपुर संतोष निवारण एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त बीकानेर सुयश लोढ़ा जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनू का इको क्लब विजिट किया इस दौरान प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड एवं प्रधानाचार्य सुनीता कृष्णिया ने इको क्लब वाटिका सहित विभिन्न प्रकार की इको क्लब गतिविधियों की जानकारी प्रदान की इस दौरान स्काउट गाइड विभाग की दोनों अधिकारियों ने विद्यालय में किए पौधारोपण एवं ग्रीन गुड डीड के अंतर्गत स्लोगन लेखन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की विजिट के दौरान सीओ स्काउट महेश कालावत मैं जिले में संचालित नेशनल ग्रीन कोर योजना अंतर्गत इको क्लब की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से अवगत करवाया इस दौरान



सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुश्री सुयश लोढा ने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यक है इसके लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु समन्वित प्रयास करने चाहिए। गाइड कैप्टन कैंप का किया विजिट सी ओ गाइड सुनीता महिला ने बताया कि शिविर के दौरान सहायक राज्य संगठन आयुक्त बीकानेर सुश्री सुयश लोधा ने गाइड कैप्टन बेसिक कोर्स का आकस्मिक विजिट पर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किऐ इस दौरान सुयश लोढ़ा बताया कि आपातकालीन स्थितियों में स्काउट गाइड संगठन की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से बालक बालिकाओं का सर्वांगीण विकास किया जाता है। स्काउट गाइड के माध्यम से बालक बालिकाओं तथा युवक-युवतियों में संस्कारों का बीजारोपण कर राष्ट्र के लिए सुयोग्य नागरिक तैयार किए जाते हैं।

### सुरा ठेकेदारों का सातवें दिन भी धरना जारी

## सितंबर मांह में सरकार को करीब दो करोड़ रूपए के राजस्व का हुआ नुकसान

» सुनिल शर्मा, मदरलैंड संवाददाता




खेतड़ी। झुंझुनू शराब ठेकेदार यूनियन के बैनर तले खेतड़ी व बुहाना के सुरा ठेकेदारो द्वारा दिया जा रहा धरना सातवें दिन भी जारी रहा। सुरा ठेकेदारों ने संयुक्त रूप से सुरा ठेके की गारंटी की बाध्यता समाप्त करने व कंपोजिट फीस न लिए जाने की मांग को लेकर सात दिनों से नानूवाली बावड़ी स्थित देशी सूरा गोदाम के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए सुरा का उठाव नही कर रहे है। जिसके चलते सितंबर माह में सुरा ठेकेदारों ने करीब तीन करोड़ रूपए की देशी व आरएमएल सुरा का उठाव नही करने से सरकार को करीब दो करोड़ रूपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। ठेकेदारों ने सातवें दिन भी मांग पूरी नही होने पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग जल्द नही मानी गई तो ठेकेदार पांच अक्टुबर से भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। सुरा ठेकेदारों ने शुक्रवार को चिरंजीलाल चौधरी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया। चौधरी ने बताया कि उनकी सबसे महत्वपूर्ण मांग सुरा गारंटी की बाध्यता खत्म की जाए, बेसिक लाइसेंस फिस हटाई जाएं तथा सरकार ने गुमराह कर ठेकेदारों से जो कम्पोजिट फिस ली उसे वापस की जाये। उन्होंने बताया की प्रदेश के करीब 26-27 जिलों के ठेकेदारों ने मजबूर होकर सुरा का उठाव बंद कर रखा है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते व आर्थिक मंदी के कारण सुरा ठेकों पर बिक्री पहले से काफी कम हो गई तथा साथ ही सरकारी गारंटी की बाध्यता संबंधी नीतियों के चलते सुरा ठेकेदारों को हर महिने लाखों रूपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। डा.सुभाष ने बताया की पिछले साल तक आरएमएल ब्रांड की सुरा की बाध्यता 20 प्रतिशत तक थी। जिसे सरकार ने बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिया। जबकी आरएमएल ब्रांड को कोई भी लेना नही चाहता। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांग जल्द नही मानी तो भूख हड़ताल पर बैठकर आंदोलन को और तेज किया जाएंगा। साथ ही सुरा का उठाव भी नही करेगे। धरना प्रदर्शन करने वालों में अमीलाल, सुदेश ढाका, मुखराम, राजपाल, सुशील, अनील, परसाराम, सुमेर सिंह, रोशनलाल, विजेंद्र सिंह, धुड़ाराम आदि सुरा के ठेकेदार दिनरात गोदाम के सामने बैठ कर विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

## जिले में किसानों के मुआवजे को लेकर भाजपा ने किसान मोर्चा के नेतृत्व में दिया ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

» कृष्ण स्वामी, मदरलैंड संवाददाता

झुंझुनूं।अतिवृष्टि से जिलेभर में किसानों की फसलों के हुए भारी नुकसान का राज्य सरकार द्वारा तुरंत मुआवजा देने की मांग को लेकर भाजपा द्वारा किसान मोर्चा के नेतृत्व में आंदोलन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। भाजपा कार्यकर्ता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर व भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में शहीद स्मारक से राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तवर ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि जिले भर में किसानों का अतिवृष्टि से फसलों का भारी नुकसान हुआ है, सरकार द्वारा जल्द से जल्द उसकी गिरदावरी करवा कर किसानों को उनके फसलों का पूरा मुआवजा मिले।साथ ही केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित बाजरे की फसल की एमएसपी 2250 रुपए के हिसाब से राज्य सरकार बाजरे की खरीदी करें। पिछले 2 वर्ष से राज्य सरकार द्वारा बाजरे की



खरीदी एमएसपी पर नहीं की गई है इन सभी मांगों को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। झुंझुनू नगर मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता कमल कांत शर्मा ने राजस्थान सरकार को चेतावनी देते हुए 8 अक्टूबर से पहले किसानों को उनके फसलों के नुकसान का पूरा मुआवजा देने की मांग रखते हुए कहा कि 8 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बड़ा आंदोलन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जावेगा। शर्मा ने किसानों की जायज बात को नहीं मानने पर राज्य सरकार की ईट से ईट बजाने की बात कही। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, श्रीमती सुशीला सिगड़ा, जिला मंत्री संजय मोरवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह गुर्जर, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवकुमार जेवरिया, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज श्योराण, किसान मोर्चा महामंत्री शीशराम गुर्जर, जिला परिषद सदस्य डॉ राजेंद्र शर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री राजेश कुमार, केसर देव गुर्जर, जितेंद्र मिश्रा, राजपाल काजला, जयपाल , बसंत लाल गढ़वाल, श्रीमती मंजू कुलहरी, श्रीमती भंवरी शेखावत, रविता देवी , नगर महामंत्री रवि लांबा, दिलीप सैनी, नगर मंत्री सुशील सिकलीगर , अब्दुल मजीद अब्बासी, रमेश सिंह, आजाद सिंह गोहाना, योगेश कोल्हार, पंकज जांगिड़, इंजीनियर सतीश चौधरी, बबलू मेघवाल सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपने ग्राहकों के लिए आईसीआईसीआई बैंक ने पेश किए खास फेस्टिव ऑफर

» मदरलैंड संवाददाता

अमृतसर/ लुधियाना । आईसीआईसीआई बैंक ने आज ह्लफेस्टिव बोनान्जाह्ल लॉन्च करने की घोषणा की, जो प्रीमियम ब्रांडों और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से लक्जरी वस्तुओं सहित हजारों उत्पादों पर तत्काल छूट और कैशबैक के साथ ऑफर का एक पूरा गुंलदस्ता है। ह्लफेस्टिव बोनान्जाह्ल के हिस्से के रूप में बैंक विभिन्न बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं पर रिटेल और व्यावसायिक ग्राहकों को आकर्षक लाभ भी प्रदान करता है। यह ऑफर आगामी त्योहारी सीजन के दौरान विभिन्न तिथियों पर 1 अक्टूबर, 2021 से उपलब्ध रहेंगे। ग्राहक इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स, इंटरनेशनल लक्जरी ब्रांड, परिधान और आभूषण, किराना, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, यात्रा और भोजन से लेकर विभिन्न श्रेणियों पर ऑफर का आनंद ले सकते हैं। आकर्षक छूट की पेशकश करने वाले विशेष ब्रांडों की सूची में फ्लिपकार्ट, अमेजन, मिंत्रा, पेटीएम, बिगबास्केट, ग्रोफर्स, सुपर डेली पेपरफ्राई, जियोमार्ट, मेकमाईट्रिप, सैमसंग, एलजी, डेल, स्विगी, जोमैटो, ईजीडिनर, त्रिभुवनदास भीमजी झवेरी (टीबीजेड) सहित कई ब्रांड शामिल हैं। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक डेबिट या क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करके इन ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक ऋणों पर प्रसंस्करण शुल्क पर छूट, कम ईएमआई और बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों जैसे ऋण, क्रेडिट कार्ड, बचत और चालू खातों, एनआरआई खातों, धन हस्तांतरण, उपभोक्ता वित्त, व्यवसाय बैंकिंग और निवेश जैसी अन्य पेशकश का भी लाभ उठा सकते हैं। लॉन्च पर बोलते हुए आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अनूप बागची ने कहा, ह्यआईसीआईसीआई बैंक अपने ग्राहकों को बेजोड़ उत्पाद और सेवाओं की एक विस्तृत रेंज देने में हमेशा सबसे आगे रहा है। हमने देखा है कि पिछले 12-18 महीनों में खर्च के लिहाज से ग्राहक के हाथ जैसे बंध गए हैं, मांग में कमी आई है। हालांकि पिछले कुछ महीनों में, मैक्रो इंडिकेटर्स से पता चलता है कि खपत और खरीदारी के पैटर्न में स्पष्ट रूप से वृद्धि हुई है। आगामी त्योहारी सीजन के दौरान इस मांग और समग्र आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए हम अपने ग्राहकों के लिए कई प्रमुख ब्रांडों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर ऑफर, छूट और कैशबैक का एक व्यापक गुलदस्ता पेश कर रहे हैं। ऑफर आईसीआईसीआई बैंक डेबिट/क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और कार्डलेस ईएमआई का उपयोग करने पर लागू हैं। इसके अलावा हमने बैंकिंग समाधानों जैसे ऋण, कार्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स और गैजेट्स के फाइनेंस के लिए नो-कॉस्ट-ईएमआई, बचत और चालू खातों और एनआरआई खातों, बिजनेस बैंकिंग आदि में ग्राहकों के लिए फायदे पेश किए हैं।'

## समग्र शिक्षा पलवल व एनजीओ हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया ने दो दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

» सुरेश गुप्ता, मदरलैंड संवाददाता

पलवल। जिला में समग्र शिक्षा पलवल व एनजीओ हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आगरा चौक स्थित राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 100 शिक्षा स्वयं सेवकों को कदम टूल किट को इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के मास्टर ट्रेनरो द्वारा विभिन्न प्रकार से बच्चों को पढ़ाएं जाने के अलग-अलग गतिविधियों के बारे में बताया गया। कार्यशाला का शुभारंभ नगराधीश अंकिता अधिकारी तथा मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी अरविंद कुमार ने किया। ट्रेनिंग सैशन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, खंड शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह, सहायक परियोजना समन्वयक हुकुमचंद गौतम, जिला परियोजना समन्वयक गौतम कुमार, हुमाना की राष्ट्रीय समन्वयक सुमित्रा यादव, राज्य समन्वयक संतोष यादव, जिला समन्वयक दिनेश राघव, फरीदाबाद जिला समन्वयक नीरज कुमार ने शिक्षा स्वयं सेवकों को कदम टूल किट को इस्तेमाल करने के बारे में ट्रेनिंग दी। शिक्षा का अधिकार सभी को मिले कोई भी




शिक्षा से अछूता नहीं रहे, इसके लिए समग्र शिक्षा अभियान द्वारा आर्थिक तंगी या किसी अन्य मजबूरी की वजह से अधूरी शिक्षा छोड़ देने वाले छात्रों को इस अभियान के तहत शिक्षा प्रदान की जाती है।इसी कड़ी में करीब 100 शिक्षा स्वयं सेवक स्कूल से ड्रॉप आउट होने वाले छात्रों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किए गए हैं, जिन्हें दो दिवसीय ट्रेनिंग के लिए आगरा चौक स्थित राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय में बुलाया गया। समग्र शिक्षा अभियान से जुड़े सहायक परियोजना समन्वयक हुकुम गौतम ने विभिन्न अध्यापकों को दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम में बताया कि वह किस तरह से स्कूलों से ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षित करेंगे। समग्र शिक्षा अभियान से जुड़ी एक अध्यापिका ने बताया कि वह पिछले 3 वर्ष से इस अभियान में जुड़ी हुई है। उनका मिशन है कि किसी भी परिस्थितियों में अगर छात्रों ने स्कूल ड्रॉपआउट किया है अर्थात पढ़ाई को बीच में ही छोड़ दिया

## जिला में महिला अपराध बढे, विवाहिता की हत्या, दो विवाहिता को दहेज के कारण घर से निकाला

**मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात।** जिला में महिला अपराधों की बाढ सी आ गई है, जिला पुलिस प्रमुखता से मामलें दर्ज कर आगे कार्रवाई में जुटी हुई है। ताजा आए मामलें में जिला पलवल के उटावड थाना के गांव मलाई निवासी अख्तर हुसैन पुत्र इसाक ने नगीना पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी पुत्री बुशरा उम्र 28 वर्ष को एजाज पुत्र शब्बीर व उसके परिजनों ने जहर देकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे छानबीन शुरू कर दी। इस मामलें के आरोपी फरार हैं। जबकि अन्य मामलें में नूंह के बिजली बोर्ड के सामने रहने वाली एक विवाहिता ने तावडू निवासी अपने ससुराल वालों सब्बीर पुत्र असगर, असगर पुत्र मिच्चू उर्फ पीटटल, वकीला पत्नी असगर निवासियान राधा नगर तावडू के खिलाफ दहेज प्रताडना, मारपीट आदि संगीन धाराओं में मामला दर्ज कराया है। इसम मामलें के आरोपी फरार हैं। वहीं, आरती पुत्री दुल्लीचंद निवासी गांव घासेडा थाना सदर नूंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके ससुराल वाले उससे अधिक दहेज की मांग करते थे और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने अरूण कुमार पुत्र राजेश, राजीव ,राहुल, राजेश, किरण सर्वनिवासियान गांव मुबारिकपुर तहसील फरूख नगर जिला गुरूग्राम को नामजद किया हैं। इस मामलें के आरोपी फरार हैं।

# गांधी और उनके राम अनंत काल तक जीवंत रहेंगे

» भूपेन्द्र गुप्ता


महापुरुषों का जीवन खतरों के बीच से निकलता हुआ ही पुरुषार्थ की दुनिया में अपना नाम रोशन करता है। लाखों लोगों के दुख दर्द को आत्मसात करते और समाधान का रास्ता बनाते हुए जो दर्शन प्राप्त होता है वह उनके जीवन पर खतरों की तरह मंडराता रहता है। स्वार्थियों की घृणा, उनका विद्वेष हमेशा ही ऐसे महापुरुषों से चुनौती महसूस करता है ।महात्मा गांधी जिन्हें आगे चलकर राष्ट्रपिता कहा गया, भी अपवाद नहीं थे। उनके जीवन पर खतरे केवल दम्भी गोरों के ही नहीं थे, बल्कि कट्टरवादी हिंदूओं के भी थे। वे लोग उनके उदारवादी अहिंसक दर्शन को नफरत की नजर से देखते थे। ये लोग खतरनाक इरादों के साथ गांधी पर हमला करने की ताक में रहते थे।

जनवरी 1896 में छः महीने की भारत यात्रा के बाद जब गांधीजी अफ्रीका लौटे तो अंग्रेजों ने अफवाह फैलायी ।इसे तोड़ मरोड़कर नेटाल के अखबारों ने छापा ।लिखा कि गांधीजी अपने साथ सैकड़ों भारतीयों को दो जहाजों में गोरों का मुकाबला करने के लिये आफ्रीका ला रहे हैं ।इस अफवाह को फैलाने के पीछे नटाल के कार्यकारी प्रधानमंत्री अटार्नी जनरल एसक्रोब का हाथ था। वह भारतीयों से नफरत करता था ।इसीलिए उसने अफवाह फैलाने वालों का सहयोग किया। भारतीयों के कारण शहर में प्लेग फैल जाएगा, इस अफवाह के साथ उन जहाजों में आए भारतीय यात्रियों को जहाज से उतरने की अनुमति नहीं दी गई ।जबकि जहाज में सवार लोग अफ्रीका के ही वैध नागरिक थे जो अपने घरों को लौट रहे थे ।लेकिन लगभग चार सप्ताह तक उत्तेजित भीड़ ने जहाजों को घेर रखा था कड़कड़ाती ठंड में भी सारे लोग जहाज में बैठे रहे। छब्बीस- दिन बाद जब एसक्राब को लगा कि हालात उसके काबू में नहीं रहेंगे तो उसने गांधी से रात के अंधेरे में जहाज से उतरने के लिए आग्रह किया और कहा कि आपकी जान को खतरा है। किंतु गांधी ने कहा कि मेरा कोई दुश्मन नहीं है और मैं दिन के उजाले में जहाज से उतरूंगा। वे उजाले में ही जहाज से उतरे ।लोगों ने उन्हें पहचाना और गांधी जी और उनके साथियों पर पत्थर बरसने शुरू हो गए ।संकट की इस घड़ी में रिक्शावाला जिसमें सवार गांधी पर हमला हुआ, उत्तेजित भीड़ देख कर भाग गया ।इस भगदड़ में गांधीजी साथियों से बिछड़ गए और गोरों की भीड़ उन पर टूट पड़ी। गांधीजी बेहोश हो गए गांधी पर यह हमला अफवाह और उकसाये गए माब लिंचिंग करने वाले समूह का हमला था। लेकिन गांधी इस लिंचिंग के बावजूद बच गए ।उनके सहयोगियों ने उनसे पूछा कि उन्होने उजाले में उतरने का खतरा क्यों उठाया ।तब गांधी ने कहा कि मेरी मां और घर की एक सेविका ने उन्हें कहा था कि विपत्ति में राम का स्मरण सब कष्टों को दूर करता है ।तबसे वे मानते थे कि जिस प्रभु राम ने उन्हें सत्कार्य करने की प्रेरणा दी वही रक्षा भी करेगा। आज भी समाज में सत्य की चर्चा करने पर माब लिंचिंग का भय नागरिकों के दिमाग में कौंधता रहता है।

मृत्यू से गांधी का यह पहला सामना था जहां निर्भीक गांधी ने मौत से भयभीत होने से इंकार कर दिया।

आगे जब भारत में उनकी हत्या के जो छः प्रयास हुये, जिनमें से पांच असफल हुए। हिंसा और अपराध अपने औचित्य को सिद्ध करने के लिये अधीर तो होते हैं किंतु अहिंसा शांति और प्रेम उसे बार बार गलत सिद्ध कर देती है।

भारत में गांधी पर पहला हमला 1934 में पूना में हुआ। पुणे नगर पालिका में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। समारोह में आते समय उनकी गाड़ी पर बम फेंका गया। नगर पालिका के मुख्य अधिकारी, पुलिस के दो जवान, और सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हत्या की साजिश करने



वाले लोग इसलिए चूक गए क्योंकि गांधीजी उस कार में सवार नहीं थे जिस पर बम फेंका गया बम फेंकने वाला व्यक्ति और कोई नहीं आप्टे था।

दूसरा हमला 1944 में हुआ जब गांधी जी पुणे के निकट पंचगनी गए थे ।वहां कट्टर हिंदुत्ववादियों ने शौर्य प्रदर्शन कर नारेबाजी की और 22 जुलाई को एक युवक मौका देख कर गांधी की तरफ छुरा लेकर झपटा किंतु भिलारे गुरु जी ने उस युवक को काबू में ले लिया। वह युवक और कोई नहीं नाथूराम गोडसे था।

1944 में ही पंचगनी की विफलता के बाद तीसरी कोशिश सेवाग्राम आश्रम में वर्धा में की गई। गांधीजी अपने काम में निमग्न थे विभाजन की बातें हवा में थीं। जिन्ना देश को सांप्रदायिक रंग देने में जुटा था। सांप्रदायिक हिंदू भी पीछे नहीं थे। गांधी जी ने मुंबई जाकर जिन्ना से बात करने का एलान किया, तो उन्हें रोकने का प्रयास हुआ ।भीड़ में गिरफ्तार एक युवक ग.ल. थत्ते के पास से एक बड़ा छुरा बरामद हुआ।

चौथी कोशिश 1946 में हुई जब हत्यारों की टोली ने यह तय किया कि गांधी को मारने के लिये अगर कुछ दूसरे निर्दोष लोग भी मरें तो कोई बात नहीं ।तब 30 जून 46 को गांधी जिस ट्रेन में मुंबई से पुणे जा रहे थे ।वहां पर ट्रेन पलटने की कोशिश की गई किंतु सावधान ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर इस दुर्घटना को बचा लिया। इस दुर्घटना के बाद गांधी ने कहा था कि मैं 125 साल जीने की आशा रखता हूं ।तब पुणे से निकलने वाले एक अखबार हिंदू राष्ट्र ने लिखा था कि लेकिन आपको इतने साल जीने कौन देगा? उस अखबार का संपादक कोई और नहीं नाथूराम गोडसे था।

1948 में पांचवी कोशिश हुई षड़यंत्रों और योजनाओं के दौर चलते रहे। गांधी जी ने जब कहा कि वे दिल्ली छोड़कर नहीं जाएंगे। वे बिरला भवन में ठहरे हुए थे और रोज की तरह उनकी प्रार्थना सभाएं चलती थी तब 20 जनवरी की शाम को भी प्रार्थना सभा पर बम फेंका गया ।बम फेकने वाला मदनलाल पाहवा शरणार्थी था ।निशाना चूक जाने से गांधीजी बच गए।

छठवीं कोशिश 30 जनवरी 1948 को हुई उसी जगह मदनलाल पाहवा जहां असफल हुआ था गोडसे 10 दिन बाद वहीं सफल हुआ और उसने राष्ट्रपिता के सीने में 3 गोलियां उतार दीं। गांधी की हत्या को लेकर कई तर्क और कहानियां रची गईं। कहा गया कि गांधीजी रु55 करोड़ पाकिस्तान को देना चाहते थे इसलिए यह हत्या की गई ।यह तर्क अपराध के बाद औचित्य सिद्ध करने रचा गया प्रतीत होता है ।क्योंकि अगर यह सच होता है, तो 1934 में गांधी जी की हत्या का प्रयास क्यों हुआ और उसी टोली ने क्यों किया। अगर यह तर्क सच है तो 1944 में यह प्रयास क्यों हुआ तब तो ना देश की आजादी की कोई सूरत थी और ना ही बंटवारे की त्रासदी तब भी आप्टे, नाथूराम गोडसेऔर थत्ते के जहरीले चाकू गांधी की छाती की तरफ ताक रहे थे। महापुरुष के जीवन में ऐसे ही अवसर आते हैं जब अनुदारवादी जमात उदारवाद की हत्या करती हैं ।वे अनलहक कहने वाले मंसूर को फांसी पर चढ़ा देते हैं वे प्रेम और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले यीशु को सूली पर लटका देते हैं वे ही बुद्ध की शिक्षाओं को हिंसा से कुचलते हैं। हिंसा इस बात की घोषणा है कि उत्तर समाप्त हो चुके हैं।

गांधी की हत्या के बाद जो अनुत्तरित प्रश्न है, हत्यारों की मानसिकता आज भी उनके उत्तर ढूंढ रही है। अपने अपराध का औचित्य सिद्ध करने के लिए नई-नई कहानियां गढ़ती रही है, लेकिन गांधी की अहिंसा उनकी गहन शांति और उनका गहना प्रभु 'राम' आज भी जीवंत हैं और अनंतकाल तक जीवंत रहेंगे।

## संपादकीय

# चीन की मंशा



मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की घुसपैठ के बाद भारत और चीन के बीच पैदा हुआ तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। बीते दिनों भारत के दबाव के बाद चीन अपनी सेना पीछे हटाने को राजी हो गया था, मगर उसकी मंशा पर भारत को हमेशा संदेह रहा। अब यह संदेह सच में बदल गया है। पूर्वी लद्दाख में चीन भारत से लगने वाली अपनी सीमा के नजदीक आधारभूत ढांचे के विकास की गति तेज किए हुए है। चीन की इस तरह की हरकतों से साफ है कि सीमा विवाद को लेकर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक तरफ वह बातचीत से विवाद सुलझाने की बात करता है दूसरी तरफ घुसपैठ करना नहीं छोड़ रहा है। ताजा घटना उत्तराखंड के बाराहोती सेक्टर से लगे बॉर्डर की है, जहां चीन के 100 सैनिकों ने पिछले महीने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल क्रॉस की थी। चीनी सैनिकों ने 30 अगस्त को घुसपैठ की थी और 3 घंटे वहां रहने के बाद लौट गए। इसका जवाब देते हुए भारतीय जवानों ने भी पेट्रोलिंग की थी। घोड़ों पर आए चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसकर तोडफोड़ की और लौटने से पहले एक पुल भी तोड़ दिया। बता दें बाराहोती वही इलाका है जिसमें चीन ने 1962 की जंग से पहले भी घुसपैठ की थी। पिछले हफ्ते ही यह रिपोर्ट सामने आई थी कि चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास करीब 8 लोकेशन पर अस्थायी टेंट जैसी रहने की व्यवस्था की है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने उत्तरी इलाके में काराकोरम पास के करीब वहाब जिल्गा से लेकर पीयु, हॉट स्प्रिंग्स, चांग ला, ताशिगॉन्ग, मान्जा और चुरुप तक शेल्टर बनाए हैं। यहां हर लोकेशन पर सात क्लस्टर्स में 80 से 84 तक कंटेनर्स बनाए गए हैं। पिछले दिनों डोकलाम के बाद लद्दाख में चीन को मात खानी पड़ी तो भारत के इसी दृढ़ इरादे के कारण कि उसकी दादागीरी को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लेह दौरा देश के इसी दृढ़ इरादे को रेखांकित करने वाला था। यह उल्लेखनीय है कि डोकलाम के मुकाबले लद्दाख में चीन को कहीं जल्द समझ आ गया कि भारत से उलझना महंगा पड़ेगा। चीनी सेना लद्दाख से जिस तरह पीछे हटने को बाध्य हुई उससे दुनिया को यही संदेश गया कि चीन से आंखों में आंखें डालकर बात करने की जरूरत है। चीन के खिलाफ यह जो संदेश गया, उससे विश्व समुदाय में भारत की अहमियत तो बढ़ेगी ही, चीन की हरकतों से परेशान देशों का मनोबल भी बढ़ेगा। यह तो साफ हो गया है कि चीन अभी तक चीन सीमा विवाद सुलझाने का नाटक ही करता आ रहा है। भारत को इस नाटकबाजी पर पर्दा डालने के लिए सक्रिय होना होगा। इसी के साथ भारतीय सेना को चीन से लगती सीमा पर और अधिक सतर्कता भी बरतनी होगी। उसकी ओर से मित्रता, सहयोग और शांति की बातें करने के बाद भी उस पर यकीन नहीं किया जा सकता। चूंकि चीन भरोसे के काबिल नहीं रहा इसलिए उस पर आर्थिक निर्भरता कम करने का अभियान प्राथमिकता में बने रहना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को धता बताने और अपनी खतरनाक विस्तारवादी प्रवृत्ति बरकरार रखने वाले चीन सरीखे देश पर आर्थिक निर्भरता जितनी जल्द खत्म हो उतना ही अच्छा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना केवल इसीलिए आवश्यक नहीं है कि अहंकारी चीन की चुनौतियों का जवाब देना है, बल्कि इसलिए भी है, क्योंकि उससे ही हम अपनी तमाम आंतरिक समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे।

# विकास पर भरोसा नहीं, जातियों पर दांव?



प्रभुनाथ शुक्ल

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक जुमला खूब चलता है कहते हैं 'दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से गुजरता है'। देश के सबसे बड़े राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। नतीजा राज्य की सियासत गर्म हो गई है। राजनीतिक दल और सरकारें अपने विकास को भूल कर जातिवाद का भजन करने लगी हैं। अभी तक जो सरकार विकास की उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती थी वह जाति पर आकर अटक गई है। राज्य विधानसभा का चुनाव पूरी तरह जातिवाद पर लड़ा जाएगा। विकास सिर्फ मंचीय होगा। सत्ता में मौजूद योगी सरकार को अपने विकास पर भरोसा नहीं है। चुनाव की गोंट फीट करने के लिए जातियों पर दांव लगाया जा रहा। राज्य के मंत्रिमंडल विस्तार में यह बात साफ हो गयी है।

राज्य की सत्ता में दोबारा वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी जहां ओबीसी पर अपनी निगाहें गड़ाए है। वहीं समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ब्राह्मणों का गुणगान करने में लगी हैं। बहुजन समाज पार्टी जगह-जगह ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित कर ब्राह्मणों को अपने पाले में करना चाहती है। क्योंकि 2007 में मायावती के सत्ता वापसी के मूल में ब्राह्मण ही था। बसपा राज्य में दलित उत्पीड़न के फर्जी मुकदमों से परेशान होकर अगड़ी जातियां समाजवादी पार्टी के पाले में चली गयीं जिसके बाद अखिलेश यादव की सरकार बनी।

अखिलेश यादव सत्ता में दोबारा वापसी के लिए ब्राह्मणों को सिर आंखों पर बिठना चाहते हैं। वह अपनी जनसभाओं में परशुराम का मंदिर बनवाने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी रूपाणी युग के अंत के बाद पटेलों पर अधिक भरोसा जताया गया है। यहां भी विकास पर भरोसा कम जातियों पर अधिक दांव लगा है। यहाँ भी आम चुनाव होने हैं। सरकार में पटेल जातियों से सबसे अधिक मंत्रियों को तवज्जो दी गई है। पंजाब में चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर दलितों को साधने की कोशिश यह बताती है कि राजनीतिक दलों को अपने काम पर कम जातियों पर अधिक भरोसा है।

उत्तर प्रदेश, पंजाब, गुजरात और दूसरे राज्यों का चुनाव करीब होने से राजनीतिक हलकों में जातिगत जनगणना का मुद्दा खूब चल रहा है। पिछड़े वर्ग के राजनेता दलीय प्रतिबद्धता को ताक पर रखकर जातिय जनगणना का राग अलाप रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार तैयार नहीं दिखती है ।यूपी की योगी सरकार सबसे अधिक दांव पिछड़ों पर लगा रहीं है। अगड़ी जातियों को लेकर वह अधिक संवेदनशील नहीं दिखती है। क्योंकि उसे मालूम है कि राज्य की अगड़ी जातियां भाजपा छोड़कर अन्यत्र नहीं जानेवाली हैं। लेकिन अगड़ी जातियों में नाराजगी से इनकार नहीं किया जा सकता है। आरक्षण और पिछड़ों को अधिक सम्मान वह कितना पचा पाएगा यह वक्त बताएगा। मंत्रिमंडल विस्तार में पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी को साधने की पूरी कोशिश की गई है। ओबीसी और दलित चेहरों को शामिल किया गया है। जितिन प्रसाद एक मात्र चेहरे हैं जिन्हे कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में जिन लोगों को राज्यमंत्री बनाया गया है उनकी कोई विशेष राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं दिखती है। जितिन प्रसाद को छोड़ बाकि ऐसे चेहरे हैं जो चुनावी गणित साधने के लिए पहली बार मंत्री बनाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार सिर्फ जातिय गणित साधने की कोशिश है। क्योंकि चुनाव में अब बहुत अधिक वक्त नहीं रह गया है। नए चेहरों के पास अभी सरकार और मंत्रालय संभालने का कोई अनुभव नहीं है। इसलिए विकास में इनकी कोई भूमिका नहीं



हो सकती है। अब जातियों को साधने में नए मंत्री कितना कामयाब होंगे यह तो भविष्य बताएगा।

जितिन प्रसाद ही सिर्फ ऐसे राजनेता है जो हैसियत वाले हैं। राजनीति का उन्हें अच्छा-खासा अनुभव है। वह कांग्रेस संस्कृत के राजनेता रहे हैं हाल में पार्टी को छोड़कर वह भाजपा में आए हैं। उनके पिता भी कांग्रेस में केंद्रीय मंत्री थे। प्रसाद का पश्चिमी यूपी के रुहेलखंड में अपना आधिपत्य है। 2004 में शाहजहांपुर से वह पहली बार सांसद बने। 2009 में वह धौराहरा संसदीय सीट से सांसद चुने गए। 2008 में कांग्रेस सरकार में इस्पात मंत्री बनाए गए। जितिन प्रसाद सोनिया गांधी के खिलाफ पार्टी अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा था। अब देखना होगा कि प्रसाद राज्य के ब्राह्मणों को चुनावी नजरिए से साधने में कितने सफल होते हैं।

उत्तर प्रदेश में हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल सात लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें जितिन प्रसाद के साथ पूर्वांचल के गाजीपुर से संगीता बिंद, सोनभद्र से संजय गोंड को मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल किया गया है। निषाद और दलित जातियों को साधने के लिए इन लोगों को मंत्री बनाया गया है। जबकि पश्चिमी यूपी से सबसे अधिक पांच चेहरों को शामिल किया गया है। इसमें प्रमुख रूप से जितिन प्रसाद को कैबिनेट मंत्री बताएगा बनाया गया है। आगरा से धर्मवीर प्रजापति, बलरामपुर से पलटूराम, बरेली से छत्रपाल गंगवार, मेरठ से दिनेश खटीक को शामिल किया गया है। पश्चिमी यूपी में किसान आंदोलन को देखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार काफी अहम माना जा रहा है। यही कारण है कि पश्चिमी से सबसे अधिक चेहरों को जगह मिली है।

उत्तर प्रदेश में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक तकरीबन 40 फीसदी है। सवर्ण जातियां 20 फीसदी के आसपास हैं। राज्य में ब्राम्हण 10 से 12 फीसदी है। यादव 12 फीसदी जबकि कुर्मी और अन्य पिछड़ी जातियां 8 फीसदी के करीब हैं। जाट और मल्लाह 5 फीसदी हैं। 18 फिसदी मुस्लिम और 25 फीसदी के आसपास दलित जातियां हैं। 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछड़े वर्गों का अधिक समर्थन मिला था। राज्य में यादव समाजवादी पार्टी का जबकि दलित बहुजन समाज पार्टी का परम्परागत वोटर रहा है। राज्य सरकार पिछड़ी और दलितों में जो उपजातियां हैं उन्हें अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश कर रही है। लेकिन डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें से आम लोग परेशान हैं बेगारी भी अहम मुद्दा है।

योगी सरकार दोबारा सत्ता में वापसी के लिए हर कदम उठा रहीं है। राज्य में निषाद और बिंद जातियों को पाले में करने के लिए निषाद पार्टी के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। निषाद पार्टी के संजय निषाद इसकी घोषणा कर चुके हैं। पूर्वांचल में पटेल और कुर्मी जातियों पर अच्छी पकड़ होने की वजह अनुप्रिया पटेल को केंद्र सरकार में मंत्री बनाया गया। उधर असदुद्दीन ओवैसी मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण करने में जोर-शोर से लगे हैं। अगर वह कामयाब होते हैं तो इसका सीधा फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। हालांकि मुसलमान बेहद चालाक है। क्योंकि वह भाजपा को रोकने के लिए पूरी कोशिश करता है। इस लिहाज से वह ओवैसी के साथ कितना खड़ा होगा अभी यह कहना मुश्किल है। प्रियंका गांधी राज्य में कांग्रेस की नयी जमींन तैयार करने में लगी हैं। कांग्रेस जितनी मजबूती से लड़ेगी उतना सपा और बसपा कजोर होगी। फिलहाल यह कहना गलत नहीं होगा कि राज्य में चुनावी गणित बैठाने के लिए राजनीतिक दलों के लिए जातियां अहम हो गई हैं। सभी दल जातिय ढपली बजाने में जुट गए हैं।


> राज्य की सत्ता में दोबारा वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी जहां ओबीसी पर अपनी निगाहें गड़ाए है। वहीं समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ब्राह्मणों का गुणगान करने में लगी हैं। बहुजन समाज पार्टी जगह-जगह ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित कर ब्राह्मणों को अपने पाले में करना चाहती है। क्योंकि 2007 में मायावती के सत्ता वापसी के मूल में ब्राह्मण ही था। बसपा राज्य में दलित उत्पीड़न के फर्जी मुकदमों से परेशान होकर अगड़ी जातियां समाजवादी पार्टी के पाले में चली गयीं जिसके बाद अखिलेश यादव की सरकार बनी। अखिलेश यादव सत्ता में दोबारा वापसी के लिए ब्राह्मणों को सिर आंखों पर बिठना चाहते हैं। वह अपनी जनसभाओं में परशुराम का मंदिर बनवाने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी रूपाणी युग के अंत के बाद पटेलों पर अधिक भरोसा जताया गया है। यहां भी विकास पर भरोसा कम जातियों पर अधिक दांव लगा है।

# क्या यही है गांधी जी का भारत?



सुरेश हिंदुस्तानी

भारत के बारे हमारे देश के महापुरुषों की स्पष्ट कल्पना थी। भारत की जड़ों से बहुत गहरे तक जुड़े हुए थे। आज भारत का जो स्वरूप हमारी आंखों के सामने है, वह भारत के महापुरूषों की मान्यताओं के अनरूप नहीं कहा जा सकता। आज जो बुराई दिखाई देती है, वह अंग्रेजी मानसिकता को अपनाने वाले कुछ लोगों की देन है। ऐसे में सवाल यह भी आता है कि इन लोगों को भारतीय जीवन मूल्यों के बारे में या तो पता नहीं था या फिर जानते हुए भी उसे पुनर्स्थापित नहीं करना चाहते थे। भारत को स्वतंत्रता मिलने के पश्चात इस बात पर गहन चिंतन किया गया कि अब कैसा भारत बनाना चाहिए। महात्मा गांधी की इस बारे में स्पष्ट कल्पना थी। वे कहते थे कि मैं एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहता हूँ जिसमें शराब जैसी बुराई का नामोनिशान न हो, जहां समाज में भेदभाव न हो, गौहत्या पाप हो और रामराज्य स्थापित हो। गांधी जी की दृष्टि में भविष्य के भारत की बुनियाद में पुरातन और सांस्कृतिक मानबिन्दुओं का समावेश था। वे जानते थे कि इसके बिना भारत नहीं, क्योंकि भारत का आधार ही राम है। भारत महात्मा गांधी के इन विचारों को हमारे राजनीतिक दल आत्मसात करने में संकोच कर रहे हैं। कहीं न कहीं इन बातों को एक सांप्रदायिक बताने का खेल भी चल रहा है, लेकिन ऐसा करने में वे भूल जाते हैं कि भारत में रामराज्य की संकल्पना स्वतंत्रता मिलने के बाद की नहीं है और न ही यह केवल महात्मा गांधी का ही विचार



है, बल्कि महात्मा गांधी ने उसी बात को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, जो भारत में सनातन काल से चल रहा है। भारत के मनीषियों ने जो सांस्कृतिक मूल्य स्थापित किए थे, गांधी जी ने उनका हृदय से अनुगमन किया और आत्मसात किया। इसीलिए वे भारत में इसके स्थापन का प्रयास करते दिखाई दिए। महात्मा गांधी ने अप्रत्यक्ष रूप से अंग्रेजों की उस नीति का भी विरोध किया, जो समाज में विभाजन की रेखा खींचती थी। इसलिए वे समाज में भाईचारे के भाव का विस्तार चाहते थे। महात्मा गांधी जैसा चाहते थे, उन्हें वैसा दृश्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों में दिखाई दिया। इसलिए वे अपने जीवन के अंतिम दिनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नजदीक आते जा रहे थे। उन्होंने संघ के वर्धा शिविर में भाग लिया। वहां उन्होंने भेदभाव रहित समाज का दर्शन किया, जो उस समय उनकी कल्पना में अपेक्षित था। गांधी जी जानते थे कि सामाजिक एकता इस देश के लिए कितनी आवश्यक है। वर्तमान में समाज की फूट के चलते अनेक विसंगतियों का जन्म हो रहा है। व्यभिचार बढ़ रहे हैं। जो गांधी जी के विचार के प्रतिकूल है ।गांधी जी भगवान राम को सभी धर्म और संप्रदाय से ऊपर मानते थे। आज भगवान राम को जिस प्रकार से केवल हिन्दू समाज से जोड़कर देखा जाता है, वह दृष्टि महात्मा गांधी की नहीं थी। श्रीराम जी का जीवन एक ऐसा आदर्श है जो सबके लिए उत्थानकारी है। गांधी जी ने राम को भारतीय दृष्टि से देखा। आज के समाज से भी यही अपेक्षा की जाती है कि वह राम जी को संकुचित दायरे से न देखकर भारतीयता की दृष्टि से देखें। ऐसा करेंगे तो उन्हें राम अपने दिखाई देंगे, भारत के दिखाई देंगे ।महात्मा गांधी का पूरा चिंतन भारत के विकास पर भी केंद्रित रहा। उन्होंने देश में स्वदेशी भावना को जगाने के लिए स्वयं के जीवन से कई उदाहरण दिए। आज बाजार में जिस प्रकार से विदेशी वस्तुओं का आक्रमण हुआ है, उसके कारण हमारे देश का पैसा विदेशी संस्थाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर रहा है। अपने देश का पैसा अपने देश में ही रहे, इसलिए गांधी जी ने स्वदेशी का विचार अपने जीवन में अपनाया और समाज को प्रेरित किया। आज इस भाव को इसलिए भी अपनाने की आवश्यकता है, क्योंकि आज भारत को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है, जो केवल स्वदेशी विचार से ही संभव है। इतना ही नहीं गांधी जी भारत में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना को भी देश के विकास का मजबूत आधार मानते थे। हालांकि अब भारत का समाज स्वदेशी की ओर जाग्रत भाव के साथ अग्रसर हुआ है। महात्मा गांधी गौहत्या पर पूरी तरह से प्रतिबंध चाहते थे। हम जानते हैं गौ हमारे देश का अर्थशास्त्र है। गाय देश की आर्थिक उन्नति से जुड़ी है। देश में जब गौ आधारित खेती होती थी, तब देश धन धान्य से संपन्न था। धरती के सोना उगलने का समय भी यही था। वास्तव में गांधी जी का चिंतन अद्भुत था। उनका हर शब्द भारत की आत्मा ही था। हमें भारत की आत्मा को बचाना है तो गांधी जी विचारों को आत्मसात करना होगा। इसी से भारत की समृद्धि का मार्ग निर्मित होगा और हम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएेगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

**संक्षिप्त समाचार**

## 'गुलाब' तुफान से गार्डवाल हुआ क्षतिग्रस्त

मदरलैण्ड संवाददाता, देवघर। आमजनों को सूचित किया जाता है कि चितरा-दुलदुलई पथ के 7वें कि0मी0 में स्थित नहर के किनारे के गार्डवाल 'गुलाब' तुफान के प्रभाव से भारी वर्षा के कारण ध्वस्त हो गया है, जिससे पथ क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसे में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक उक्त पथ से होकर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई जाती है। साथ ही इस अवधि में वाहनों के आवागमन के हेतु वैकल्पिक पथ के रुप में जामताड़ा-दुलदुलई-करमाटांड़ पथ एवं सारठ-चितरा-बस्ती पालोजोरी पथ का उपयोग किया जा सकता है।

## पटना में पूर्व मंत्री के बाद अब बिहार कांग्रेस अध्यक्ष के घर चोरी, मदन मोहन झा के कमरे से सामान लेकर भागे चोर

मदरलैण्ड संवाददाता, पटना। बिहार की राजधानी पटना में आम ही नहीं बल्कि खास लोगों के मकान भी अब सुरक्षित नहीं हैं. गुरुवार को राजधानी पटना में चोरों ने बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा के आवास को निशाना बनाया और चोरी की घटना को अंजाम देकर भाग निकले. जिसके बाद कांग्रेस सुरक्षा मामले को लेकर हमलावर है.गुरुवार को चोरों ने पटना में एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के कौटिल्य नगर स्थित मदन मोहन झा के निजी आवास पर हाथ साफ कर दिया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिहार कांग्रेस अध्यक्ष के पुत्र ने इस बात की जानकारी साझा की है. बताया जा रहा है कि चोरों ने उसी कमरे से सामान उड़ाए जो मदन मोहन झा का है.बताया जा रहा है कि रात के वक्त जब घर में सभी लोग सो रहे थे तो चोरों ने एंट्री ली. घर के सदस्य उपरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे थे. मदन मोहन झा इस दिन पटना में नहीं थे. वो दिल्ली प्रवास पर थे. इस घटना पर प्रदेश कांग्रेस ने कड़ी नाराजगी जताई है और गंभीर आरोप भी लगाए हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा को सरकार ने वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी हुई है. लेकिन अभी भी पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी जा रही है.ये संयोग था कि वो दिल्ली में थे. उन्हें गुरुवार को ही लौटना था. चोर उनके कमरे में घुस आए. अगर प्रदेश अध्यक्ष उस वक्त कमरे में सोये होते तो उनके साथ किस तरह की घटना घट सकती थी, ये कौन जानता है. जानकारी के अनुसार, इस पूरे मामले के सामने आने पर एयरपोर्ट थाना की पुलिस छानबीन शुरू कर चुकी है. बता दें कि पटना में चोरी की घटनाएं इन दिनों काफी तेजी से बढ़ी है. वहीं ये पहला मामला नहीं है जब किसी सक्रिय राजनीति के बड़े राजनेता के घर पर चोरों ने हाथ साफ किया हो.कुछ ही महीने पहले भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री प्रेम कुमार के आवास में चोरी हुई थी. विधायक प्रेम कुमार का आवास बिहार के डीजीपी एसके सिंघल के आवास के बगल में ही है. लेकिन चोरों ने आसानी से घटना को अंजाम दिया था.

## 56वीं वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया



मदरलैण्ड संवाददाता, फारबीसगंज। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बथनाहा स्थित एसएसबी के कम्पोजिट अस्पताल एवं 56वीं वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी पूर्णियां एवं ब्लड बैंक सदर अस्पताल अररिया के चिकित्सकों एवं तकनीशियनों के कुशल संचालन में आयोजित इस रक्तदान शिविर में दर्जनों की संख्या में एसएसबी के जवान एवं अधिकारियों ने रक्तदान किया ताकि जरूरतमंदों की जिंदगी बचाई जा सके। रक्तदान करने वालो में प्रभारी कमांडेंट एमके एस मुंडा, कमांडेंट वेटनरी ई चौबा सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट रमेश योकहम, जॉन लेन्थोन आदि अधिकारियों सहित दर्जनों की संख्या में जवानों ने अपना रक्दान किया। मौके पर डीआईजी मेडिकल डॉ बीरम सिंह, कमांडेंट मेडिकल डॉ के एम थोड़े, 2आईसी मेडिकल डॉ स्मृति वर्मा, रेडक्रॉस सोसायटी पूर्णियां के डॉ के के चौधरी, ब्लड बैंक अररिया के डॉ अखिलेश कुमार सहित जाबेद अली, सुनिल कुमार, बादल, इबरार आदि कर्मी मौजूद थे।

## मनिहारी में बुनियाद केंद्र पर मनाया गया अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनिहारी बुनियाद केंद्र में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुनियाद केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर में मनिहारी एसडीएम सिद्धार्थ कुमार पहुँचे बुनियाद केंद्र प्रबंधक अजय कुमार डॉ प्रशांत कुमार दयानंद ने एसडीएम सिद्धार्थ कुमार को फूल माला से सम्मानित किया गया। वृद्धजनो और वरिष्ठ नागरिको के भरण पोषण एवं कल्याण हेतु दी जाने वाले विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई* *बुनियाद केंद्र के प्रबंधक अजय कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सभी संकल्प ले कि कभी वृद्धजन का अनादर नहीं करेंगे। उनके सम्मान को ठेस नहीं पहुंचाएंगे* । *उन्होंने यह भी कहा कि अपने परिजनों के प्रति आदर एवं सेवा भाव रखना हम सभी का परम कर्तव्य होना चाहिए। बुनियाद केन्द्र में वृद्ध जनों व वरिष्ठ नागरिकों के बीच 5 वरिष्ठ नागरिकों को चश्मा दिया गया। काफी उत्साह से उपस्थित सभी वृद्धजनों व वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वस्थ्य होने का परिचय दिया* *आंख के डॉक्टर दयानंद ने बताया कि वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बुनियाद केंद्र का संचालन हो रहा है। संचालित बुनियाद केंद्र पर वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगों को स्वास्थ्य संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बुनियादी केंद्र में उपलब्ध सुविधा के लिए आधार कार्ड से रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। रजिस्ट्रेशन के बाद बुनियाद केंद्र पर निश्शुल्क मिलेगी वाली सुविधाओं में वाक एवं श्रवण संबंधित जांच, निदान एवं परामर्श, नेत्र जांच एवं उपचार, सलाह, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण संबंधित सुविधाएं, रेफरल सेवाएं, फिजियोथेरेपी की सुविधा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा के अन्य कार्यक्रमों से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन एवं निदान। बुनियाद केंद्र द्वारा दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए संजीवनी सेवा वाहन का संचालन किया जा रहा है। वही बुनियाद केंद्र में आए दिव्यांग किशोर कुमार साह लक्ष्मी देवी मोसोमात सविता देवी ने बताया कि बुनियाद केंद्र को दिव्यांगों के लिए बनाया गया है लेकिन बुनियाद केंद्र में आने वाले रास्ता में में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण कई बुजुर्ग गिरकर कई बार घायल हो गए हैं डीपीएम उषा कुमारी को जलजमाव की समस्या को अवगत कराया गया है लापरवाही बढ़ती जा रही है जिसके कारण दिव्यांग लोगों को आने में काफी परेशानी हो रही है।

# बिहार विधानसभा उपचुनाव: चिराग के सामने फैसले की घड़ी, डोरे डाल रहे महागठबंधन के नेता, पारस ने छेड़ा अलग राग...

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बिहार में विधानसभा की दो सीटों पर उपचुनाव होना है. नामांकन प्रक्रिया जारी है. एक तरफ चिराग पासवान से राजद और कांग्रेस समर्थन की उम्मीद रखती है तो दूसरी तरफ यह भी सवाल बना हुआ है कि क्या चिराग खुद अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार सकते हैं. इस बीच लोजपा के अंदर बर्चस्व की लड़ाई भी एकबार फिर जोर पकड़ चुकी है.बिहार में तारापुर और कुशेश्वरस्थान विधानसभा सीट के लिए 30 अक्टूबर को मतदान कराया जाना है. प्रत्याशियों के लिए चुनाव आयोग ने नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है. एनडीए ने अपने उम्मीदवार भी घोषित कर दिये हैं. लेकिन महागठबंधन में शीट शेयशरिंग का पेंच अभी भी नहीं सुलझा है.



एक तरफ राजद तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार उतारने के लिए कमर कस रखी है. वहीं चिराग पासवान को लेकर भी अभी कई संशय बरकरार है. पिछले विधानसभा चुनाव में सुर्खियों में रही लोजपा अब दो फाड़ में बंटी हुइ है. पारस गुट एनडीए के साथ है तो चिराग स्वतंत्र रुप से फैसले ले रहे हैं. वहीं महागठबंधन लगातार चिराग को अपने साथ आने का प्रप्रोजल देती रही है. कांग्रेस इस उपचुनाव में चिराग का साथ चाहती है. बता दें कि हाल ही में जमुई के सांसद चिराग पासवान ने कुशेश्वरस्थान व तारापुर विधानसभा सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की बात कही थी.चिराग ने हाल में ही पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव व लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी और अपने पारिवारिक संबंधों की बात कही थी. वहीं लालू प्रसाद ने चिराग की तारीफ कर उनके साथ खड़े रहने की बात कही थी. जिसके बाद अब यह देखना दिलचस्प है कि चिराग क्या फैसला लेते हैं. बता दें कि हाल में ही चिराग से राजद नेता श्याम रजक ने भी मुलाकात की है.

इस बार चिराग के सामने लोजपा पर बर्चस्व का भी दबाव सामने है. केंद्रीय मंत्री व रामविलास पासवान के भाई पशुपति पारस लोजपा के निशान और झंड़े पर अपना दावा ठोकते हैं वहीं चिराग का कहना है कि निर्वाचन आयोग के पास आज भी वही लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. जिसके बाद फिर यह विवाद सामने आ सकता है कि चुनाव में किस तरह इसे सुलझाया जाए.

# निधि नयन ने फहरायी प्रतापगंज जिला परिषद सदस्य पद पर जीत का पताका

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था के बीच मतगणना कार्य जारी है, दर असल बता दूँ की दूसरे चरण की हुए चुनाव मे शुक्रवार को बी एसएस कॉलेज मे सुबह से ही मतगणना कार्य शुरू हुआ उक्त मतगणना केंद्र का जायजा लेने कोसी आयुक्त राहुल रंजन सुपौल पहुंचे साथ मे सुपौल डीएम महेंद्र कुमार एवं पुलिस कप्तान मनोज कुमार भी मौजूद थे ह्ल

निधि नयन ने प्रतापगंज जिला परिषद सदस्य पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है ह्ल दर असल बता दूँ की निधि नयन पिछले चुनाव मे बहुत कम मतों की अंतर से चुनाव हार गई थी इस बार नयन ने रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीत दर्ज की है बताते चले की निधि नयन को कुल 20,911 मत मिले जब की दूसरे स्थान पर रही गुड़िया खातून महज 9,411 मत ही प्राप्त कर सके इस तरह भारी मतों की अंतर से की जीत दर्ज ह्ल जब की श्रीपुर पंचायत से मुखिया के पद पर शिला देवी ने जीत का पताका फहरायी तो पंचायत समिति सदस्य पद पर मीणा देवी को मिली जीत वही चिलोनो दक्षिण पंचायत से मुखिया के पद पर कृष्णा प्रसाद मंडल ने जीत का पताका फहराया तो चिलोनी उत्तर पंचायत से अनील कुमार ने भारी मतों के अंतर से वर्तमान मुखिया राजेंद्र यादव को दी शिकस्त वही पंचायत गोविन्दपुर से इंदु देवी ने मुखिया पद पर जीत हासिल की ह्ल जब की पंचायत भवानीपुर उत्तर से प्रताप बिराजी ने मुखिया के पद पर जीत का पताका फहराया तो भवानीपुर दक्षिण से फागुनी देवी ने मुखिया का ताज झटकने मे कामयाब रही वही सूखा नगर पंचायत से एक बार फिर रंजीत सिंह ने जीत का पताका फहराने मे कामयाब रहे ह्ल तेकूना पंचायत से मुखिया पद पर मनोज मरिक ने फहराया जीत का पताका।

# देवघर मार्ट संचालन समिति की बैठक अयोजित

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार आज दिनांक-01.10.2021 को देवघर मार्ट संचालन समिति की बैठक समाहरणालय अवस्थित एन०आई०सी० कक्ष में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार एव जिला विज्ञान पदाधिकारी श्री ए०बी०रॉय की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर संचालन समिति के सदस्य श्री भुवन भास्कर सहायक निदेशक हस्तशिल्प, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जे०एस०एल०पी०एस० श्री निशांत नीरज, डीसी सेल से विशेष पदाधिकारी सुश्री अमृता सिंह, सुश्री आस्था जोशी, सहायक सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार, प्रबंधक इज ऑफ डूइंग श्री पीयूष कुमार, आदि उपस्थित थे। बैठक में देवघर मार्ट द्वारा अब तक की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई एवं संचालन के लिए आगे की रणनीति तैयार की गई। देवघर मार्ट के बारे आमजनों को व्यापक जानकारी प्राप्त हो सके इस संदर्भ में प्रचार-प्रसार हेतु व्यापक रणनीति तैयार करने पर चर्चा हुई। देवघर



मार्ट से जुड़े सूक्ष्म व्यवसायी, जे०एस०एल०पी०एस० समूह के सदस्य, कलाकार, आर्टिजन्स आदि को किस तरह प्रभावी तरीके से देवघर मार्ट से जोड़ा जाय एव उनके उत्पादों को कैसे सुगम तरीके से उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाय ताकि उनको अधिकतम लाभ की राशि सुनिश्चित किया जा सके, पर विस्तृत चर्चा की गई।

विदित हो की देवघर मार्ट मूल रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, एस०एच०जी० के सदस्यों के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के साथ-साथ उनका उचित लाभ प्राप्त हो सके, इस उदेश्य से इसकी संकल्पना तैयार की गई है। इससे देवघर के स्थानीय सूक्ष्म उद्यमियों को व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

# बिहार विधान सभा उपचुनाव: महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर पेंच बरकरार, समझौते के मूड में नहीं कांग्रेस

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। बिहार में दो विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन शुरू हो चुका है. लेकिन अभी महागठबंधन में यह पेंच उलझा हुआ है कि किस दल के उम्मीदवार पर बाजी लगायी जाएगी. राजद के अपने दावे हैं तो कांग्रेस के अपने. इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मदन मोहन झा के बाद अब बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास ने भी कुशेश्वरस्थान सीट पर दावा ठोका है.कांग्रेस कुशेश्वरस्थान सीट पर अपने उम्मीदवार के साथ चुनावी मैदान में उतरना चाहती है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास ने भी ये इच्छा जाहिर की है कि पिछली बार बहुत कम मार्जिन से कांग्रेसी इस सीट को हारी थी. इस बार महागठबंधन अगर मजबूती से चुनाव लड़े तो ये सीट निकल जाएगी.भक्त चरण दास ने कहा कि जिन दो सीटों पर उपचुनाव होना है उसमें एक कांग्रेस और एक आरजेडी की रही है. लेकिन अभी वहां के वर्तमान हालात देखकर ही फैसले लेने होंगे. उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने एक टीम को ग्राउंड रिपोर्ट लेने भेजा है.बता दें कि बिहार विधानसभा उपचुनाव में कुशेश्वरस्थान से कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारने की तैयारी में जुट गयी है. उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों के चयन के लिए पार्टी ने पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है. यह कमेटी चुनाव लड़नेवाले प्रत्याशियों की सूची तैयार कर दो अक्तूबर को पार्टी को सौंप देगी. विधानसभा चुनाव 2020 में इस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. अशोक कुमार दूसरे स्थान पर रहे थे.

बिहार प्रभारी भक्त चरण दास ने इस विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के चयन के लिए जिस कमेटी का गठन किया है उसमें आनंद माधव, कपिल देव प्रसाद यादव, कैसर खान, आइपी गुप्ता और अजय पासवान को शामिल किया है.

पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष समीर कुमार सिंह ने बताया कि कमेटी को दो दिनों के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी. कांग्रेस का दावा है कि विधानसभा चुनाव 2020 में महागठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस के कोटे में थी और उसके प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे थे.

# खोदावन्दपुर में नामांकन के अंतिम दिन विभिन्न पदों के कई दिग्गजों ने नामजदगी का पर्चा किया दाखिल

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगूसराय। आगामी 20 अक्टूबर को होनेवाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को खोदावन्दपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में बनाये गये नामांकन काउंटर पर प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी.प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों की भीड़ के कारण प्रखंड मुख्यालय में मेला जैसा नजारा दिखने को मिला.बेगूसराय-रोसड़ा मुख्य पथ एस एच 55 पर खोदावन्दपुर बाजार में प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ के कारण छोटे बड़ें वाहन रेंगता हुआ चल रहा था. नामांकन के अंतिम दिन नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में बाड़ा पंचायत की निवर्तमान मुखिया बेबी देवी, बरियारपुर पूर्वी पंचायत से मुखिया पद के लिए रामप्रीत यादव, फफौत पंचायत से मुखिया पद के लिए निवर्तमान मुखिया किरण देवी, मेघौल पंचायत से मुखिया पद के लिए निवर्तमान मुखिया पुरुषोत्तम सिंह व रामाशीष यादव समेत अनेक प्रत्याशियों ने अपना अपना नामजदगी का पर्चा दाखिल किया.इन प्रमुख प्रत्याशियों के साथ साथ खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र के सागी, दौलतपुर, बाड़ा, बरियारपुर पूर्वी, बरियारपुर पश्चिमी, फफौत, खोदावन्दपुर एवं मेघौल पंचायत के विभिन्न पदों यथा मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं ग्राम कचहरी पंच पद के लिए दर्जनों लोगों ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है.इसकी जानकारी प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ राघवेंद्र कुमार ने दिया है.नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को भीड़ को नियंत्रण करने में पुलिस प्रशासन चुस्त दिखें. हालात को सामान्य बनाये रखने के लिए नामांकन काउंटर पर तैनात दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी सक्रिय दिखें.खोदावन्दपुर प्रखंड में नामांकन पत्रों की जांच चार अक्टूबर, नाम वापसी की अंतिम तिथि छह अक्टूबर तथा प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह के आवंटन का निर्धारित तिथि भी छह अक्टूबर को है. मतदान 20 अक्टूबर को तथा मतगणना 22-23 अक्टूबर को जिला मुख्यालय बेगूसराय स्थित बाजार समिति के प्रांगण में होना सुनिश्चित है.

# एनडीए ने दो सीटों पर अपने उम्मीदवार तय किये, जानिये किसे मिला टिकट




» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा की 2 सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को एनडीए की तरफ से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गयी. तारापुर और कुशेश्वरस्थान विधानसभा सीट के लिए जेडीयू से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा एनडीए के नेता आज संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान की. पटना के होटल मौर्य में बीजेपी, जेडीयू हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और वीआईपी के नेताओं की मौजूदगी में घोषणा की गयी कि तारापुर से राजीव कुमार सिंह उम्मीदवार बनाये हैं, वहीं अमन भूषण हजारी को कुशेश्वर स्थान से प्रत्याशी बनाया गया है.इन दोनों सीटों पर जेडीयू का कब्जा रहा है. जेडीयू दोनों सीटों पर अपना उम्मीदवार उतार रहा है. कुशेश्वरस्थान विधानसभा सीट से विधायक रहे दिवंगत शशिभूषण हजारी के बेटे अमन हजारी को जदयू उम्मीदवार बनाने गया है.वहीं तारापुर विधानसभा सीट मेवालाल चौधरी के निधन के बाद खाली हुई थी. राजीव कुमार सिंह तारापुर से जेडीयू के उम्मीदवार होंगे. राजीव कुमार सिंह कुशवाहा जाति से आते हैं और वह तीन बार पहले विधानसभा चुनाव सीट से लड़ चुके हैं. लेकिन हार नसीब हुई है.

गौरतलब हो कि बीते मंगलवार को निर्वाचन आयोग की ओर से बिहार विधानसभा की दो सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई थी. भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक कुशेश्वरस्थान और तारापुर पर होने वाले मतदान का परिणाम दो नवंबर को आएगा. इन दोनों सीटों के लिए एक अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी किया जायेगा.

आठ अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे. 11 अक्टूबर को स्क्रूटनी होगी जबकि 16 अक्टूबर तक कैंडिडेट्स अपना नाम वापस ले सकते हैं. 30 को वोटिंग के बाद 2 नवंबर को रिजल्ट आएगा और 5 नवंबर से पहले उपचुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी.

# एचआईवी एड्स एवं रक्तदान शिविर पर कार्यशाला आयोजित

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। नेहरू सदन पुस्तकालय भरेली परिसर में जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई, कटिहार सह नेहरू युवा केंद्र संगठन,कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स एवं रक्तदान विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूथ पावर अध्यक्ष हरि प्रसाद मंडल ने किया। संचालन की सराहनीय भूमिका फलका प्रखंड के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बिक्रम कुमार मंडल ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संचारी रोग पदाधिकारी डॉ असरफ रिजमी सह जिला कार्यक्रम प्रबंधक सौनिक प्रकाश संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जविलत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ असरफ रिजमी ने अपने संबोधन में बताया कि एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित नहीं है। एड्स के लक्षणों में जांच विशेष रक्त जांच के आधार पर की जा सकती है ।इस अवसर पर जिला सुपरवाइजर डॉ मिथलेश कुमार ठाकुर, प्रोग्राम मैनेजर अरुण कुमार झा, समेली प्रखंड के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेविका प्रीति कुमारी, रक्तदान प्रभारी कबीर कुमार, कोढ़ा से दीपक कुमार, कुरसेला से मोनी कुमारी, ईश्वरीय विश्वविद्यालय मलहरिया की संचालिका बीके प्रभा दीदी, नेहरू युवा महिला मंडल सचिव पूनम रानी, लोक कला जत्था के मास्टर कलाकार विमल कुमार राम, दिवाकर कुमार , नरैहिया युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष विक्रम कुमार,आदि वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उपस्थित पूर्व मुखिया पंकज कुमार मंडल, पूर्व सरपंच अवधेश कुमार आर्य, यूथ पावर सचिव मिथिलेश कुमार पोद्दार प्रीतम कुमार ,गुड्डू कुमार मंडल आदि को बुके एवं सौल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र कटिहार के सलाहकार समिति के सदस्य श्री मंडल ने बताया कि इस विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला समेली प्रखंड के अलग-अलग जगहों पर आयोजित किया गया जिसमें प्रत्येक दिन तीन-तीन यूथ क्लब के 60 सदस्यों के साथ कार्यक्रम निर्धारित था इस कार्यक्रम में 15 को लबों से कुल 300 युवा संघ सेवकों के साथ यूथ पावर कार्यालय परिसर में इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नन्हीं सी जान की पहली पहचान जन्म प्रमाण पत्र: उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता





देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार आज दिनांक 01.10.2021 को सूचना भवन सभागार में जिला स्तरीय जीवनांक (जन्म-मृत्यु) सांख्यिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री कमलेश कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि जन्म-मृत्यु निबंधन क्यों जरूरी है। साथ ही जन्म-मृत्यु निबंधन में होने वाली समस्याओं को दूर करने की जानकारियों के अलवा विभिन्न प्रपत्रों को भर कर आवेदन करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी से सभी को अवगत कराया।

इसके अलावा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गयी कि जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के प्रावधानों के तहत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी सभी को दी गयी। आगे जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र लेना बच्चे का प्रथम वैधानिक अधिकार और पहचान पत्र है। जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों में भी इनका महत्व है। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया के तहत घर के मुखिया या सगा संबंधी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या कोटवार को घर में जन्म-मृत्यु घटित होने पर, गांव के मामले में गांव के मुखिया द्वारा जन्म-मृत्यु होने पर पंचायत सचिव (उपरजिस्ट्रार) को घटना घटित होने के 21 दिन के अंदर सूचना देना आवश्यक है। अस्पताल या अन्य संस्थाओं में जन्म-मृत्यु होने पर अस्पताल संस्थाओं के प्रभारी द्वारा जिला रजिस्ट्रार को सूचना दिया जाना है। नगरीय क्षेत्र में नगरीय निकायों के अधिकारी रजिस्ट्रार के रूप में काम करते हैं। निजी अस्पतालों द्वारा नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार को उनके अस्पताल में हुए जन्म-मृत्यु की सूचना दी जानी है। वहीं प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय जीवनांक से संबंधित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी-सह-रजिस्ट्रार, अनुमण्डलीय अस्पताल, मधुपुर के रजिस्ट्रार, नगर निगम, देवघर, नगर परिषद, मधुपुर के रजिस्ट्रार/प्रखण्ड-देवघर, करौं एवं देवीपुर के सभी पंचायत सचिव तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय-देवघर, करौं एवं देवीपुर के कर्मियों को विस्तृत रूप से इस संबंध में जानकारी दी गयी। साथ हीं प्रशिक्षण में सभी नियम एवं धारा से संबंधित विस्तृत चर्चा की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र ससमय निर्गत करने एवं शतप्रतिशत ऑनलाईन के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही कोविड-19 से मृत व्यक्तियों की सूचना प्राप्त करने तथा मृतक के निकटम परिजन द्वारा मांगे जाने पर मृत्यु के कारण का चिकित्सा प्रमाण पत्र फॉरम-4/4। में उपलब्ध कराने का निदेश है, लेकिन मृतक के परिजन फॉरम-4/4। में संतुष्ट नहीं रहते है तो MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE & INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH GUIDELINES FOR OFFICAL DOCUMENTS FOR COVID&19 DEATH (ISSUED IN COMPLINANCE TO THE HON'BLE SUPREME COURT ORDER DEATED) द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार सरकार द्वारा जिला स्तर पर गठित समिति के द्वारा कोविड-19 से मृत्यु का प्रमाण पत्र में शामिल एनेक्सर-2 में दिया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी-सह-रजिस्ट्रार/रजिस्ट्रार अनुमण्डलीय अस्पताल मधुपुर/रजिस्ट्रार नगर निगम, देवघर/रजिस्ट्रार नगर परिषद, मधुपुर, प्रखण्ड देवघर, करौं एवं देवीपुर के सभी पंचायत सचिव सह-रजिस्ट्रार तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय, देवघर, करौ, देवीपुर, मोहनपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# रक्तदान के माध्यम से नई जिंदगी देने का सामाजिक कार्य करने में लगे है फलका के सोनू खान जकी

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। रक्त का रंग लाल होता है वह किसी जाति , धर्म के इंसान का हो । रक्त की जरूरत पड़ने पर जिस तरह से लोग जाति , मजहब , धर्म सब दीवारों को तोड़ मानवता व इंसानियत के एक सूत्र में बंधे नजर आते है तथा उस समय केवल एक ही ध्येय होता है कि हमारे दान किए गए रक्त से किसी भी तरह इंसान की जान बच जाए । इसी लिए रक्तदान को सबसे बड़ा दान माना गया है । रक्त की आवश्यकता पड़ने पर उसका प्रबंध करने में कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है , यह केवल जरूरतमंद ही बता सकता है । इसी तरह के एक घटनाक्रम ने फलका निवासी सोनू खान जकी की जिदंगी को एक खास मकसद दे दिया तथा आज वे युथ ब्लड डोनर्स क्लब ग्रुप के माध्यम से जरूरतमंदों को नई जिंदगी देने का काम कर रहे है । सोनू खान जकी ने बताया कि करीब चार वर्ष पूर्व उसके दोस्त के पिताजी का हालत खराब होने के कारण उन्हें दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था । वहां उन्हें रक्त की आवश्यकता महसूस हुई तो चिकित्सकों ने उन्हें एबी नेगेटिव ब्लड का प्रबंध करने के लिए कहा । यह ब्लड ग्रुप बड़ी मुश्किल से मिलता है । उसने तथा उनके दोस्त ने एस ब्लड ग्रुप के लिए अनेक परीचितों , रिश्तेदारों व अनेक हस्पतालों के ब्लड बैंक से संपर्क किया परंतु निराशा हाथ लगी । 2 दिन तक लगातार प्रयास करने के बाद उन्हें यह ब्लड ग्रुप मिल पाया । ऐसे समय में उन्हें हुई परेशानी ने उनके दिमाक की घंटी को बजाया तथा उन्हें महसूस किया कि इस विकट परिस्थिति में लोगों

को रक्त के प्रबंध के लिए न जाने कितनी परेशानी होती होगी तथा कितने ही लोग रक्त का प्रबंधन होने पर अपनी जान गवां देते होंगे । उन्हें तो बड़ी मुश्किल से ब्लड डोनर मिल गया परंतु आम आदमी जिनके पास अनजान शहर में इतने संपर्क भी नहीं होते तो वे किस कदर परेशान होते होंगे । उसी दिन सोनु खान जकी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर प्रण लिया कि अब रक्त को वजह से किसी को परेशानी नहीं होने देंगे तथा उसी दिन 01 फरवरी 2016 को रात 1 बजे ही एक ऐसा व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जिसमे किसी भी जरूरतमंद को कहीं भी किसी भी तरह का ब्लड ग्रुप चाहिए वो ग्रुप में मैसेज करे तथा उसे हम अपने प्रयासों से ब्लड डोनर उपलब्ध करवाएंगे । इसके लिए उन्होंने एक टीम भी तैयार की जो जरूरतमंद के लिए हर समय तैयार रहती है । इसके अलावा युथ ब्लड डोनर्स क्लब द्वारा निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य भी किए जा रहे है । ग्रुप द्वारा अब तक 10 रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके है तथा खुद ग्रुप संचालक सोनू खान जकी 10 से अधिक बार रक्तदान कर चुके है । युथ ब्लड डोनर्स क्लब ग्रुप अब एक संस्था का रूप ले चुका है तथा लोगों को रक्त की आपूर्ति कर नया जीवन प्रदान कर रहा है । ग्रुप में देश के हर कोने से सदस्य जुड़े है जो हर समय रक्तदान के लिए तैयार रहते है । कोरोना संक्रमण के दौरान भी ग्रुप के सदस्यों ने कई लोगों को प्लाज्मा डोनेट किए है । गुप द्वारा हर थैलेसमिक्स बच्चे की हर 15 दिन में 20 दिन में ब्लड डोनर देकर उनकी मदद कर रहे है । युथ ब्लड डोनर्स क्लब ग्रुप के समाजसेवा में योगदान को देखते हुए अनेक बार सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है । सुपरित फिल्म अभिनेता जावेद हैदर ने भी ग्रुप के सदस्यों की हौसला अफजाई के लिए एक वीडियो भी जारी किया है । संस्था संचालक सोनू खान जकी ने बताया कि उनका प्रयास है कि जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो तथा रक्त के अभाव में किसी की जान न जाए । इस उदेश्य को पूरा करने के लिए वे अपने सभी साथियों व ब्लड सेवसं के सहयोग से समाजसेवा के अभियान को गति देते रहेंगे ।



## संक्षिप्त समाचार

### कटिहार सदर प्रखंड मे कई नए चेहरे आए



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार सदर प्रखंड में हुए पंचायत चुनाव का नतीजा शुक्रवार को मतगणना के बाद सामने आया. जिसमें कटिहार पंचायत मनोज हांसदा, भवाड़ा पंचायत सीमा खलखो, गरभेली पंचायत रंजना देवी, डहेरिया पंचायत सोनी सिंह, दलन पूरब पंचायत नईम उल हक, सिरनिया पश्चिम पंचायत मुकेश कुमार पासवान, सिरनिया पूरब पंचायत से अब्दुल कय्यूम मुखिया पद पर जीत दर्ज किया जब के जिला परिषद पद पर अंजुम आरा ने जीत दर्ज किया. सिरनिया पूरब से मुखिया पद के लिए प्रत्याशी राम लखन साह, सिरनिया पश्चिम से नारायण पासवान, कटिहार पंचायत से रामचंद्र मिस्त्री, भाजपा नेता कमल किशोर मंडलकी मां तारा मनी देवी, मुखिया की अपनी सीट नहीं बचा पाए. उपरोक्त हारे हुए लोग अपने पंचायत के दिग्गज माने जाते हैं. और वर्तमान में मुखिया भी थे.

### दूसरी दिन भी नामांकन की प्रकिया जारी



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर में पाचवें चरण में होने वाले पंचायत चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को मुखिया पद हेतु 12,सरपंच पद हेतु 12,समिति सदस्य पद हेतु 13 लोगों ने नामांकन किया । जबकि वार्ड सदस्य एवं पंच सदस्य हेतु समाचार लिखे जाने नामांकन का कार्य जारी था । प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार सौरभ ने बताया कि इस नामांकन प्रक्रिया में लगातार दूसरे दिन तक मुखिया पद में 20, सरपंच पद में 16, पंचायत समिति पद में 17 लोगों ने अपना नामांकन कराया। वहीं वार्ड सदस्य के लिये पहले दिन 61 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। पंच पद के लिये 22 प्रत्याशियों ने नामाकन कराया। दूसरे दिन का नामांकन का कार्य वार्ड सदस्य एवं पंच सदस्य का जारी है। इस संबंध में प्रखण्ड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार सौरभ ने बताया कि पंचायत चुनाव की तैयारी जोर शोर से की जा रही है । नामांकन को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय प्रांगण बेरिकेटिंग की व्यवस्था की गई है। सभी पदों के नामांकन को लेकर अलग अलग काउंटर बनाये गए है। किसी भी उम्मीदवार को नामांकन में परेशानी नही हो इसके लिए समुचित व्यवस्था की गई है ।

### अंतिम दिन 132 लोगों ने नामजद की का पर्चा भरा



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन को लेकर समेली प्रखंड क्षेत्र में अंतिम दिन 132 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन को लेकर प्रत्याशी के साथ आए समर्थकों की भीड़ से प्रखंड मुख्यालय के बाहर गहमागहमी का माहौल रहा। वही नामांकन काउंटरों पर नामजदगी का पर्चा दाखिल करने के लिए विभिन्न पदों के अभ्यर्थी कतार में खड़े दिखे। नामांकन के लिए सबसे ज्यादा भीड़ वार्ड पंच काउंटर पर देखे गए। नामांकन को लेकर विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। जबकि प्रखंड मुख्यालय के बाहर प्रत्याशियों के समर्थकों की काफी भीड़ रही। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मुखिया पद के लिए 10 ,, सरपंच पद के लिए 3 , पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 5 , वार्ड सदस्य पद के लिए 64 वार्ड पंच के लिए 50 कुल 132 अभ्यर्थियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

### सेविका ने बाल विकास परियोजना में नियुक्त लिपिक पर दो हजार रुपए घुस लेने का लगाया आरोप



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय में पहुंच कर केंद्र संख्या-156 की सेविका खालीदा बेगम ने उक्त परियोजना में नियुक्त लिपिक मानष रंजन पर पोषक राशि भेजने के लिए दो हजार रुपए घुस मांगने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार कि राशि भेज दी गई हैं । हम से दो हजार रुपए राशि की मांग की गई तो हमने -1500 सौ रुपए दिए तो परियोजना में नियुक्त डाटा ऑपरेटर अमित कुमार को कागजात व उसमें रखे पंद्रह सौ रुपए दिए तो फैक दिए। उन्होंने कहा कि राशि भेजने को लेकर दो हजार रुपये लगता है । अगर दो हजार रुपये नही दोगे तो पोषाहार की राशि रोक दी जाएगी । सेविका के द्वरा नही दिया गया तो केंद्र संख्या 156 में पोषाहार की राशि रोक दी गयी । इस संबंध में जब सहायक लिपिक मानस रंजन से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मैं दो जगहों के प्रभार में हूँ । उक्त सेविका का पूर्व के राशि का समायोजन और कुछ कमियों के कारण राशि नही भेजी गई । वही बाल विकास परियोजना के लिपिक मानस रंजन ने बताया कि पैसे भेजने के नाम पर राशि लेने का आरोप बेबुनियाद है । वही इस संबंध में महिला पर्यवेक्षिका सूफिया बेगम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कार्यालय से जो राशि भेजी जाती है इसकी जानकारी मुझे नही है । हमलोग हमेशा केंद्र का निरक्षण करते रहते है । वही उक्त केंद्र के सेविका ने जिलापदधिकारी से न्याय की गुहार लगाने की बात कही है । इस घटना को लेकर प्रखण्ड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## मनिहारी में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2,0 एवं स्वतंत्रता के 75 वे साल के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय से रैली निकाला गया





» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मनिहारी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद ममता देवी ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी वार्ड पार्षद एवं सफाई कर्मी के साथ रैली निकाली गई नगर पंचायत कार्यालय से काली मंदिर तक रन किया गया इस आयोजन में नगर पंचायत मनिहारी नगर वासिओ के आम जनता से अनुरोध किया गया कि फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत पर स्वस्थ रहने की अपील की गई आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सफाई कर्मी उन्मुखीकरण किया गया है साथ ही स्वच्छता की रैली किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी रणजीत कुमार ने बताया की नगर पंचायत कार्यालय से काली मंदिर तक रन किया गया है इस आयोजन में निकाय की जनता से अनुरोध किया गया फिट इंडिया डोज आधा घंटा रोज, जन भागीदारी से ही जन आन्दोलन चलाया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सफाई कर्मी के साथ स्वच्छता की रैली किया गया है आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सफाई कर्मी को सफाई मित्र सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र दिया गया है नगर प्रबंधक विशाल कुमार ने बताया कि नगर पंचायत मनिहारी के कार्यालय से अम्बेदकर चौक तक अपने सफाई मित्र के साथ श्रम दान किया गया साथ ही साथ तहत स्वस्थ रहने की अपील की गई लोगो से अपने घर के आसपास सफाई करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में मौजूद श्री विशाल कुमार नगर प्रबंधक निरंजन कुमार प्रधान सहायक गुंजा कुमारी सीआरपीएफ पूनम कुमारी सीआरपीएफ अरुणा देवी आरपीएफ गीता देवी सीआरपीएफ अमर कुमार कार्यालय सहायक मोहम्मद हाशिम कार्यालय सहायक संजय कुमार शैलेश कुमार झा आईटी सहायक एवं नगर पंचायत के कई लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 में जन्मदिन की तैयारी में कोढा विधायिका कविता पासवान एवं सभी बीजेपी कार्यकर्ता जुटे



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्म दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को सेवा और समर्पण एवं नमो गंगे कार्यक्रम के तहत कोढ़ा विधानसभा के कोलासी गांव में बह रही कोसी नदी के किनारे भाजपा के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गंगा एवं अन्य नदियों की सफाई हेतु संकल्प लिया गया । शाम को संध्या आरती का भी आयोजन किया गया जिसमें कटिहार विधान पार्षद अशोक अग्रवाल सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम में कोढ़ा विधायक कविता पासवान, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, किसान प्रकोष्ठ महामंत्री उमेश कुमार सिंह, भाजपा के कोलासी मंडल महामंत्री मिथिलेश कुमार सिंह, कोलासी पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, देवनारायण मुंडा, दिलीप कुमार चौहान, बेबी देवी, एवं कोलासी गांव के बहुत से ग्रामीण सम्मिलित हुए।



## मुआवजा राशि भुगतान शिविर का किया गया आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार आज दिनांक-01.10.2021 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में जिला भू अर्जन पदाधिकारी, देवघर के अध्यक्षता में मोहनपुर हंसडीहा नई रेल लाईन परियोजना हेतु मौजा-हिरणाटांड़, थाना संख्या-731, अंचल-मोहनपुर, कुल रकवा-4.44 एकड़ अर्जनाधीन भूमि से संबंधित पंचाटियों को मुआवजा राशि भुगतान हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हिरणाटांड़, प्रखण्ड-मोहनपुर, जिला-देवघर में मुआवजा राशि भुगतान शिविर का आयोजना किया गया। इस दौरान उक्त मौजा के कुल-26 पंचाट में लगभग 96 रैयत उपस्थित हुए। उपस्थित पंचाटियों को अभिश्रव की प्रति उपलब्ध कराते हुए अभिश्रव सहित वांछित कागजात दिनांक-03.10.2021 को जमा करने का निदेश दिया गया। कुल राशि-15617792/- (एक करोड़ छप्पन लाख सतरह हजार सात सौ बेरानवे) रुपए मात्र भुगतान करने का आदेश दिया गया। दो पंचाट में स्वत्व संबंधी विवाद रहने के कारण मुआवजा राशि भुगतान नहीं किया गया। इसके अलावे भू अर्जन से संबंधित किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, देवघर के मोबाईल संख्या-8825289392 पर सम्पर्क कर सकते है।

## हसनगंज में सभी पदों का मतगणना के बाद मुखिया पद के लिए चार नया चेहरा तो एक रहा पुराना

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। हसनगंज प्रखंड के लिए दूसरे चरण का चुनाव 29 सितंबर को शांतिपूर्ण माहौल में कराया गया था। जो शुक्रवार को कटिहार बाजार समिति भवन प्रांगण सभी पदों के लिए मतगणना सम्पन्न हो गया। जहाँ विधि व्यवस्था को लेकर चाक चौबन्द किया गया था। बता दें कि मतगणना की परिणाम सभी पदों के लिए दोपहर बाद सुना दी गई। जिमसें हसनगंज जिला परिषद पद के लिए शाहीद अख्तर, ढेरुआ पंचायत से मुखिया पद के लिए रुस्तम अली, जगरनाथपुर पंचायत से रीना देवी, बलुआ पंचायत से मुखिया पद के लिए कन्दलाल मुर्मू, रामपुर पंचायत से मुखिया पद के लिए रानी देवी, और कालसर पंचायत से सागर यादव ने जीत हासिल किया। मुखिया पद के लिए कुल हसनगंज प्रखंड में चार पंचायत के लिए मुखिया पद पर नया चेहरा तो वही बलुआ पंचायत से मुखिया पद के लिए पुराना चेहरा सामने साया है। मौके पर जिला परिषद एवं मुखिया पद के प्रत्याशियों की जीत की खबर सुनते ही समर्थकों में गजब का उत्साह देखते ही बन रहा था। समर्थकों ने डीजे के धुन थिमके और खूब अबीर गुलाल उड़ाया। जीत हासिल करने के बाद जिला परिषद प्रत्याशी शाहिद अख्तर ने कहा कि मेरी जीत नहीं प्रखंड के जनता की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता समाज के हित में कार्य करना होगा। वही ढेरुआ पंचायत के मुखिया प्रत्याशी के रूप में जीत अपनी झोली में कर मोहम्मद रुस्तम अली ने कहा कि लोगों ने मुझे आशा विश्वास के साथ चुना है मैं हमेशा हर व्यक्ति के कार्यो पर खरा उतरने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मिलने वाली सभी लाभ तक जन-जन पहुंचाना मेरा पहली प्राथमिकता होगा। मौके पर बलुआ पंचायत के मुखिया प्रत्याशी कन्दलाल मुर्मू ने कहा दूसरी बार पंचायत के जनता हमें चुना है हर हमेशा पंचायत के सम्मानित व्यक्तियों के बीच रहकर सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। पंचायत के जनता के बीच काम किए हैं काम करगें। उन्होंने पंचायत के लोगों को साधुवाद दिया है।



## 10 अप्रैल 1934 को कुसेर्ला के तिनघरिया आए थे बापू

- बापू की याद में गांधी घर तिनघरिया में बना गांधी आश्रम को दुर- दराज से देखने पहुंचे हैं लोग
- कुरसेला के संगम स्थल पर भी बापू की अस्थि कलश का हुआ था विसर्जन

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कुरसेला प्रखंड मे स्थित महात्मा गांधी आश्रम इस क्षेत्र की गौरवमयी संस्था है । 10 अप्रैल 1934 को टीकापट्टी से आने के क्रम मे पूज्य बापू कुरसेला पधारे थे । जिससे स्थानीय जनता मे राष्ट्रीय आन्दोलन का संचार हुआ । जिसके फलस्वरूप 13 अगस्त 1942 को रेल तार उखारने मे कुरसेला परिक्षेत्र के पांच सपूत लालजी मंडल, जागेशवर महलदार, धयूरी मोदी, नाटाय परिहार, रमचू यादव अंग्रेजो के सिपाही के गोली से शहीद हुए । बापू के निधन के पश्चात बैजनाथ चौधरी के नेतृत्व मे गांधी जी के पार्थिव शरीर का अस्थि कलश, भस्म 11 फरवरी 1948 को गंगा व कोसी के संगम मे प्रवाहित किया गया । 11 फरवरी 1948 से ही प्रति वर्ष कुरसेला वासी द्वारा गांधी मेला का आयोजन संगम स्थल पर ही प्रारम्भ हुआ । जबकि गांधी आश्रम की स्थापना 1949 मे भगवन स्वामी द्वारा किया गया । आश्रम के लिए 9 एकङ जमीन स्वर्गीय बौकू साह एवं गोविंद साह ने दान स्वरूप प्रदान किया । भगवन स्वामी आजीवन संचालन तथा बौकू साह आजीवन व्यवस्थापक रहे । इस अवधि मे 1995 मे आश्रम का सर्वांगीण विकास हुआ । गांधी मेला, स्वास्थ्य मेला, कृषि प्रदर्शनी, खादी विकास के साथ साथ गांधी तथा बिनोवा के विचार एवं दर्शन का प्रचार प्रसार किया गया । 25 फरवरी 2007 को आश्रम समिति का



पुनर्गठन आम सभा के द्वारा किया गया । जिसमे पूर्व सांसद नरेश यादव अध्यक्ष सह संरक्षक बने ।

15 जनवरी 1934 को भूकंप आया। जिसमें पूर्णिया जिला सबसे अधिक भूकंप से प्रभावित हुआ था । पंडित जवाहरलाल नेहरू मुंगेर जिला गए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पूर्णिया जिला आए। यहां आने के क्रम में पूर्णिया होते हुए टिकापट्टी से असम धुबरी जाने के क्रम मे 10 अप्रैल 1934 कुसेर्ला आए । यहां के विद्यार्थियों को संबोधित किया संबोधित करने के बाद यहां के लोगों में जागृति जगी। आजादी के प्रति परिणाम यह हुआ । कि 13 अगस्त 1942 को गांधी जी के द्वारा करो या मरो का नारा दिया गया । जिसमें उस नारे में हजारों लोग देवीपुर के पास इकट्ठा हुए। और रेलवे पटरियों को छत बिछड़ कर दिया। रेलवे लाइन को उखाड़ने के क्रम में टॉमी के गोली से 5 आदमी शहीद हो गए। लालजी मंडल ,धतूरी मोदी, रमसू यादव, जागेश्वर मालदार, नटाई परिहार, शहीद हो गए।

गांधी जी के मृत्यु के उपरांत वेदनाथ चौधरी महा सर्वोदय नेता थे । उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भस्म दिल्ली से ला कर समारोह पूर्वक गंगा कोसी के संगम पर विसर्जन किया। पूरे देश में 40 जगह गांधी जी का आश्रम बना हुआ है। पूरे 40 जगह गांधी जी का अस्थि कलश का विसर्जन किया गया। विभिन्न संगम इसी तरह 40 जगह अस्थि कलश का विसर्जन किया गया । इन 40 जगहों में से कुरसेला गंगा कोसी संगम भी विसर्जन किया गया था । उन्हीं के स्मृति में भगवन स्वामी जो गुजरात के थे । बर्मा में रहते थे। जो कुसेर्ला आकर उन्होंने आश्रम की स्थापना की।

पूर्व सांसद नरेश यादव ने बताया कि कि यह गांधी आश्रम गांधीजी विचारों का एक एक संदेश बने एक माध्यम बने जिसके पैगाम को हम गांव-गांव घर-घर तक पहुंचा सके। दुनिया इस बात को मानती है। गांधी। विचार ही मात्र एक विकल्प है। शांति अहिंसा और प्रेम जीवन का आधार है। इसी आधार पर दुनिया संचालित हो सकता है। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है तथा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया जाता है।

## पचपन लीटर स्प्रीट के साथ रंगे हाथ शराब कारोबारी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। माझौलिया पचपन लीटर स्प्रीट के साथ रंगे हाथ एक शराब कारोबारी गिरफ्तार कर कोविड जांचोउपरांत पुलिस ने भेजा जेल । यह जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने दी । उन्होने बतया की इनके बिरुद्ध थानकाण्ड संख्या 550/21 दिनांक 30/9/21 धारा 30( ) 38/41 बिहार मद्द निषेध उत्पाद अधिनियम 2016 के नामजद अभियुक्त जगिरहा गांव निवासी फुलमोहमद अंसारी को माझौलिया पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । बतया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर माझौलिया पुलिस व उत्पाद बिभाग टीम के सहयोग से हुई छपेमारी । जिसका नेतृत्व पुलिस अवर निरीक्षक बाल्मीकि कुमार ने किया। छपेमारी के दौरान फुलमोहमद अंसारी के टाट एव अल्बेस्टर के घर से दो बिस बिस लीटर के नीले रंग का जरकिन और एक उजाला कलर का जरकिन में पंद्रह लीटर कुल 55 लीटर स्प्रीट के साथ कारोबारी गिरफ्तार हुआ । बतया जाता है कि यह स्प्रीट कारोबारी रामबाबू यादव से खरीद कर बेचने के लिए लाए थे । इस पुलिसिया करवाई से शराब कारोबारियो में हड़कंप सा मच गया है।

# क्वाड फेलोशिप कार्यक्रम, 10 छात्रों को क्वाड देश में अध्ययन का मौका देगा

**जिनेवा, एजेंसी।** संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा है कि क्वाड में पहली बार शिक्षा का विषय सामने आया है।क्वाड फेलोशिप कार्यक्रम के तहत गरीब देशों के 10 छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से एक दूसरे के देशों में अध्ययन करने में सक्षम करेगा। संधू ने कहा कि इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर को क्वाड लीडर्स समिट में परिवर्तन, प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण और स्वच्छ, हरित तकनीक की सुविधा के महत्व पर चर्चा की है।संधू ने कहा कि क्वाड के तहत आने वाले देशों अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आयोजित पहले इन-पर्सन समिट में अंतरिक्ष साइबर सुरक्षा व शिक्षा के उच्च मानक क्षेत्रों को चर्चा में शामिल कर एक दायरे को बढ़ाने की कोशिश की है। संधू ने कहा कि आपको याद होगा कि वर्चुअल समिट में सामरिक बातचीत के तीन स्पष्ट क्षेत्रों की पहचान की गई थी, जो कि कोरोना



वैक्सीन, जलवायु परिवर्तन और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां हैं। उन्होंने कहा कि इस शिखर सम्मेलन में उन्होंने इनकी समीक्षा की, इन तीन पहलों का जायजा लिया और नेताओं ने पूर्ण सहयोग के नए क्षेत्रों को शामिल करने के दायरे का विस्तार किया। नए क्षेत्रों में अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा, उच्च मानक अवसंरचना और शिक्षा शामिल हैं।

संधू ने बताया कि अंतरिक्ष में साझेदारी उपग्रह डाटा का आदान-प्रदान करेगी, निगरानी पर ध्यान केंद्रित करेगी, जलवायु परिवर्तन को अपनाएगी, आपदा की तैयारी, महासागर और समुद्री संसाधनों का सतत उपयोग और चुनौतियों का जवाब देगी। साइबर सुरक्षा के महत्व पर जोर देकर उन्होंने कहा कि एक निर्णय लिया गया था कि सरकार और उद्योग उन क्षेत्रों में सुधार के लिए मिलकर काम करें,जिसमें साइबर मानकों, सुरक्षित सॉफ्टवेयर, सभी देशों में कार्यबल, प्रतिभा का निर्माण और विश्वास योग्य डिजिटल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना शामिल है।

# म्यांमार में तख्तापलट के बाद से भारत में दाखिल हुए 15 हजार से अधिक रोहिंग्या



जेनेवा, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने महासभा में पेश की गई एक रिपोर्ट में चैंकाने वाला खुलासा किया है कि म्यांमार में तख्तापलट के बाद से 15000 से ज्यादा लोग भारतीय सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। गुतारेस ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य टकराव के चलते थाईलैंड, चीन व भारत पर असर पड़ा है और सीमावर्ती इलाकों में जातीय संघर्ष शुरू हो गया है, जो चिंता बढ़ाने वाली बात है। उन्होंने बताया कि एक फरवरी को हुए तख्तापलट से पहले म्यांमार में तीन लाख 36 हजार लोगों को विस्थापित किया गया था। गुतारेस ने बताया कि तख्तापलट के बाद से अब हिंसा के कारण करीब दो लाख 20 हजार लोग आतंरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं।इसके अलावा 15 हजार से ज्यादा लोग भारतीय सीमा में प्रवेश कर गए हैं तो करीब सात हजार लोग थाईलैंड जा चुके हैं।

यहां पर जो सबसे हैरान करने वाली बात है, वह यह कि म्यांमार भारत के साथ करीब 1600 किलोमीटर की बिना किसी तार या बाड़े वाली सीमा साझा करता है, जहां पर किसी भी तरह की सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है।इसके अलावा बंगाल की खाड़ी में एक समुद्री सीमा म्यांमार से जुड़ती है। उत्तर-पूर्व में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर व मिजोरम की सीमा भी म्यांमार के साथ मिलती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तालिबान के खिलाफ अमेरिका फिर से रण करने की तैयारी में

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान में काबिज तालिबान के जुल्मों सितम की पूरी दुनिया में चर्चा है ऐसे में अमेरिका फिर से रण की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने इसके संकेत दिए हैं। खबरों के मुताबिक, पेंटागन सचिव जॉन किर्बी ने कहा है कि अमेरिका को हक है कि वह अफगानिस्तान में ड्रोन स्ट्राइक जारी रखे। उन्होंने आगे कहा कि हमें अधिकार है कि हम आतंक से लड़ाई लड़ते हुए अपने राष्ट्र को सुरक्षित करें। पेंटागन की ओर से यह बयान उस समय जारी किया गया है जब तालिबान ने अमेरिका को चेतावनी जारी की है। दरअसल, अमेरिका के कुछ ड्रोन अफगानिस्तान के ऊपर उड़ते दिखाई दिए थे। इसके बाद तालिबान ने कहा कि अमेरिका दोहा समझौते का उल्लंघन कर रहा है। इसको लेकर अमेरिका को चेतावनी भी जारी की गई है। पेंटागन के सचिव जॉन किर्बी ने कहा कि दुनिया भर में अमेरिकी लोगों की रक्षा करना हमारा अधिकार है और हम इसके लिए कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि- हम ऐसा करने भी जा रहे हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय ने पाकिस्तान को लेकर चिंता जाहिर की है। पेंटागन का कहना है कि पाकिस्तान से जुड़ी अफगान सीमा आतंकियों की पनाहगाह है और अमेरिका इसको लेकर चिंतित है। इस बीच अमेरिका ने तालिबान लड़ाकों को शरण देने लिए पाकिस्तान की आलोचना भी की है। पेंटागन ने दावा किया है तालिबान लड़ाकों को पाकिस्तान में सुरक्षित शरण दी गई साथ ही उनका इलाज भी किया गया।

### फिल्म 'ब्लैक विडो' की रिलीज विवाद पर जोहानसन और डिज्नी ने मुकदमे पर किया समझौता

लॉस एंजिलिस, एजेंसी। मशहूर हॉलीवुड अदाकारा स्कार्लेट जोहानसन और स्टूडियो डिज्नी ने सुपरहीरो फिल्म 'ब्लैक विडो' की रिलीज को लेकर मुकदमे पर समझौता कर लिया है। खबर के अनुसार, अभी समझौते की शर्तों का खुलासा नहीं किया गया है। जोहानसन ने कहा कि वह 'डिज्नी के साथ मतभेदों' को हल करके खुश हैं। अभिनेत्री ने गुरुवार को एक बयान में कहा, 'पिछले वर्षों में हमने एक साथ मिलकर जो काम किया मुझे उस पर बहुत गर्व है और टीम के साथ मेरे काफी अच्छे रचनात्मक संबंध रहे। मैं आने वाले वर्षों में साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्साहित हूं।' डिज्नी स्टूडियो के अध्यक्ष एलन बर्गमैन ने कहा कि स्टूडियो अभिनेत्री के साथ समझौता करके खुश है। उन्होंने कहा, ह्यमैं बहुत खुश हूं कि हम 'ब्लैक विडो' के संबंध में स्कार्लेट जोहानसन के साथ परस्पर समझौता कर सके।' जुलाई में लॉस एंजिलिस की एक अदालत में दायर मुकदमे में अभिनेत्री ने दलील दी थी कि मार्वल स्टूडियो की फिल्म की स्ट्रीमिंग रिलीज उनके अनुबंध का उल्लंघन करती है और उन्हें संभावित कमाई से वंचित करती है।

### जनरल बिपिन रावत ने जनरल मार्क मिले से मुलाकात की, क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने अपने अमेरिकी समकक्ष जनरल मार्क मिले से गुरूवार को मुलाकात की और दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों और नागरिक नेतृत्व के प्रधान सैन्य सलाहकार के रूप में अपनी-अपनी भूमिकाओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका के ज्वाइंट स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल डेव बटलर ने बताया दोनों नेताओं ने प्रशिक्षण अभ्यासों में सहयोग जारी रखने और दोनों देशों की सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता बढ़ाने के लिए अधिक अवसर पैदा करने पर सहमति व्यक्त की। ज्वाइंट स्टाफ बटलर ने बताया कि पेंटागन में बैठक के दौरान ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष मिले और रावत ने क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों और नागरिक नेतृत्व के प्रमुख सैन्य सलाहकार के रूप में उनकी संबंधित भूमिकाओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले, जनरल मिले और उनकी पत्नी ने ज्वाइंट बेस मायर-हेंडरसन हॉल में सशस्त्र बलों के पूर्ण सम्मान आगमन समारोह के दौरान जनरल रावत का स्वागत किया। जनरल मिले ने जनरल रावत को उनकी कुशल सेवा और नेतृत्व के लिए धन्यवाद दिया, जिसने अमेरिका और भारत की साझेदारी की मजबूती में बहुत योगदान दिया है।

# रोमानिया के कोन्स्तांता के अस्पताल में लगी आग, नौ लोगों की मौत



**बुखारेस्ट, एजेंसी।** रोमानिया के बंदरगाह शहर कोन्स्तांता के अस्पताल में शुक्रवार सुबह लगी आग में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। रोमानिया के आपातकालीन स्थिति निरीक्षण कार्यालय ने कहा कि सभी मरीजों को संक्रामक रोगों के कोन्स्तांता अस्पताल से निकालकर मध्याह्न तक आग बुझा ली गई थी।बयान में कहा गया कि 113 मरीज अस्पताल की चिकित्सा इकाई में थे, जिनमें से 10 गहन चिकित्सा इकाई के मरीज थे। 1.9 करोड़ की आबादी वाले यूरोपीय संघ के देश रोमानिया में पिछले एक साल के भीतर दो अन्य अस्पताल में घातक आग लगी है, जिसने देश के पुराने अस्पतालों के बुनियादी ढांचों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं।

पिछले नवंबर में, उत्तरी शहर पियात्रा नीमत में कोविड-19 रोगियों के लिए गहन देखभाल इकाई में आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई थी। जनवरी में एक और आग ने बुखारेस्ट के मातेइ बाल्स अस्पताल के एक वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया था, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए थे। मातेइ बाल्स की आग के बाद, राष्ट्रपति क्लाउस इओहानिस ने तत्काल और 'गहन' सुधार का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि इस तरह की त्रासदी 'फिर से नहीं होनी चाहिए।'



उत्तरी लाओस में नेम ओयू नदी के हायड्रो पावर प्लांट का मनोरम दृश्य।

# फ्रांस ने इस्लामिक कट्टरपंथ के खिलाफ लिया बड़ा एक्शन, बंद कीं 30 विवादित मस्जिदें

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस ने इस्लामिक कट्टरपंथ के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए एक साल के अंदर 30 मस्जिदों को बंद कर दिया है। फ्रांस के गृहमंत्री गेराल्ड डारमानिन ने बताया कि 89 मस्जिदों का निरीक्षण किया गया था और इनमें से एक तिहाई को बंद कर दिया गया है। फ्रांस में विवादित मस्जिदों को बंद करने का अभियान नवंबर 2020 में शुरू किया गया था। इससे पहले गेराल्ड ने कहा था कि अलगाववाद विरोधी कानून को लागू करने से पहले अतिवादियों को शरण देने वाली 650 जगहों को बंद कर दिया गया। यही नहीं फ्रांसीसी पुलिस ने देश में 24000 जगहों की जांच की थी। गेराल्ड ने कहा कि कट्टरपंथ को बढ़ावा देने को लेकर 89 मस्जिदों की नवंबर 2020 में जांच की गई थी और अब उनमें से एक तिहाई को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा देश के विभिन्न इलाकों में स्थित 6 और मस्जिदों को बंद करने की भी योजना है।

फ्रांसीसी गृहमंत्री ने बताया कि उन्होंने 'इयूप सुल्तान' मस्जिद के निर्माण का विरोध किया है। हालांकि स्थानीय प्राधिकरण से मस्जिद को बनाने की अनुमति मिली हुई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इस्लाम को बढ़ावा देने वाले 5 मुस्लिम संघों को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अलगाववाद रोधी कानून उन्हें इससे ज्यादा करने की भी अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि कुल 10 संघों को बंद किया जाना है। उन्होंने कहा कि 205 संघों के बैंक खातों को बंद किया गया है और दो इमामों को देश से बाहर निकाला गया है। गेराल्ड ने कहा हम उन लोगों में आतंक भरना चाहते हैं जो हमारे खिलाफ आतंक फैलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी धार्मिक अधिकारी वर्ष 2023 से फ्रांस में नहीं आ सकेंगे। यही नहीं जो विदेशी धार्मिक अधिकारी पहले से यहां पर हैं, उनके निवास परमिट को बढ़ाया नहीं जाएगा।

फ्रांसीसी गृहमंत्री ने कहा नशीले पदार्थों की तस्करी और घरेलू हिंसा के आरोपी लोगों का भी निवास परमिट नहीं बढ़ाया जाएगा। यही नहीं फ्रांस ने अल्जीरिया, ट्यूनिशिया और मोरक्कों के लोगों के लिए वीजा की संख्या बहुत सीमित कर दी है ताकि जिन लोगों को फ्रांस ने वापस भेजा है, उनको वे आसानी से अपने यहां वापस ले लें। इससे पहले फ्रांस में शीर्ष संवैधानिक प्राधिकरण ने अलगाववाद विरोधी कानून को स्वीकृति दे दी थी। इस बिल को नेशनल असेंबली ने पारित किया था। इस विधेयक में कट्टरपंथियों पर लगाम कसने के लिए कई कड़े प्रावधान किए गए हैं।

# छह माह से अधिक समय बाद कोरोना संबंधी आपातकाल से बाहर निकला जापान

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान छह महीनों से अधिक समय बाद पहली बार कोरोना संबंधी आपात स्थिति से पूरी तरह बाहर निकल आया है। अब संक्रमण के मामले कम होने के साथ ही अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के प्रयासों के तहत कोरोना संबंधी नियमों में धीरे-धीरे ढील देना शुरू कर दिया गया है।

टोक्यो के व्यस्त शिंगावा रेलवे स्टेशन पर मास्क पहने यात्री अपने-अपने काम पर जाते दिखे। इनमें से कुछ लोग महीनों बाद कार्यालयों में जा रहे हैं। टोक्यो समेत आधे से अधिक देश में लगा आपातकाल गुरूवार को समाप्त हो गया है। पिछले कुछ हफ्तों में संक्रमण के नए मामलों में कमी आने के बाद यह फैसला लिया गया है। महामारी के मामलों में कमी आने के कारण जापान की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर दबाव कम हुआ है।

निवर्तमान प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा ने लोगों का उनके धैर्य और सहयोग के लिए आभार जताया है और वायरस रोधी मूल उपायों का पालन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर मैं आपका सहयोग मांगता हूं ताकि हम सुरक्षित महसूस करते हुए अपनी दिनचर्या में लौट सकें। आपातकाल की स्थिति हटाए जाना कुछ लोगों के लिए एक नई शुरूआत है। अकीफुमी सुगीहारा ने कहा कि वह करीब एक साल बाद शिंगावा रेलवे स्टेशन लौटे हैं।

उन्होंने कहा मैं पिछले एक साल से ज्यादा समय से घर से काम कर रहा था और मैं टोक्यों में अपने कार्यालय में आया हूं, क्योंकि अब आपातकाल हटा लिया गया है। यह एक शुरूआत लग रही है। जापान में तकरीबन 59 प्रतिशत से अधिक लोगों ने कोरोना रोधी टीके की दोनों खुराकें लगवा ली हैं। देश में अब तक कोरोना संक्रमण के 16.9 लाख मामले सामने आए हैं जबकि 17,641 लोगों की मौत हो चुकी है।

# नौकरी के एवज में दैहिक संबंध बनाने की मांग, डब्ल्यूएचओ के कर्मियों पर लगा गंभीर आरोप

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** वैश्विक निगरानी संस्था विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 21 कर्मचारियों पर महिलाओं और नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगने के बाद हड़कंप मचा है। यह खुलासा स्वतंत्र जांच में हुआ है। अफ्रीकी देश कांगो में 2018 से 2020 के दौरान इन घटनाओं को अंजाम दिया गया। डब्ल्यूएचओ के कर्मचारी इबोला महामारी से लड़ने के लिए कांगो गए थे, तभी उन्होंने कई महिलाओं और



लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया। स्वतंत्र रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2018 में इबोला महामारी की रोकथाम के लिए गई डब्ल्यूएचओ टीम वहां कुछ महिलाओं के नौकरी के लिए इंटरव्यू लिए। 43 वर्षीय महिला ने बताया कि वह कांगो में अपने इलाके में इबोला के लिए जागरूकता फैलाने के लिए डब्ल्यूएचओ में नौकरी के लिए गई थी, लेकिन वहां पर इंटरव्यूअर ने उसे नौकरी देने के बदले सेक्स की मांग कर दी। जब महिला ने मना किया तो उसने जबदस्ती रेप किया। ऐसी ही सैकड़ों कहानियां कांगो के रिमोट इलाकों और गांवों में महिलाओं के साथ घटी हैं।

आरोपों की पुष्टि होने के बाद डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडोनम घेब्रेयेसस ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि गुनाह करने वालों को सजा दिलाना उनकी प्राथमिकता में है। जांच टीम ने यह भी पाया कि हॉस्पिटल में भर्ती महिलाओं के साथ भी यौन हिंसा की गई थी। करीब 83 ऐसे लोगों का पता चला, जिन्होंने इबोला महामारी के दौरान महिलाओं का यौन शोषण किया था। इनमें से 21 डब्ल्यूएचओ के कर्मचारी थे। प्रभावितों की मदद करने गए ये कर्मचारी महिलाओं की ड्रिंक में नशीली चीजें मिलाने के बाद उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाते थे। जबकि कुछ महिलाओं का कहना है कि नौकरी के वादे के नाम पर उनका यौन शोषण किया गया।

पीड़ित महिलाओं ने यह भी बताया कि यौन हमले के दौरान आरोपी कंट्रासेप्शन का इस्तेमाल नहीं करते थे और बाद में अबॉर्शन के लिए दबाव बनाते थे। कुछ पीड़ित महिलाओं ने बताया कि एक डॉक्टर ने भी नौकरी का वादा करके उनके साथ रेप किया था। इन घटनाओं को लेकर जांच तब शुरू हुई थी, जब करीब 50 महिलाओं ने मदद करने वाले लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे। गौरतलब है कि इबोला महामारी के दौरान कांगो में करीब दो हजार लोगों की मौत हो गई थी।

# जापान के साथ युद्धाभ्यास करेगा भारत, गरजेंगे सुखोई फाइटर जेट, चीन को देंगे सख्त संदेश

**टोक्यो, एजेंसी।** चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत और जापान की वायुसेना एकसाथ युद्धाभ्यास करने जा रही है। इस अहम युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारत अपने अत्याधुनिक सुखोई-30 फाइटर जेट भेजेगा। दोनों वायुसेनाओं के बीच यह अभ्यास पहले वर्ष 2020 में होना था लेकिन उसे कोरोना वायरस के कारण स्थगित कर दिया गया था।

अभ्यास ऐसे समय पर हो रहा है जब पूर्वी चीन सागर और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ क्रमशः जापान और भारत का तनाव काफी बढ़ा हुआ है। जापानी अखबार सानकेई शिमबून ने बताया कि चीन के खतरे को देखते हुए इस साल के आखरि तक यह भारतीय-जापानी अभ्यास हो सकता है। भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 विमान, अमेरिका के एफ-15 और ब्रिटिश टाइफून फाइटर जेट आपस में अभ्यास कर चुके हैं। हालांकि जापानी वायुसेना के फाइटर पायलट के साथ रूसी मूल के विमान के साथ मुकाबला दुर्लभ माना जा रहा है। जापानी वायुसेना अमेरिका निर्मित एफ-15, एफ-2 और हाल ही में मिले दुनिया के सबसे आधुनिक विमान एफ-35 का इस्तेमाल करती है।

जापान की वायुसेना न केवल चीन के सुखोई-30 विमानों बल्कि रूसी सुखोई-30 विमानों का अक्सर सामना करती रहती है। जापान का रूस के साथ विवाद चल रहा है। चीन और रूस दोनों ही सुखोई सीरीज के कई विमानों का इस्तेमाल करते हैं। इस अभ्यास से जापानी वायुसेना सुखोई जेट के खिलाफ जंग के गुर सीख सकती है। जापान के कनागवा यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ कोरे वॉलेस ने कहा जापान का भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 विमानों के साथ अभ्यास का महत्व काफी अधिक हो सकता है।


वॉलेस ने कहा इस अभ्यास से जापानी पायलट सुखोई-30 की हवाई कौशल, रेंज, ईंधन की खपत और मेंटीनेंस आदि के बारे में जानकारी मिल सकती है। यह युद्ध के दौरान रणनीति बनाने में काफी कारगर हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के सुखोई कई खास क्षमता से लैस हैं, जिनके बारे में भी जापानी सेना को जानकारी मिल सकती है। माना जा रहा है कि इस अभ्यास का मकसद चीन को सख्त संदेश देना है, जो भारत और जापान दोनों के लिए खतरा बना हुआ है।


# लंबे अर्से के बाद तरैया प्रखंड परिसर हुआ जगमग

## नव पदस्थापित बीडीओ कृष्ण कुमार सिंह के प्रयास से प्रखंड परिसर में रात्रि में पसरा अंधेरा व सन्नाटा हुआ समाप्त

» मदरलैण्ड संवाददाता

सारण। लंबे अर्से के बाद तरैया प्रखंड परिसर जगमग हो गया है। 30 सितम्बर से पूरा प्रखंड परिसर दूधिया प्रकाश के प्रकाशित हो गया। प्रखंड परिसर में जगह जगह लाइट लगाया गया है। नव पदस्थापित बीडीओ कृष्ण कुमार सिंह के प्रयास से प्रखंड परिसर रौशन हुआ है। पहले रात्रि में पूरा परिसर में अंधेरा छाया रहता था। योगदान के बाद नव पदस्थापित बीडीओ श्री सिंह ने पूरे परिसर की सफाई कराया तथा प्रखंड





परिसर को जगमग करने का संकल्प लिया था। बता दें नए भवन के निर्माण के बाद पूरे परिसर में दर्जनों सोलर लाइट लगाया गया था। जिसके बाद तत्कालीन डीएम ने नए भवन का उद्घाटन किये थे। उद्घाटन के लगभग एक माह के अंदर लगभग सभी लाइट या तो चोरी हो गया या खराब हो गया। तब से पूरे परिसर में अंधेरा छाया रहता था। उसके कुछ दिन बाद बिजली लगी। लेकिन लाइट केवल कार्यालय में हीं जलता था। कार्यालय बंद हो जाने के बाद लाइट ऑफ कर कर्मचारी चले जाते थे और रात्रि में पूरे परिसर में अंधेरा कायम हो जाता था। उधर से गुजरने वाले लोगों को परिसर में डर लगता था। नव पदस्थापित बीडीओ ने इस समस्या को गम्भीरता से लिया और नए ढंग से प्रखंड परिसर को जगमग करने व साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया। इसके बाद पूरे परिसर में जगह जगह लाइट लगाया गया। इसके साथ ही नए सिरे से कार्यालय में भी लाइट व पंखे की व्यवस्था की गई। गुरुवार से लाइट जलने लगा और पूरा परिसर दूधिया लाइट से जगमग हो गया।

# पोको इंडिया ने फेस्टिव सेल बोनांजा शुरू किया; फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज सेल से पहले पोको सी31 लॉन्च किया

» मदरलैंड संवाददाता




भिवानी : त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए भारत के तीसरे सबसे बड़े ऑनलाईन स्मार्टफोन ब्रांड, पोको ने आज फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल से पहले अपने स्मार्टफोंस पर शानदार ऑफर और डील्स की घोषणा की। त्योहारों के लिए गिफ्टिंग का बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करते हुए कंपनी ने पोको सी31 का लॉन्च किया है, जो एंट्री सेगमेंट में एक बेहतरीन स्मार्टफोन है। यूजर्स को 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर, 2021 के बीच सबसे शक्तिशाली एवं मजबूत डिवाईस शानदार मूल्यों में मिलेंगी। उपभोक्ताओं को त्योहारों की खुशी प्रदान करने के लिए पोको सी31 8,499 रु. के शुरूआती मूल्य में मिलेगा। यह व्यूईंग एवंई-लर्निंग का दिलचस्प अनुभव प्रदान करेगा। पोको सी31 में विशाल 16.58 सेमी. (6.53) एचडी$ डिस्प्ले और 20:9 का एस्पैक्ट अनुपात है। इसमें टीयूवी रीनलैंड सर्टिफाईड रीडिंग मोड 2.0 डिस्प्ले है, जो फोन को ज्यादा लंबे समय तक इस्तेमाल करने पर आंखों को नुकसानदायक नीली रोशनी से बचाता है। इस डिवाईस में भरोसेमंद हीलियो जी35 प्रोसेसर है तथा यह हाईपरइंजन गेम टेक्नॉलॉजी के साथ आता है, जिससे ज्यादा तीव्र परफॉर्मेंस, स्मूथ व सतत गेमप्ले प्राप्त होता है। इसमें 12नैनोमीटर के प्रोसेसर के साथ 4जीबी एलपीडीडीआर4एक्स रैम है और यह 2.3 गीगाहर्ट्ज तक की क्लॉक स्पीड के साथ सुगम परफॉर्मेंस प्रदान करता है। आकर्षक टू-टोन डिजाईन के साथ पोको सी31 में एंटी-स्लिप अद्वितीय ग्रिप डिजाईन है, जो स्मार्टफोन को स्लीक एवं बोल्ड लुक देता है। इसमें संतुलित इंटरनल फीचर्स हैं। इस डिवाईस में रियर में 13 मेगापिक्सल का प्राईमरी कैमरा, 2 मेगापिक्सल का डेप्थ सेंसर, और 2 मेगापिक्सल का मैक्रो सेंसर है, जो काफी स्पष्ट व विस्तृत पिक्चर्स प्रदान करता है। ड्यूरेबिलिटी के लिए ऑप्टिमाईज किए गए पोको सी31 में 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी है। इस सेगमेंट में अन्य बैटरी के मुकाबले इसकी बैटरी लगभग 2.5 साल (1000 बार चार्ज करने तक) तक नई बनी रहेगी। इसके अलावा, पोको सी31 पी2आई नैनो कोटिंग द्वारा सुरक्षित है ताकि इस पर पानी गिरने पर भी इसे नुकसान न हो। इसमें कोरोजन प्रूफ पोर्ट, रबराईज्ड सील, एवं 380 वोल्ट सर्ज प्रोटेक्शन की अतिरिक्त सुरक्षा है।पोको सी31 दो कलर वैरिएंट्सः रॉयल ब्लू और शैडो ग्रे में दो स्टोरेज वैरिएंट्स, 3$32जीबी और 4$64जीबी में केवल फ्लिपकार्ट पर मिलेगा। यह बजट स्मार्टफोन 3जीबी$32जीबी वैरिएंट के लिए 8,499 रु. एवं 4जीबी$64जीबी के लिए 9,499 रु. में लॉन्च किया गया है और यह फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज सेल में क्रमशः 7,999 रु. और 8,999 रु. के रियायती मूल्य में मिलेगा। इसके अलावा, आईसीआईसीआई एवं एक्सिस डेबिट/क्रेडिट कार्ड्स पर 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी।इस साल बिग बिलियन डेज सेल के दौरान बेहतरीन डील के साथ पोको के सभी स्मार्टफोंस में शानदार परफॉर्मेंस, शक्तिशाली बैटरी लाईफ और बेहतरीन कैमरा क्षमताएं मिलेंगी।

# आखिर इंतजार हुआ खत्म ! चाय सुट्टा बार की किलर कुल्हड़ चाय अब भारत के सबसे बड़े मैन्युफैक्चरिंग हब लुधियाना, पंजाब में

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना ; देश भर में कुल्हड़ चाय के अनूठे स्वाद के लिए पहचाने जाने वाले ब्रांड चाय सुट्टा बार ने आज लुधियाना शहर, जो उत्तर भारत के सबसे बड़े बिजनेस और ट्रेड हब के लिए जाना जाता है, में एक और आउटलेट शुरू करने की घोषणा की। चाय सुट्टा बार के बिल्कुल नए आउटलेट में कुल्हड़ चाय के साथ देश की संस्कृति में प्यार जोड़ने वाला एक अतिरिक्त स्वाद इसमें होगा। इस लॉन्च के साथ, ब्रांड के अब भारत के 95 से ज्यादा शहरों और ओमान, दुबई जैसे देशों में और यूएसए, यूके और कनाडा में आने वाले आउटलेट्स के साथ कुल 195 से ज्यादा फ्रैंचाइजी आउटलेट हैं। लॉन्चिंग के दिन कुल्हड़ का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

दुनिया भर में इनटॉक्सिकेटिंग आइकन ह्यकुल्हड़ चायह्व को फैलाने के उद्देश्य से, ब्रांड ने जेब को भरा और दिल को हलका बनाए रखने के लिए चाय की खुशबू के साथ इसकी गुणवत्ता को उच्चतम और कीमत को नाम मात्र रखने का विकल्प चुना। चाय के सुंदर खुशनुमा और सुखमय अहसास ने उन सभी के दिलों में एक मीठी जगह हासिल की है जो इसे अपने चेहरे पर एक चमकती हुई मुस्कान के साथ लेते हैं। इस ब्रांड की शुरूआत मध्यप्रदेश का दिल कहे जाने वाले शहर इंदौर से हुई है, जो अपनी विरासत और स्वच्छता के लिए जाना जाता है। चाय सुट्टा बार का उद्देश्य बेहतरीन स्वाद और नए माहौल की विलासिता के साथ कटिंग चाय उपलब्ध करवाना है।


कुल्हड़ की समृद्ध विरासत धीरे-धीरे खो गई और ह्यचायह्व ने पीछे की सीट ले ली। इसे ध्यान में रखते हुए, चाय बार की एक समसामयिक शुरूआत ने ह्यसुट्टा ब्रेकह्व के बगैर बार टेबल पर कडक चाय पेश की, साफ-स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल इस तरह की चाय की अवधारणा का जन्म जुलाई 2016 में इंदौर में हुआ था। अनुभव दुबे, को-फाउंडर, चाय सुट्टा बार ने लॉन्च के अवसर पर कहा कि ह्यचाय सुट्टा बार चाय से ज्यादा बेचता है; यह वाइब्स (अनुभूति) भी बेचता है, जो युवा पीढ़ी को आकर्षित करता है।ह्व

## संक्षिप्त समाचार

### एनटीपीसी आरईएल ने पहले हरित सावधि ऋण पर हस्ताक्षर किया

मदरलैंड संवाददाता, दिल्ली। एनटीपीसी लिमिटेड की सौ फीसदी अनुषंगी एनटीपीसी रीन्युएबल एनर्जी लिमिटेड ने राजस्थान में अपनी 470 मेगावाट और गुजरात में 200 मेगावाट सौर परियोजना पर बैंक आफ इंडिया के साथ करार किया।विदित है कि इस करार से पांच सौ करोड़ रुपए का हरित सावधि ऋण उपलब्ध होगा। वर्तमान में एनटीपीसी आरईएल के पास 3450 मेगावाट का नव्यीकरण प्रोजेक्ट पोर्टफोलियो है। जिसमें 820 मेगावाट निमार्णाधीन है। यह ऋण समझौता एके गौतम निदेशक वित्त एनटीपीसी के नेतृत्व में बुधवार को हुआ।

### ऊषा इंटरनेशनल लाया फेस्टिव सिजन में अपने उत्पाद




मदरलैंड संवाददाता, दिल्ली। भारत में फेस्टिव सीजन पहले ही शुरू हो गया है। त्योहार के मौसम में आपको अपने घर का उस ढंग से सजाने–संवारने का बहाना मिल जाता है, जिस तरीके से आप चाहते हैं। यहां ऊषा इंटरनेशनल और तिस्वा की ओर से बनाई गई चुनिंदा प्रॉडक्ट्स की लिस्ट है, जिससे त्योहार से ठीक पहले आपके चेहरे पर मुस्कान तैर जाएगी। यहां हमारे समझदार उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से तैयार की गई लिस्ट पेश की जा रही है, जो क्रिएटिव तो है ही,बल्कि जिन्हें अपने घर लाकर आप और भी गर्व का अनुभव करेंगे। यह ऊषा कंपनी के पंखों में से सबसे ज्यादा बिकने वाला पंखा है। यह पंखे किसी भी घर की खूबसूरती को और बढ़ा देते हैं। यह पंखा लिली के फूल से प्रेरित खूबसूरत, बेहतरीन और शानदार पंखा है। इस पर गुडबाय डस्ट फिनिश की गई है, जिससे पंखों पर धूल इकट्ठी नहीं होती। इससे इन पंखों को साफ करने की प्रक्रिया काफी सुविधाजनक हो जाती है। बिना किसी परेशानी के आराम से इन पंखों की सफाई की जा सकती है। यह पंखे कम वोल्टेज पर चलते हैं। कमरे में ज्यादा और तेज रफ्तार से हवा फेंकने के लिए इसके ब्लेड को अनोखे ढंग से डिजाइन किया गया है।

### देश का विदेशी ऋण जून आखिरी तक 571.3 अरब डॉलर पहुंचाः आरबीआई

मुंबई, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि जून के आखिर में भारत का विदेशी कर्ज 571.3 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो कि मार्च 2021 के अंत में रहे कर्ज के मुकाबले 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दशार्ता है। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले विदेशी ऋण अनुपात जून 2021 के आखिरी में घटकर 20.2 प्रतिशत रह गया, जो 31 मार्च को 21.1 प्रतिशत पर था। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मूल्यांकन प्रभाव को यदि शामिल नहीं किया जाए तो, मार्च 2021 के आखिर के मुकाबले जून आखिर में विदेशी ऋण में 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर के बजाय 3.3 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई होती। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी कर्ज में वाणिज्यिक उधारी का सबसे बड़ा हिस्सा रहा है। यह कुल कर्ज का 37.4 प्रतिशत रहा है। इसके बाद प्रवासी भारतीय जमा का बड़ा हिस्सा 24.8 प्रतिशत पर रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि 30 जून को, लंबी अवधि का कर्ज (एक वर्ष से अधिक की मूल परिपक्वता के साथ) 468.8 अरब अमेरिकी डॉलर था, मार्च के अंत में अपने स्तर से 0.2 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्ज की है। कुल विदेशी ऋण में अल्पकालिक ऋण का हिस्सा 30 जून को मामूली रूप से बढ़कर 17.9 प्रतिशत हो गया, जो मार्च के आखिर में 17.7 प्रतिशत था।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ग्राहकों को देने जा रही है झटका



नई दिल्ली, एजेंसी। जानीमानी कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर अपने ग्राहकों को अक्टूबर में महंगाई का झटका देने जा रही है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर 1 अक्तूबर से अपनी गाड़ियों की कीमतों को महंगा करने जा रही है। कीमतों को कितना बढ़ाया जाएगा इसके बारे में कंपनी ने अभी कोई भी जानकारी नहीं दी है। बढ़ी कीमतें अलग–अलग मॉडल और वैरिएंट्स पर अलग–अलग होंगी। इससे पहले टोयोटा ने अपनी टोयोटा ग्लांझार की कीमतों को बड़ी खामोशी से महंगा कर दिया था। कंपनी ने टोयोटा ग्लांझा जी ट्रिम्स की कीमतों में 15,700 रुपये, हाइब्रिड वर्जन में 33,900 रुपये और टॉप स्पेसिफिकेशन ट्रिम में 20,00 रुपये की बढ़ोतरी की थी। बढ़ी कीमतों के बाद टोयोटा ग्लांझार की शुरूआती दिल्ली एक्स–शोरूम कीमत 7.34 लाख रुपये हो गई। वहीं, इसके टॉप एंड वेरिएंट की कीमत 9.30 लाख रुपये हो गई। ऐसे में अगर आप टोयोटा की कारों को मौजूदा कीमतों पर खरीदना चाहते हैं, तो खरीदारी के लिए आज अंतिम दिन था।, 1 अक्तूबर से गाड़ियों की कीमतों में इजाफा हो जाएगा।

# अमेजन इंडिया ने फुलफिलमेंट एवं डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत किया

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ : फेस्टिव सीजन से पहले अमेजन इंडिया ने देश भर में अपने ऑपरेशन नेटवर्क का विस्तार करने में भारी निवेश किया है, ताकि उपभोक्ताओं को शॉपिंग का लगातार, तेज और विश्वसनीय अनुभव कराया जा सके। इस कोशिश में, कंपनी ने पिछले कुछ महीनों में फुलफिलमेंट सेंटर्स, डिलिवरी स्टेंशन और नए सेंटर्स का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया है और अपने ऑपरेशन नेटवर्क के आसपास 110,000 से ज्यादा मौसमी रोजगार के अवसर उत्पन्न किए। यह नई मौसमी स्थितियां कंपनी की फुलफिलमेंट और डिलिवरी क्षमता को मजबूत करने में मदद करेगी। इससे कंपनी फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने में सक्षम होगी। अमेजन, एपीएसी, एमईएनए और एलएटीएएम में कस्टमर फुलफिटमेंट ऑपरेशंस के वीपी अखिल सक्सेना ने कहा, कंपनी ने 15 राज्यों के 60 से ज्यादा फुलफिलमेंट सेंटर में अपने भंडारण की क्षमता में 40 फीसदी की बढ़ोतरी की। कंपनी ने विक्रेताओं को 43 मिलियन क्यूबिक फीट जगह ऑफर की। इसके अलावा कंपनी ने गुड़गांव, पटना, अहदाबाद, कोयंबटूर, लखनऊ और हैदराबाद में लार्ज अप्लायंसेज और फर्नीचर की श्रेणियों के लिए नए एक्सक्लूसिव फुलमिलमेंट सेंटर लॉन्च किए। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष कंपनी के एक्सक्लूसिव नेटवर्क की क्षमता दोगुनी हो गई। कंपनी ने 15,500 पिनकोड पर तेजी से डिलिवरी पहुंचाना सुनिश्चित किया। इससे 80 फीसदी उपभोक्ता अगले दिन या 2 दिन में डिलिवरी प्राप्त करने में सक्षम हो सके। कंपनी भारत के 220 से ज्यादा शहरों में बड़े अप्लायंसेज में ग्राहकों को उनकी ओर से तय किए समय पर डिलिवरी और इंस्टॉलेशन ऑफर कर रही है।

amazon.in

96 फीसदी से ज्यादा उपभोक्ताओं ने इस सर्विस को अपनाया है। इसके अलावा उपभोक्ता 370 शहरों में लार्ज एप्लायंसेज के लिए इंस्टॉलेशन सर्विस का लाभ उठा सकते हैं। फर्नीचर के लिए 200 शहरों में उपभोक्ता यह सुविधा हासिल कर सकते हैं। कंपनी ने यूनिफाइड इंस्टॉलेशन और डिलिवरी सर्विस भी लॉन्च की है। यह मार्केट में अपनी तरह की पहली पहल है, जो उपभोक्ताओं को बिना किसी खर्च के परेशानी मुक्त डिलिवरी और इंस्टॉलेशन सर्विस का अनुभव प्रदान करती है। उपभोक्ता खरीदारी के समय यह चुन सकते हैं कि उन्हें किस समय डिलिवरी चाहिए। कस्टमर की ओर से तय किए गए टाइम पर ही टेक्नीशियन आपके घर में प्रॉडक्ट को इंस्टॉल करेगा। फेस्टिव सीजन से पहले चुनिंदा टीवी ब्रांड्स के लिए 19 शहरों में इस सर्विस का विस्तार किया गया।

# कोलंबो पोर्ट पर टर्मिनल बनाएगा अडाणी ग्रुप



**कोलंबो, एजेंसी।** भारत ने चीनी ड्रैगन को बड़ा झटका देते हुए श्रीलंका में 70 करोड़ डॉलर का एक रणनीतिक डीप सी कंटेनर टर्मिनल का समझौता किया। माना जा रहा है कि भारत ने श्रीलंका में चीन के बढ़ते प्रभाव को करारा जवाब देने के लिए यह समझौता किया है। द श्रीलंका पोर्ट्स अथॉरिटी और भारत के अडाणी समूह ने यह बड़ा समझौता किया है। यह नया पोर्ट कोलंबो में चीन के बनाए 50 करोड़ डॉलर के चीनी जेटी के पास है। द श्रीलंका पोर्ट्स ने एक बयान जारी करके कहा कि यह समझौता करीब 70 करोड़ डॉलर का है जो श्रीलंका के बंदरगाह सेक्टर में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश है। इसमें कहा गया है कि अडाणी इस बंदरगाह को स्थानीय कंपनी जॉन कील्स के साथ मिलकर बनाएगी। इस टर्मिनल में जॉन कील्स का हिस्सा करीब 34 फीसदी होगा जबकि अडाणी के पास 51 फीसदी की हिस्सेदारी होगी। इस तरह से पूरा पोर्ट अडाणी के नियंत्रण में रहेगा। इसका नाम कोलंबो वेस्ट इंटरनैशनल टर्मिनल रखा गया है। यह नया कंटेनर जेटी करीब 1.4 किलोमीटर लंबा है। यह करीब 20 मीटर गहरा है और यह हर साल 32 लाख कंटेनर हैंडल करेगा।

इस प्रॉजेक्ट के पहले चरण में 600 मीटर टर्मिनल बनाया जाएगा और यह दो साल के अंदर पूरा हो जाएगा। करीब 35 साल बाद यह टर्मिनल फिर से श्रीलंका सरकार के अंडर में चला जाएगा। श्रीलंका के रणनीतिक रूप से बेहद अहम कोलंबो बंदरगाह में भारत को अनुमति देने की पिछले कई साल से चल रही थी लेकिन फरवरी में यह समझौता लटक गया। दरअसल, सत्तारूढ़ गठबंधन से जुड़े ट्रेड यूनियन ने भारत को पोर्ट के अंदर आंशिक रूप से बने टर्मिनल को देने का विरोध किया था। श्रीलंका ने पिछले दिनों देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए चीन से फिर 2.2 बिलियन डॉलर का नया कर्ज मांगा था। श्रीलंका पर चीन का पहले से ही अरबों डॉलर का कर्ज है। इसके एवज में उसे अपना हंबनटोटा बंदरगाह को 99 साल की लीज पर चीन को सौंपना पड़ा है।

# सेमसंग पर 350 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। नीदरलैंड में बाजार स्पर्धा के नियमों के उलंघन के मामले में सेमसंग इलक्ट्रा निक्स पर करीब 46 मिलियन डॉलर (लगभग 350 करोड़ रुपए) का भारी जुमार्ना लगा है। हाल ही में सैमसंग नीदरलैंड में ऑनलाइन रिटेलर्स के साथ प्राइस फिक्सिंग के मामले में घिर गई है, जिसे नीदरलैंड अथॉरिटी फॉर कंज्यूमर एंड मार्केट ने बहुत गंभीरता से लिया है। सैमसंग की इस हरकत को वहां के बाजार स्पर्धा नियमों का उलंघन माना गया है, जिसके चलते अथॉरिटी ने 46 मिलियन डॉलर मतलब करीब 350 करोड़ रुपए के भारी भरकम जुमार्ने का ऐलान किया है। नीदरलैंड में ऑनलाइन रिटेलर्स अभी भी साल 2013- 2018 वाली तय कीमत पर टीवी बेच रहे हैं। सेमसंग की तरफ से लगातार उन पर कीमत को बढ़ाने का दवाब बनाया जा रहा था, किसी भी ब्रांड द्वारा रिटेल प्राइस तय करना वहां के नियमों के खिलाफ है। जिसके बाद नीदरलैंड की अथॉरिटी फॉर कंज्यूमर एंड मार्केट (एसीएम) ने ब्रांड पर जुमार्ने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि नीदरलैंड में रिटेलर्स अपने हिसाब से टेलिविजन की कीमत तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। कोई भी टेलिविजन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी रिटेलर्स पर कीमत तय करने का दबाव नहीं डाल सकती है। बताया जा रहा है कि जांच में सेमसंग की तरफ से रिटेलर्स को किए गए ई-मेल और वाटसएप सबूत के तौर पर मिले हैं।

# एक्सिस म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक इक्विटी फंड को बदलकर बैलेंस्ड एडवांटेज फंड श्रेणी में किया प्रवेश

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़ / लुधियाना। देश की प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने मौजूदा फंड (एक्सिस डायनेमिक इक्विटी फंड) का नाम बदलकर एक्सिस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड कर दिया है। एक्सिस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक ओपन एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड है जो इक्विटी और फिक्स्ड इनकम के बीच निवेश को सक्रिय रूप से मैनेज करता है। इस फंड में एसेट अलोकेशन एक ऐसी इन-हाउस स्वामित्व पद्धति द्वारा किया जाता है, जो हमें अंतर्निहित बाजार स्थितियों में बदलाव के दौरान इक्विटी एक्सपोजर को बेहतर तरीके से मैनेज करने में सक्षम बनाती है। यह गतिशील प्रकृति इसे सभी निवेशकों के लिए एक आदर्श निवेश समाधान बनाती है, क्योंकि फंड न केवल बाजार की अस्थिरता को बेहतर तरीके से नेविगेट करता है, बल्कि लंबी अवधि में धन सृजन पर भी ध्यान केंद्रित करता है। रीपोजीशनिंग 1 अक्टूबर 2021 से प्रभावी हो जाती है। इसके साथ कंपनी का लक्ष्य बैलेंस्ड एडवांटेज फंड श्रेणी में एक प्रमुख खिलाड़ी बनना है। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ श्री चंद्रेश निगम ने टिप्पणी करते हुए कहा, ह्यह्यनिवेशकों के रूप में, हम सभी इस विश्वास के साथ निवेश करना चाहते हैं कि हमारा निवेश बाजार की अस्थिरता का शिकार नहीं होगा। बैलेंस्ड एडवांटेज फंड निवेशकों को एक व्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से इक्विटी जोखिम को कम करने में सक्षम बनाता है। इस प्रक्रिया के तहत गतिशील रूप से इक्विटी एक्सपोजर का प्रबंधन किया जाता है। हमारा मानना है कि बैलेंस्ड एडवांटेज फंड निवेशकों के लिए निवेश के अनुभव को बदल देंगे और उन्हें इसके जोखिम का प्रबंधन करते हुए इक्विटी की दीर्घकालिक विकास क्षमता से लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगे।ह्वह्व इक्विटी की अंतर्निहित अस्थिरता की प्रकृति के कारण कभी-कभी निकट अवधि में मूल्य में असामान्यता नजर आती है। यह निवेशक के व्यवहार को प्रभावित कर सकता है और निवेशकों को बाजार की ऊंचाइयों पर खरीदने और बाजार के निचले स्तर पर बेचने के लिए प्रेरित कर सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर धन का नुकसान हो सकता है। इस नुकसान को कम किया जा सकता है, यदि निवेशकों के सामने ऐसे प्रोडक्ट प्रस्तुत किए जाएं, जिनके मूल में बेहतर तरीके से जोखिम प्रबंधन का इंतजाम किया गया है। एक्सिस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का उद्देश्य निवेशकों के लिए इस बुनियादी समस्या का समाधान खोजना है। अपनी स्वामित्व पद्धति के माध्यम से, इसका उद्देश्य इक्विटी और निश्चित आय एक्सपोजर को गतिशील रूप से प्रबंधित करना है और निवेश के मूल सिद्धांतों को प्राप्त करने का प्रयास करना है (निचले स्तर पर खरीदें, उच्च स्तर पर बेचें)। संशोधन के बाद एक्सिस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में इक्विटी और फिक्स्ड इनकम दोनों में निवेश किया जा सकेगा और निवेश की सीमा न्यूनतम 0 प्रतिशत से लेकर अधिकतम 100 प्रतिशत होगी और किसी विशेष परिसंपत्ति वर्ग में निवेश करने के लिए अधिक लचीलापन होगा। इस योजना में आरईआईटी और इनविट द्वारा जारी इकाइयों में 0 प्रतिशत से 10 प्रतिशत निवेश करने का भी प्रावधान है। एक तरफ इन-हाउस कार्यप्रणाली फंड मैनेजर को परिसंपत्ति वर्गों के बीच आवंटन के लिए मार्गदर्शन करती है, दूसरी तरफ फंड मैनेजर्स के दृष्टिकोण के आधार पर स्टॉक का चयन करने की पारंपरिक प्रक्रिया को भी अपनाया जाता है।

# मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप में आए कई अपडेट

## ये शानदार फीचर्स आते ही कर देंगे कमाल, बदलेगा बहुत कुछ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप वॉट्सऐप ने कई अपडेट आए हैं। आगामी समय में वॉट्सऐप अपडेट में खास कॉन्टेक्ट्स से निजी जानकारी छिपाना, एंड्रॉयड स्मार्टफोन से आईफोन में चैट ट्रांसफर करना, डिसअपीयरिंग चैट सेटिंग को कस्टमाइज करना और हाई रेजोल्यूशन में फोटो भेजने की कैपेबिलिटी शामिल है।कंपनी यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतरीन बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वॉट्सऐप के ये फीचर यूजर्स को कई प्रकार के फायदे देंगे। वहीं प्लेटफॉर्म पर स्विच करते वक्त ज्यादा प्राइवेसी, फ्लेक्सिबिलिटी की परमिशन होगी और ऐप पर सारा एक्सपीरियंस अपग्रेड होगा। इन फीचर्स की उम्मीद हर कोई कर रहा है। वॉट्सऐप के 2 बिलियन से ज्यादा एक्टिव यूजर्स हैं जिसकी बदौलत यह दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप है। यानी कि वॉट्सऐप के सर्वर पर लोड काफी ज्यादा है। वॉट्सऐप वीडियो और फोटो जैसे मीडिया को कंप्रेस करने के लिए काम करता है, जिससे सिस्टम क्रैश न हो और मैसेज आसानी से एक दूसरे तक पहुंचे। हमने पहले ही बताया है कि वॉट्सऐप फिलहाल यूजर्स को तीन मोड बेस्ट क्वालिटी, डाटा सेवर, ऑटो के बीच एक ऑप्शन देने के लिए काम कर रहा है। इसका इस्तेमाल वे सर्विस पर हाई क्वालिटी वाले फोटो और वीडियो भेजने के लिए कर सकते हैं। वॉट्सऐप ने हाल ही में वॉट्सऐप डिसअपीयरिंग मैसेज फीचर के लिए व्यू वन्स मैसेज पेश किया था। पहले इन्हें लॉन्च किया था और अब कंपनी अपनी फंक्शनैलिटी का विस्तार करने के बाद बेहतर करना चाहती है। यूजर्स वर्तमान में चैट में मैसेज का ऑप्शन चुन सकते हैं और ग्रुप एक हफ्ते बाद गायब हो जाते हैं। वाबेटा इंफो ने साफ किया था कि यूजर्स को भविष्य में अपडेट में इसे कस्टमाइज करने की सुविधा भी मिल सकती है। यूजर्स सभी नई चैट के लिए डिफॉल्ट तौर पर वॉट्सऐप डिसअपीयरिंग मैसेज को ऑटोमेटिकली गायब करने में सक्षम हो सकते हैं और नई सेटिंग के जरिए भविष्य में अपडेट आ सकता है। वॉट्सऐप पहले से ही यूजर्स को अपने प्रोफाइल के कुछ पार्ट जैसे कि उनकी प्रोफाइल पिक्चर, अबाउट, स्टेटस और उनके लास्ट सीन स्टेटस को माय कॉन्टैक्ट्स, एवरीवन और नोबडी में करने की अनुमति देता है।प्लेटफॉर्म पर स्टिकर्स को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है और इसको देखते हुए कि यह यूजर्स के लिए काफी ज्यादा जरूरी साबित हो सकता है। वॉट्सऐप अब एक नए बटन के सात ऐप पर स्टिकर के तौर पर फोटो भेजने की क्षमता पर काम कर रहा है।

# हम भारतीयों को हमारी आजादी के बदले दिये गये बलिदान के महत्व को कभी भूलनी नहीं चाहिएः कर्ण सिंह

» मदरलैंड संवाददाता

EK MULAKAT विशेष

चंडीगढ़ : हम भारतीय अपने देश की आजादी के दिन को ह्यस्वतंत्रता दिवसह्व के रुप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, लेकिन मैं हमेशा कहता हूं कि उस कीमत और बलिदान को हर भारतीय को कभी नहीं भूलना चाहिये जो आजादी के लिए चुकाई गई थीं। हम अंग्रेजों के खिलाफ उतने हिंसक नहीं थे, जितने बंटवारे के दौरान एक-दूसरे के खिलाफ देखे गये। बंटवारे के दौरान अनगिनत चेहरों पर अविश्वसनीय क्रूरता की झलक देखने को मिली थीं। हम और आप इसे अनदेखा नहीं कर सकते। हमे और आप लोगों को भारत की स्वतंत्रता के लिए चुकाई गई कीमत के बारे में आज की युवा पीढ़ी को बताना होगा।

कोलकाता की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था प्रभा खेतान फाउंडेशन एवं श्री सीमेंट के तत्वाधान में आयोजित ह्यएक मुलाकात विशेषह्व ऑनलाइन सत्र में गैर-दार्शनिक दार्शनिक, राजनीतिज्ञ, राजनयिक, लेखक, विचारक और विद्वान कर्ण सिंह ने यह बातें कही।

इस परिचर्चा सत्र में लेखक और लिली अगेंस्ट ह्यूमन ट्रैफिकिंग के संस्थापक-अध्यक्ष लेडी मोहिनी केंट नून ने इस चर्चा सत्र में शामिल होकर अन्य लोगों के समक्ष अपनी बातें रखीं। जिसमें धर्म, शिक्षा, वैदिक ज्ञान, क्वांटम यांत्रिकी, सूफीवाद से लेकर देश के बंटवारे तक का विषय शामिल था। अहसास महिला के मुंबई शाखा की तरफ से स्वाति अग्रवाल ने इस कार्यक्रम का संचालन किया।

समाज में धर्म की भूमिका पर एक सवाल के जवाब में कर्ण सिंह ने कहा, मैं पिछले चार दशकों से अंतरधार्मिक आंदोलन में शामिल रहा हूं। समस्या यह है कि लोग मस्जिदों, मंदिरों और गुरुद्वारों के निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च करते हैं। इसके बावजूद हमे अब तक विभिन्न धर्मों के लोगों को एक साथ लाकर एक सूत्र में बांधने और उनके बीच आपसी समझ को बढ़ाने के अपने प्रयास को जारी रखना पड़ रहा हैं। हमारे दिमाग में धर्म के प्रोटोटाइप बहुत कठोर हैं। इन प्रोटोटाइपों को खत्म करने का एकमात्र रास्ता हमे खुद एक-दूसरे से मिलकर और एक-दूसरे से बात कर निकालना होगा। अंतरधार्मिक प्रार्थनाएँ बहुत महत्वपूर्ण हैं।

श्री सिंह ने अपनी भावनाओं को बयां करते हुए कहा कि, कास हम भारत में सूफीवाद पर जोर देते, ताकि इस्लाम का दूसरा चेहरा जो एक प्रोटोटाइप बनता जा रहा है, जो अब आपको तालिबान और इस्लाम के कट्टर पक्ष के बारे में सोचने और इसपर विचार करने पर मजबूर कर रहा है। यह हमारे लिए काफी दुर्भाग्यपूर्ण मुद्दा बन गया है। अब इस्लाम के नरम और प्यार भरे हिस्से को भुला दिया जा रहा है। सूफी धर्मस्थल ही इस्लाम का असली सार हैं।

आज के अत्याधुनिक जगत में वैदिक ज्ञान और उपनिषदों की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए श्री करण सिंह ने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि नोबल पुरस्कार विजेताओं और पोस्ट-आइंस्टीनियन और पोस्ट-हाइजेनबर्गियन क्वांटम यांत्रिकी शोधकताओं ने उपनिषदों की कुछ अंतर्दृष्टि को प्रतिबिंबित करना शुरू कर दिया है। ये अपने विवरण में उसी तरह की जानकारियों को अब परिभाषित करते हैं, जिससे स्पष्ट पता चलता है कि ये लोग परमाणुओं में क्या देख रहे हैं।

# टी20 विश्व कप से पहले लय में आये युजवेंद्र चहल, टीम में मिल सकती है जगह



**दुबई, एजेंसी।** 17 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात यूएई और ओमान में शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के लिए चयनित भारतीय टीम में बदलाव हो सकता है। आईसीसी ने बदलाव के लिए 10 अकटूबर तक का समय सभी टीमों को दिया है। विश्व कप के लिए चयनित युवा स्पिनर राहुल चाहर का प्रदर्शन आईपीएल के दूसरे चरण में अच्छा नहीं रहा है। आईपीए के बाद यूएई में ही टी20 विश्व कप खेला जाना है। ऐसे में चाहर के खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई की परेशानी बढ़ गयी है। चाहर को अनुभवी युजवेंद्र चहल की जगह शामिल किया गया था जिसपर काफी सवाल भी उठे थे। अब जबकि चहल का प्रदर्शन दूसरे चरण में निखरता जा रहा है उससे एक बार फिर उन्हें टीम में जगह देने की मांग उठने लगी है।

वहीं आरसीबी की ओर से खेल रहे चहल ने कहा है कि उन्हें अपने काबिलियत पर भरोसा है, जिसके चलते उन्हें विकेट मिलने में सहायता मिली है। चहल राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में मैन ऑफ द मैच रहे थे। आईपीएल 2021 के पहले चरण में चहल फॉर्म में नहीं थे, पर यूएई में वह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। चहल ने अपने अंतिम दो मुकाबले में पांच विकेट लिए जिसके कारण आरसीबी को मैच जीतने में मदद मिली। चहल ने कहा आईपीएल 2021 के यूएई चरण में उनकी गेंदबाजी अच्छी रही है। चहल के लिए इस सत्र का पिछला हाफ बेहद खराब रहा था और वो इसी के चलते विश्व कप टीम से बाहर हो गए थे। चहल टी20 क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। चहल ने 49 टी20 मैचों में 63 विकेट लिए हैं। ऐसे में यूएई में ही विश्व कप होने के कारण चयनकर्ता एक बार फिर उनके नाम पर विचार कर सकते हैं।

# डुप्लेसिस ने सीएसके टीम की सफलता का कारण बल्लेबाजी को बताया



**दुबई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सबसे पहले आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने से उत्साहित फैफ डुप्लेसिस ने टीम की सफलता का कारण लंबे बल्लेबाजी लाइनअप को बताया है। सीएसके ने सनराईजर्स हैदराबाद के खिलाफ 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही सीएसके टीम के सबसे ज्यादा 18 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। इस मैच में डुप्लेसिस ने अपनी सधी हुई बल्लेबाजी से टीम को अच्छी शुरूआत दी। डुप्लेसिस ने कहा कि मुझे ज्यादा मेहनत करना पसंद है।

वहीं अपने आउट होने पर इस खिलाड़ी ने कहा कि मैंने अच्छी तरह से शॉट नहीं खेला पर मैं अगली बार जरूर इसे खेलूंगा। मैंने इस टूनार्मेंट से पहले अपनी बल्लेबाजी पर काफी काम किया है जिससे मैं रन बना सकूं। वहीं क्षेत्ररक्षण को लेकर डुप्लेसिस ने कहा कि मैं कैच छोड़ना नहीं चाहता भले ही कितनी दौड़ न लगानी पड़ जाये। साथ ही कहा कि हमारी बल्लेबाजी लाइन अप काफी लंबी है। हमारे पास कुछ बल्लेबाज हैं जो हर समय आक्रामक बने रहते हैं। ऐसे में अगर एक विकेट गिरता है तो दूसरा बल्लेबाज रन बनाने के लिए तैयार रहता है। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो स्पिनर मोईन अली ने अच्छा प्रदर्शन कर हमारे गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित बनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वसीम जाफर ने मंधाना को ऑफ साइड की देवी बताया

गोल्ड कोस्ट, एजेंसी। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वसीम जाफर ने गुलाबी गेंद से शतक लगाने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की जमकर तारीफ की है। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिन-रात्रि के टेस्ट में शानदार शतक लगाया है। 25 साल की मंधाना ने एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन 52वें ओवर में एलिस पैरी की गेंद पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। मंधाना ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट शतक लगाने वाली भारत की पहली महिला क्रिकेटर हैं। जाफर ने मंधाना की तारीफ करते हुए उसे ह्यऑफ साइड की देवीह्ण भी बताया है। वहीं बीसीसीआई से लेकर आईसीसी ने भी मंधाना की तस्वीर साझा कर उनकी जमकर सराहना की है। मंधाना ने पहले दिन 51 गेंदों पर ही अपना अर्धशतक लगा दिया था। इस प्रकार वह गुलाबी गेंद से टेस्ट में अर्धशतक लगाने वाली भी पहली महिला क्रिकेटर बनीं हैं।

### पानी से पदक निकालने वाले खिलाड़ी सम्मानित

इन्दौर, एजेंसी। अपने जोरदार प्रदर्शन से हाल ही में संपन्न राज्य स्तरीय तैराकी स्पर्धा में सफलता हासिल करने वाले खिलाड़ियों का एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में संचालक मुक्तेश सिंह के आतिथ्य में सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि विद्यालय के प्रियंवत सिंह राठौर ने चार स्वर्ण, एक रजत के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप भी हासिल की। आधी तिवारी ने एक स्वर्ण, एक रजत, एक कांस्य पदक जबकि अद्यम दुबे ने एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं जूनियर समूह में नीरज गोयल (एक स्वर्ण), सानिध्य गौड़ (दो स्वर्ण), प्रद्युम सिंह राठौर (तीन स्वर्ण, एक कांस्य), भूमि अग्रवाल (चार रजत), अर्चित तिवारी (तीन स्वर्ण, एक रजत) हासिल किया। सीनियर वर्ग में भावेश चौधरी ने दो रजत पदक जीते। इस दौरान खेल अधिकारी अकरम खान, कोच एलवी सिंह, योगेश बाजपेयी और ओमेंद्र व्यास भी मौजूद थे।

### पेले को अस्पताल से छुट्टी मिली

रियो दि जिनेरियो, एजेंसी। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। पेले इलाज के कारण करीब एक माह से अस्पताल में भर्ती थे। पेले ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर लिखा, 'घर लौटकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं ठीक होने के लिए अस्पताल की पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरा बहुत ध्यान रखा।'

# हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए : कप्तान केन विलियमसन



**दुबई, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के खिलाफ मिली हार के बाद कहा है कि उनकी टीम ने करीब 15 रन कम बनाये। इस हार के साथ ही सनराइजर्स का आईपीएल सफर समाप्त हो गया है। वहीं सीएसके प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। इस जीत से चेन्नई के 11 मैचों से 18 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर रहते हुए अंतिम-4 में जगह बनाई है।

हार के बाद सनराइजर्स के कप्तान विलियमसन ने कहा यदि उनके बल्लेबाजों 15 रन भी और बना लेते तो मैच का परिणाम कुछ और होता। विलियमसन ने कहा कि हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए थे हालांकि इसके बाद भी हमने सीएसके से अंत तक मुकाबला किया। पावरप्ले के अंत में हमारा स्कोर 40 रन के करीब पहुंच गया था। निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों की सहायता से हम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचे।' सनराइजर्स हैदराबाद की 11 मैचों में यह 9वीं हार है। उसके 4 अंक है और वह 8 टीमों की अंक तालिका में सबसे नीचे है। विलियमसन ने कहा, 'हमें देखना होगा कि मैच कैसे जीतने है। चेन्नई ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन आखिर में हम 10-15 रन पीछे रह गए। फिर से हमारे नाम पर जीत दर्ज नहीं हो पाई।'



वारसा में यूरोपा लीग फुटबॉल में खेलते हुए मेटियास जोहांसन और अन्य खिलाड़ी।

# टी20 विश्व कप को देखते हुए आईपीएल से हटे गेल



**दुबई, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स टीम को करारा झटका लगा है। टीम के स्टार बल्लेबाज क्रिस गेल ने मुकाबले से पहले ही लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। गेल ने बायो-बबल से होन वाली थकान को देखते हुए अपना नाम वापस लिया है। गेल पिछले कुछ समय से लगातार खेल रहे हैं। वह कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) से सीधे आईपीएल खेलने आये थे।

गेल ने कहा कि वह टी20 विश्व कप से पहले मानसिक रूप से तरोताजा रहने के कारण आईपीएल से हट रहे हैं। गेल इस साल जून से ही बायो-बबल (जैव सुरक्षा घेरे) में रह रहे थे। वह पहले ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज और उसके बाद सीपीएल और आईपीएल में शामिल हुए थे।

गेल ने अपने एक बयान में कहा कि पिछले कुछ महीनों में, मैं वेस्टइंडीज, कैरेबियन प्रीमियर लीग और फिर आईपीएल के जैव सुरक्षा घेरे का हिस्सा रहा हूं और मानसिक रूप से थक गया हूं। मैं टी 20 विश्व कप में वेस्टइंडीज की ओर से बेहतर प्रदर्शन करना चाहता हूं। इसलिए ब्रेक ले रहा हूं। मुझे समय देने के लिए पंजाब किंग्स को धन्यवाद। मेरी इच्छाएं और उम्मीदें हमेशा टीम के साथ हैं। आगे आने वाले मुकाबलों के लिए टीम को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

गेल का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में उनके हटने से पंजाव को शायद ही कोई नुकसान हो। वही उनकी टीम किंग्स ने कहा कि गेल 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल होने से पहले दुबई में ही रहेंगे।

# अथिया शेट्टी की पोस्ट पर ईशांत शर्मा की पत्नी का मजेदार कमेंट



**मुम्बई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी की सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर आई एक तस्वीर पर क्रिकेटर ईशांत शर्मा की पत्नी प्रतिमा ने मजेदार कमेंट किया है। इस तस्वीर में अथिया ने लिखा है कि आपको क्या लगता है कि मुझे सबसे अच्छे से कौन जानता है। अथिया की इस टिप्पणी पर प्रतिमा ने सांकेतिक तौर पर राहिया लिख दिया। जिसके बाद क्रिकेट प्रशंसक लोकेश राहुल और अथिया शेट्टी का रिश्ता पक्का मामने लगे। प्रतिमा ने लिखा है-राहिया। क्रिकेट प्रशंसक इस शब्द को रोहित के साथ अथिया को जोड़कर राहिया के रूप में देख रहे हैं। खास बात यह है कि इस तस्वीर पर राहुल और अथिया के दोस्तों ने भी मजाकिया कमेंट किये हैं। सभी में राहुल और आथिया के संबंधों को लेकर बातें कहीं कहीं हैं हालांकि दोनो ने इस बारे में कभी कुछ नहीं कहा है।

बहरहाल, अथिया ने अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे ध्यान करना पसंद है। यह मुझे जो शांति देता है उससे प्यार करो। लेकिन यह सिर्फ मेरा एक हिस्सा है। मेरे बारे में और भी बहुत कुछ है जो आप में से बहुत से लोग नहीं जानते होंगे। हयू नो मी बैस्ट ? नीचे दी गई टिप्पणियों में अनुमान लगाएं। गौरतलब है कि राहुल और अथिया अच्छे दोस्त भी हैं। दोनों अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक दूसरे की तस्वीरें भी साझा शेयर करते रहते हैं।

# 21वीं नेशनल रोप स्किपिंग ऑनलाइन चैंपियनशिप में बच्चों से दिखाया हुनर




**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाई गई भारत सरकार की योजना फिट इंडिया के तहत भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 21वीं नेशनल रोप स्किपिंग चैंपियनशिप ऑनलाइन आयोजित की। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों के 400 से अधिक खिलाडी छात्रों व छात्राओं ने अपना बेस्ट प्रदर्शन करते भाग लिया। इस प्रतियोगिता ने भाग लेने वाले छात्र न केवल विभिन्न शहरों से बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों और दूरदराज के गांवों से भी थे। इस कार्यक्रम की शुरूआत 29 सितंबर से विश्व हृदय दिवस के दिन हुई। इस 21वीं नेशनल रोप स्किपिंग चैंपियनशिप ऑनलाइन प्रतियोगिता का परिणाम 02 अक्टूबर, 2021 को गांधी जयंती पर घोषित किए जाएगा। अपने उद्घाटन संबोधन में वर्चुअल जुड़ते हुए रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव निर्देश शर्मा ने इस प्रतियोगिता ने हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों से कहा है कि वो राज्य संघों और कोचों की अपनी पूरी टीम को बधाई देना चाहते हैं जिन्होंने वेबिनार और सत्रों के रूप में टेक्नोलॉजी का उपयोग करके महामारी के दौरान छात्रों को गुर सिखाए। इस रोप स्किपिंग खेल को न सिर्फ बच्चों ने अपने घर से ही सीखा बल्कि अब वो इसमें अपना हुनर दिखाने के लिए अब तैयार हैं। इस प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाने और सर्वश्रेष्ठ रहने वाले बच्चे को विश्व स्तर और एशियन स्तर पर चैंपियनशिप में खेलने का अवसर दिया जाएगा। आरएसएफआई महासचिव निर्देश शर्मा का कहना है कि रोप स्किपिंग किसी भी खेल के लिए बुनियादी वार्म अप गतिविधि है और रोप स्किपिंग खेल के नाम पर अपने आप में एक विशाल दायरा है और हर खेल के प्रतिभागियों को रोप स्किपिंग में प्रतिस्पर्धा करने और खुद को फिट रखने के लिए इसका सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विश्व हृदय दिवस हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है. स्वस्थ हृदय, तन मन और आत्मा को बनाए रखने के लिए खेल और फिटनेस गतिविधियां जरूरी मानी जाती हैं। इसी के चलते इस प्रतियोगिता का आयोजन 29 सितंबर से किया गया। निर्देश शर्मा ने कहा कि रस्सी कूदने की अच्छी बात ये है की आप इसे कहीं भी कभी भी कर सकते हैं। रस्सी कूदने से ना सिर्फ आपका अपने शरीर पर बैलेंस बनता है बल्कि रोजाना की लाइफ में भी आपका बैलेंस बना रहता है।

# मंधाना के शतक लगाते ही पूछने लगे प्रशंसक, जर्सी नंबर-18 में क्या खास है

## विराट की जर्सी का नंबर भी है 18



**मुम्बई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट में शतक लगाने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी हैं। इससे पहले भारतीय पुरुष टीम के कप्तान विराट कोहली ने साल 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट में पहला शतक लगाया था। विराट और मंधाना दोनों में ही समानता ये है कि इन दोनो की ही जर्सी का नंबर 18 है। ऐसे में मंधाना के शतक लगाते ही सोशल मीडिया पर प्रशंसक पूछने लगे हैं कि जर्सी नंबर-18 में क्या खास है।

एक प्रशंसक ने ट्वीट किया, 'जर्सी नंबर 18 हमेशा कहीं भी गरजती है।' वहीं दूसरी ओर टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने मंधाना को ऑफसाइड की देवी करार दिया जबकि एक अन्य यूजर ने कोहली और मंधाना की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'कुछ तो बात है जर्सी नंबर 18 में।' मंधाना ने इस मैच में पूनम राउत के साथ दूसरे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी बनायी। इससे पहले उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 93 रन जोड़े थे।

25 साल की मंधाना के टेस्ट करियर का यह पहला शतक है। उन्होंने पारी के 52वें ओवर में एलिस पैरी की गेंद पर चौका लगाकर 170 गेंदों पर शतक पूरा किया। वह 127 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने इस दौरान 216 गेंदों पर 22 चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में शतक जड़ने वाली मंधाना भारत की पहली महिला क्रिकेटर हैं। मंधाना से पहले कोहली ने साल 2019 में कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डंस मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट मैच में 136 रन बनाये थे।

# कांस्य पदक से चूके दीपिका और अतनु, भारत की झोली रही खाली



**यांकटन (अमेरिका), एजेंसी।** भारत के सितारा तीरंदाज अतनु दास और दीपिका कुमारी कांस्य पदक के मुकाबले हार गए जिससे भारत को विश्व कप फाइनल से खाली हाथ लौटना पड़ेगा। भारतीय रिकर्व कोच की गैर मौजूदगी में इस जोड़ी को सर्द मौसम में खेले गए मुकाबले में काफी दिक्कतें आई। दास को मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन तुर्की के मेटे गाजोज ने एकतरफा मुकाबले में 6 . 0 (27 . 29, 26 . 27, 28 . 30) से हराया। वहीं दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज और दास की पत्नी दीपिका को ओलंपिक टीम कांस्य पदक विजेता मिशेले क्रोप्पेन ने शूटआफ में मात दी। आठवीं बार फाइनल खेल रही दीपिका 5 . 6 (6 . 9) से हारी। तोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद वह पहला टूनार्मेंट खेल रही थी। तीन बार की ओलंपियन दीपिका जर्मन प्रतिद्वंद्वी के सामने परफेक्ट 30 स्कोर नहीं कर सकी।

मिशेले ने पहले दो सेट में पूरे 30 . 30 अंक बनाये जबकि तीसरे सेट में दोनों ने 28 का स्कोर किया। चौथा सेट दीपिका ने जीता। पांचवें सेट में 28 स्कोर करके दीपिका ने मुकाबले को शूटआफ तक खिंचा लेकिन शूटआफ में अपेक्षाा के अनुरूप नहीं खेल सकी। दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक टीम रजत पदक विजेता रूस की स्वेतलाना गोंबोएवा को 6 . 4 से हराया था। सेमीफाइनल में वह तोक्यो ओलंपिक दोहरी रजत पदक विजेता रूस की एलेना ओसिपोवा से हार गई थी। वहीं दास ने जर्मनी के मैक्सीमिलन वेकम्यूलर को हराकर शुरूआत की लेकिन अमेरिका के ब्राडी एलिसन से हार गए।

# सीएसके प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

## सोशल मीडिया में छाया धोनी का लंबा छक्का



**दुबई, एजेंसी।** कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सबसे पहले आईपीएल 2021 के प्लेऑफ में पहुंची है। सीएसके ने आईपीएल के 44वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बनायी। सीएसके को अंतिम ओवर में जीत के लिए 6 गेंदों में 3 रनों की जरुरत थी पर कप्तान धोनी ने अपने पुराने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए एक लंबा छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इस जीत के साथ ही सीएसके 11वीं बार प्लेऑफ में पहुंची है। इससे टीम के समर्थकों में खुशी की लहर छा गयी। धोनी का यह शॉट सोशल मीडिया में छा गया। कुछ देर में ही ट्विटर पर छक्के का यह वीडियो वायरल होने लगा और धोनी को लेकर मजेदार मीम्स आने लगे। एक प्रशंसक ने धोनी का आईपीएल 2020 का पुराना बयान ट्वीट करते हुए लिखा कि तब धोनी ने कहा था कि हम जोरदार वापसी करेंगे। हमारी पहचान यही है और आज उन्होंने इसे साबित भी कर दिया है। वहीं एक प्रशंसक ने इस छक्के का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि फिनिशर अब भी जिंदा है। पिछले आईपीएल में धोनी की टीम सबसे पहले आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई थी, जबकि इस बार सीएसके आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम बनी है।



# दुल्हन के फुटवियर भी हो खास

हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद ही मायने रखता है। इस दिन सबसे ज्यादा खूबसूरत लगने के लिए वे कई दिनों पहले से ही तैयारियां शुरु कर देती है। वे लहंगे से लेकर ज्वैलरी तक हर चीज को मैचिंग व ट्रेंड के हिसाब से लेती है। मगर अक्सर लड़कियों को फुटवियर सिलैक्ट करने में काफी समय लगता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ लेटेस्ट व ट्रैंडी फुटवियर्स दिखाते हैं।

इसे आप अपनी शादी में पहनकर अपने ब्राइडल लुक कंप्लीट कर सकती हैं।

लहंगे के साथ हाई हील्स पहनना कंफर्टेबल होता है। ऐसे में ऐसी हील चूस कर सकती है।

कम हील में ऐसा डिजाइन आपको खूब पसंद आएगा।

गोल्डन कलर शादी में ज्यादा पसंद किया जाता है। ऐसे में ऐसी हील ट्राई कर सकती है।

स्टोन वर्क वाली हील भी आपको बेहद पसंद आएगी।

# ब्यूटी बढ़ाने के योगा टिप्स



क्यूटनेस, नेचुरल ब्यूटी और स्लिम बॉडी बनाए रखने के लिए लड़कियों को योग करना चाहिए क्योंकि योग से बेहतर विकल्प दूसरा नहीं है। इससे सुंदरता तो बढ़ेगी ही साथ ही चेहरे पर नेचुरल ग्लो रहेगा। इसे हरदम बॉडी में एनर्जी बनी रहेगी। चेहरा का रंग कुछ भी हो लेकिन यदि चेहरे पर लावण्य या चमक है तो आप सभी को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम रहेगी। चेहरे की चमक या नेचुरल ग्लो का संबंध हमारे पेट और मुंह की साफ-सफाई और शुद्धि से होता है। दोनों की शुद्धि के लिए 4 उपाय हैं। यह चारों करना आवश्यक है, लेकिन किसी योग शिक्षक से सिखकर।

- पहला शंख प्रक्षालन।
- मुंह संबंधी सूक्ष्म व्यायाम और ब्रह्ममुद्रा।
- सर्वांग आसन एवं शीर्षासन।
- जलनेति तथा कपालभांति प्राणायाम।
- सिर्फ 5 मिनट का ध्यान।

**ब्यूटी एंड स्लिम बॉडी :** आपका शरीर झरहरा हो तो आकर्षण और बढ़ जाता है। इससे शरीर स्वस्थ और सुंदर बना रहता है। बॉडी की ब्यूटीनेस या दमक का संबंध हमारी रीढ़ और मांस से होता है। यदि अनावश्यक चर्बी है तो मांस और रीढ़ दोनों के लिए घातक है। यदि चर्बी बिलकुल भी नहीं है तो भी घातक है। इसलिए बेलेंस जरूरी है। बेलेंस आता है हड्डियों के लचीला और मजबूत होने से। इसके लिए भी 4 उपाय जानें।

- सूक्ष्म व्यायाम करें
- छह आसन नियमित करें- ताड़ासन, त्रिकोणासन, पश्चिमोत्तनासन, उष्ट्रासन, धनुरासन और नौकासन। सभी के विपरीत आसन भी करें।
- प्राणायाम करें।
- मालिश करें।

**योगा पैकेज :** चाहें तो उपरोक्त आसनों में कुंजल, सूत्रनेति, जलनेति, दुग्धनेति, वस्त्र धौति कर्म को भी जोड़ सकते हैं। कपोल शक्ति विकासक, सर्वांग पुष्टि, सूर्य नमस्कार और योग स्नान करना भी लाभप्रद है। हां भोजन का अवश्य ध्यान रखें। भोजन सुपाच्य और हलका-फुलका हो अन्यथा योग करने का क्या महत्व। जो आपको कठिन लगे उसे तो आप कतई ना करें।

# दोपहर में नींद की झपकी के फायदे

दोपहर की नींद का नाम सुनते ही फिल्म 3 ईडियट्स में प्रोफेसर सहस्त्रबुद्धे की छवि सामने आ जाती है। इस भूमिका को एक्टर बोमन ईरानी ने बखूबी निभाया था। सहस्त्रबुद्धे हर रोज दिन में सिर्फ 7.5 मिनट की नींद की झपकी लेते थे। वहीं असल लाइफ में भी कई लोग दिन में भी नींद की झपकी लेना बहुत जरूरी मानते हैं। तो कई बार लोग दिन में सिर्फ 5 से 10 मिनट की झपकी लेकर भी बहुत रिलेक्स महसूस करते हैं। अंदाजन 1 से 2 घण्टे की झपकी लेना सेहत के लिए अच्छा होता है। वहीं अगर कई लोग सुबह जल्दी उठते हैं तो दिन में कुछ देर सोना उनके लिए जादू की झप्पी की तरह होता है।

- दिन में नींद की 1 घंटे झपकी लेने से शरीर के मसल्स को आराम मिलता है। दिमाग रिलैक्स हो जाता है। इसलिए अक्सर सो कर उठने के बाद इंसान अधिक तेजी से काम करने लगता है।
- अक्सर महिलाएं सुबह उठकर सभी काम करती है और रात में देर तक काम करती है।

दिन में नींद की झपकी से बॉडी को बहुत हद तक आराम मिल जाता है। इसलिए भी वे कई बार देर तक काम करने के बाद भी नहीं थकती है। महिलाओं को अक्सर दिन में सोने की आदत रहती है, हालांकि इससे काफी आराम महसूस करती है।

- जॉब करने वाले या सुबह 7 बजे स्कूल जाने वाले बच्चों को दिन में 15 मिनट की झपकी भी बहुत रिलैक्स महसूस कराती है। बच्चे दिन में 2 घंटे तक भी सोते हैं और वह उनके लिए फायदेमंद भी है। वहीं जॉब करने वाले दिन में ऑफिस में रहते हैं। लेकिन वक्त मिलने पर 15 मिनट की झपकी जरूर निकालना चाहिए। इससे अलर्टनेस बढ़ती है। और काम भी अधिक अच्छे से होता है।
- कई बार ठीक लोग सिर्फ नींद पूरी नहीं होने से बहुत चिड़चिड़े हो जाते हैं। मूड स्विंग होने लगता है, दिनभर कान रहती है, आलसीपन बना रहता है। दिन में सोने मात्र से भी इंसान बहुत रिलैक्स महूसस करता है।



कुछ लोग होते हैं जिन्हें दिन में चाय पीने की आदत होती है उसी तरह कुछ लोगों को दिन में 15 मिनट सो जाने मात्र से ही दिमाग की नसें रिलैक्स हो जाती है और काफी रिलैक्स महसूस करता है सच्चाई यह भी है कि जो लोग बहुत अधिक सोते हैं उनका दिमाग तेज चलता है, वह जल्दी और सटीक निर्णय लेने में कुशल होते हैं।

- दिन में नींद की झपकी लेना जरूरी है लेकिन सही समय पर ही। जी हां, एक्सपर्ट के मुताबिक दिन में 3 बजे के बाद नहीं सोना चाहिए। बॉडी की बायोलॉजिकल क्लॉक पर गलत असर पड़ता है। क्योंकि पूरी और अच्छी नींद लेने का सही समय रात का ही है। अक्सर 3 बजे सोने के बाद आपको जल्दी उठना पड़ता है। साथ ही 1 बजे से 3 बजे तक समय बहुत शांतिप्रिय होता है। वहीं 3 बजे बाद शोर होने लगता है। इसलिए नींद में झपकी लेने का सही समय 1 से 3 बजे तक का है।



# कॉफी में डालिए जरा सा मक्खन

आपको यह जानकर जरूर अलग, अजीब और शायद इससे भी ज्यादा कुछ ज्यादा लग रहा हो, लेकिन हां कुछ लोग कॉफी में बटर डालकर भी पीते हैं। हालांकि कॉफी जैसे पेय पदार्थ में मक्खन का स्वाद भले ही बेस्वाद लगे लेकिन इसे पीने के कुछ फायदे जरूर होते हैं। हालांकि दुनिया के कई देशों में खाने और पीने की चीजों में नए प्रयोग कर स्वाद को बढ़ाने के मामले में कॉफी का नाम भी पीछे नहीं है। अगर आप नहीं पीना चाहते तो न सही, लेकिन इससे होने वाले इन 5 फायदों को जरूर जान लिजिए –

- ★ कॉफी में बटर, खास तौर से गाय के दूध से बना मक्खन मिलाकर पीना शरीर में जमे हुए वसा को सक्रिय करता है। यह आपके शरीर के बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम कर मूलभूत वसा और कैलोरी की आपूर्ति करता है।
- ★ यह ओमेगा 3 और आमेगा 6 के साथ-साथ विटामिन-के का भी बेहतरीन स्त्रोत है। इसके अलावा यह हार्ट अटैक के खतरे को भी कम करता है।
- ★ प्रत्येक सुबह कॉफी के साथ मक्खन का सेवन करना आपके शरीर का मोटापा कम करने में मदद करता है। यह पूरा दिन वसा को कम करने में सहायक होता है। प्राकृतिक दूध से बने मक्खन में वसा को कम करने के लिए जरूरी तत्व मौजूद होते हैं।
- ★ कॉफी के साथ मक्खन का यह मिश्रण आपको दिनभर के लिए पर्याप्त एनर्जी देने का कार्य करता है। और सर्दी के दिनों में यह शरीर को ठंड के दुष्प्रभाव से बचाए रखता है।
- ★ यह आपके दिमाग की तरावट के लिए बढ़िया पेय होगा। कॉफी का सेवन दिमाग को सचेत करने में सहायक होता है, वहीं मक्खन मस्तिष्क के अंगों को बेहतर कार्य करने में मदद करता है।

# बासी रोटी खाने से BP सहित 5 अन्य बीमारियों से मिलेगा छुटकारा



अक्सर बासी रोटी बच जाने पर उन्हें फ्राई करके खा लिया जाता है। या उन्हें गर्म करके फिर से लंच के साथ खा लेते हैं। इसके अलावा भी रोटी का अलग -अलग प्रकार से प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन जिन्हें ब्लड प्रेशर की समस्या के साथ अन्य बीमारी जैसे पेट दर्द होना, शरीर का तापमान बढ़ना शरीर के लिए घातक होता है। वहीं अगर बीपी की समस्या हो तो खानपान का अधिक ध्यान रखना होता है। ताकि बीपी कंट्रोल में रहे। क्योंकि बीपी बढ़ने से कई गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। तो आज आपको बताते हैं बासी रोटी खाने के फायदे। शायद आप भी अनजान हो –

- दूध में बासी रोटी मिलाकर खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल होता है। बासी रोटी को 5 से 10 मिनट के लिए दूध में भिगोकर रख दें। 10 मिनट बाद नाश्ते के तरह खा सकते हैं। इससे आपका बीपी कंट्रोल में रहेगा।
- हमारे शरीर का सामान्य तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के करीब होता है। अगर आपकी बॉडी का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहता है तो यह अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके लिए, दूध में भीगी हुई रोटी खाने से तापमान कंट्रोल में रहता है।
- अक्सर कहते हैं बासी खाना नहीं खाना चाहिए। क्योंकि उसमें बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं। लेकिन रोटी में इसका उलट होता है। जी हां, बासी रोटी में जो बैक्टीरिया पनपते हैं वह सेहत के लिए अच्छे होते हैं। इसलिए सुबह बासी रोटी दूध के साथ जरूर खाना चाहिए।
- अगर पेट दर्द से राहत नहीं मिल रहा है तो ऐसे में आप दूध रोटी खा सकते हैं। हालांकि पेट दर्द होने पर डॉक्टर दूध का सेवन करने से मना करते हैं। लेकिन रात को दूध रोटी मिक्स कर खाने से गैस और कब्ज की समस्या से राहत मिलती है।
- शुगर के मरीजों को जरूर दूध-रोटी का सेवन करना चाहिए। नियमित रूप से सेवन करने से शुगर लेवल बैलेंस रहता है।

# चारकोल फेस पैक से पाएं चमकता हुआ चेहरा



खूबसूरती को गोरा करने के लिए इन दिनों चारकोल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। यही वजह है कि इसने मेकअप किट में अपनी जगह बनाई है। इसका उपयोग क्लीन्ज़र, फेस मास्क, स्क्रब और यहां तक कि नहाने के साबुन में किया जाता है। आजकल, लगभग हर कंपनी ने अपने उत्पादों में चमकदार त्वचा के लिए चारकोल का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

**चारकोल फेस मास्कः**

चारकोल फेस मास्क लगाने के बाद सूख जाने पर इसे छील लिया जाता है। इसका त्वचा पर चमक प्रभाव पड़ता है। चारकोल फेस मास्क लगाने से चेहरे की अशुद्धियाँ, तेल और महीन धूल हटती है।

**ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाएंः**

यदि आप ब्लैकहेड्स की समस्या से परेशान हैं, तो ब्लैकहेड्स हटाने वाली पट्टी का उपयोग करें जिसमें सक्रिय कैरोकल है। यह चेहरे में गहराई से प्रवेश करता है और ब्लैकहेड्स को खत्म करता है। इतना ही नहीं, यह चेहरे के नाखूनों से छुटकारा पाने में भी मदद करता है। यह न केवल चेहरे को साफ करता है बल्कि खुले छिद्रों को भी साफ करता है और त्वचा की चमक को बनाए रखता है। सक्रिय चारकोल के बारे में विशेष बात यह है कि यह त्वचा से विषाक्त पदार्थों को आकर्षित करता है, जो विषाक्त पदार्थों के लिए एक चुंबक की तरह है। रात में बिस्तर पर जाने से पहले चारकोल आधारित फेसवॉश का उपयोग करने से चेहरे को अंदर से बाहर तक साफ और तरोताजा कर देगा। चारकोल फेसवॉश से चेहरा साफ करने से रोमछिद्रों से गंदगी, तेल और गंदगी निकल जाएगी और त्वचा साफ और स्वस्थ हो जाएगी।

वास्तव में, कोयला का मतलब कोयला नहीं है। यहां हम सक्रिय चारकोल के बारे में बात कर रहे हैं, जो लकड़ी और नारियल के खोल से बना एक अच्छा पाउडर है और यह त्वचा के साथ-साथ कई बीमारियों में भी बहुत प्रभावी है। स्वस्थ और चमकती त्वचा के लिए सप्ताह में एक बार चारकोल फेस मास्क का प्रयोग करें। तैलीय त्वचा वाली महिलाएं सप्ताह में दो बार इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



# बद्रीनाथ मंदिर कैसे जाएं
## जाने का सबसे अच्छा समय कौन सा है?

बद्रीनाथ मंदिर जिसे बद्रीनारायण मंदिर भी कहा जाता है, उत्तराखंड के बद्रीनाथ शहर में स्थित है, यह राज्य के चार धामों (चार महत्वपूर्ण तीर्थों) में से एक है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ नामक चार तीर्थ-स्थल हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से चार धाम के नाम से जाना जाता है। बद्रीनाथ मंदिर कैसे जाएं और जाने का सबसे अच्छा समय कौन सा है? आपके इन सभी सवालों के जवाब मिलेंगे यही बद्रीनाथ मंदिर जिसे बद्रीनारायण मंदिर भी कहा जाता है, उत्तराखंड के बद्रीनाथ शहर में स्थित है, यह राज्य के चार धामों (चार महत्वपूर्ण तीर्थों) में से एक है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ नामक चार तीर्थ-स्थल हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से चार धाम के नाम से जाना जाता है। बद्रीनाथ लगभग 3,100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से जुड़ी धार्मिक मान्यता है कि, मंदिर में जाने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उन्हें मोक्ष प्राप्त करने में मदद मिलती है। अगर आप भी इस तीर्थ यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो इस लेख के जरिए जानिए बद्रीनाथ से जुड़ी कुछ जरूर जानकारी के बारे में.....

**कहां मौजूद है बद्रीनाथ**

उत्तराखंड के हिमालयी गढ़वाल क्षेत्र के बद्रीनाथ शहर में स्थित, मंदिर समुद्र तल से 10200 फीट की ऊंचाई पर है। मंदिर के ठीक सामने भव्य नीलकंठ चोटी है। मंदिर जोशीमठ से लगभग 45 किमी दूर है, जो कि एक बेस कैम्प भी है। केदारनाथ के आसपास की ये जगह भी हैं बेहद मशहूर, मंदिर के दर्शन करने के बाद इन स्थानों में भी घूमने जरूर जाएं

**मंदिर का इतिहास**

जब इस प्राचीन मंदिर के इतिहास की बात आती है, तो ये कितने वर्ष पुराना है इससे जुड़े कोई पुख्ता तथ्य नहीं हैं। इतिहास की किताबें कहती हैं कि मंदिर वैदिक युग का है जो लगभग 1500 ईसा पूर्व में शुरू हुआ था। मंदिर का उल्लेख कई वैदिक ग्रंथों, पुराणों में मिलता है। यह भी माना जाता है कि मंदिर का निर्माण 9वीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य द्वारा किया गया था, जो एक भारतीय संत थे। वह 814 से 820 तक बद्रीनाथ मंदिर में रहे और उन्होंने केरल के एक नंबूदिरी ब्राह्मण को यहां का मुख्य पुजारी बनने के लिए कहा। आज भी ये परंपरा जारी है।

**घूमने का सबसे अच्छा समय**

बद्रीनाथ का मौसम लगभग पूरे साल ठंडा रहता है। इस जगह पर जाने का पीक सीजन मई से जून और सितंबर से अक्टूबर के बीच होता है। मानसून के मौसम की शुरुआत के साथ, बद्रीनाथ में भारी वर्षा और तापमान में गिरावट देखी जाती है। भारी बर्फबारी के कारण यहां सर्दियों में ठंड बेहद बढ़ जाती है। अधिकतर सर्दियों में तो तापमान माइनस डिग्री तक पहुंच जाता है। इसलिए गर्मी का मौसम इस जगह की यात्रा के लिए परफेक्ट समय है। जिस मौसम में आप यहां यात्रा करने जा रहे हैं, बस इस बात का ध्यान रखें कि आप उस हिसाब के कपड़े जरूर लेकर जाएं।

**कैसे पहुंचे बद्रीनाथ**

हवाई मार्ग सेः जॉली ग्रांट हवाई अड्डा बद्रीनाथ का निकटतम हवाई अड्डा है जो 314 किमी की दूरी पर स्थित है। जॉली ग्रांट हवाई अड्डा रोजाना उड़ानों के साथ दिल्ली से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है और बद्रीनाथ से इस हवाई अड्डे तक गाड़ी चलाने योग्य सड़कें भी अच्छे से जुड़ी हुई है। जॉली ग्रांट हवाई अड्डे से बद्रीनाथ के लिए टैक्सी उपलब्ध हैं।

**रेल द्वाराः** बद्रीनाथ का निकटतम रेलवे स्टेशन ऋषिकेश है। ऋषिकेश रेलवे स्टेशन NH58 पर बद्रीनाथ से 295 किमी पहले स्थित है और भारत के प्रमुख स्थलों के साथ भारतीय रेलवे नेटवर्क द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। ऋषिकेश के लिए ट्रेनें अक्सर चलती हैं और बद्रीनाथ ऋषिकेश के साथ मोटर योग्य सड़कों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, चमोली, जोशीमठ और कई अन्य गंतव्यों से बद्रीनाथ के लिए टैक्सी और बसें उपलब्ध हैं।

**सड़क मार्ग द्वाराः** बद्रीनाथ उत्तराखंड राज्य के प्रमुख स्थलों के साथ मोटर योग्य सड़कों द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट से हरिद्वार, ऋषिकेश और श्रीनगर के लिए बसें उपलब्ध हैं। उत्तराखंड राज्य के प्रमुख स्थलों जैसे देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, ऊखीमठ, श्रीनगर, चमोली आदि से बद्रीनाथ के लिए बसें और टैक्सी आसानी से उपलब्ध हैं। बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग 58 द्वारा गाजियाबाद से जुड़ा हुआ है।

**आज की रेसिपी**

## पेपर सिगार रोल

यह स्वादिष्ट सिगार रोल निश्चित रूप से किसी भी पार्टी में आकर्षक साबित होंगे. यह किसी भी मौके के लिए एकदम सही स्टार्टर रेसिपी हो सकती है। इसे चिल मेयो और शेजवान सॉस के साथ परोसें और सभी की उंगलियां चाटते रह जाएंगे.

**सामग्री :**

- 3 स्प्रिंग रोल शीट
- 10 ग्राम लाल शिमला मिर्च
- 10 ग्राम हरी शिमला मिर्च
- 10 ग्राम पीली शिमला मिर्च
- 5 ग्राम अमेरिकन कॉर्न
- 1 ग्राम काली मिर्च
- 2 ग्राम ब्रॉथ पाउडर
- 1 ग्राम मैगी मसाला

**विधि :**

- सबसे पहले सभी सामग्री लें और सभी को एक साथ मिला लें.
- फिर, स्प्रिंग रोल की तीन शीट लें और मिश्रण को शीट पर रख दें.
- बाद में इन्हें रोल करके फ्रायर या डीप फ्राई कर लें.
- अंत में स्वीट चिली मेयो के साथ शॉट ग्लास में परोसें ताकि वे ज्यादा आकर्षक और प्रस्तुत करने योग्य दिखें.

